जबलपुर

गुरुवार 28 मई 2026

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष –12

वर्ष : 21, अंक : 28

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 43
न्यून. 32

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## अनुराग जैन ने कहा-ऐसी घटनाएं न हों यह कलेक्टर और एसपी की जवाबदारी

# सीएस ने जताई हैरानी... सरकारी अमले पर कोई कैसे चढ़ा सकता है ट्रैक्टर-बाइक

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को अवैध खनन, नरवाई जलाने सहित कई मुद्दों पर जिलों के अफसरों की जमकर क्लास ली। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि कोई भी सरकारी अमले पर ट्रैक्टर और बाइक कैसे चढ़ा सकता है? जैन ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं किसी जिले में न हों, इसकी जवाबदारी कलेक्टर और एसपी की होगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर पुलिस और प्रशासन का खौफ न होना चिंता की बात है। जैन जिलों के कलेक्टर, एसपी, नगर निगम आयुक्त और जिला पंचायत के सीईओ से वर्चुअल संवाद कर रहे थे।

- ▶▶ अवैध खनन समेत कई अन्य मसलों पर अफसरों की ली जमकर क्लास
- ▶▶ कलेक्टर, एसपी, ननि आयुक्त, सीईओ जिला पंचायत से किया वर्चुअल संवाद



मुख्य सचिव जैन अफसरों की बैठक लेते हुए

### नरवाई जलाने पर कलेक्टरों को फटकार

मुख्य सचिव जैन ने नरवाई जलाने की घटनाओं को लेकर जबलपुर और नरसिंहपुर कलेक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात नहीं है, इसमें कमी आने के बजाए ऐसे मामले बढ़े हैं। जैन ने कहा कि किसानों को हार्वेस्टर के बजाए सीडर से कटाई कराने के लिए प्रोत्साहित करें । जैन ने कहा कि अभी गर्मी का मौसम है और सबसे अधिक प्रदूषण मैहर व सिंगरौली जिले में है। जब गर्मी में यह स्थिति है तो ठंड में तो और भी स्थिति बिगड़ेगी।

### कोई सरकारी हैंडपंप को ही कब्जा कर ले, ये तो गजब

बैठक में पेयजल की समीक्षा के दौरान जानकारी सामने आई कि प्रदेश में अलग-अलग जिलों में 104 हैंडपंप निजी लोगों के कब्जे में हैं। मुख्य सचिव जैन ने इस बात पर नाराजगी जताई कि ऐसा कैसे हो सकता है कि कोई सरकारी हैंडपंप को ही कब्जा कर ले। पानी सभी को मिलना चाहिए। संबंधित कलेक्टर ऐसे मामले में जल्द कार्रवाई कर जानकारी देंगे। खरीफ सीजन के लिए खाद वितरण की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव जैन ने कहा कि प्रदेश में खाद का पर्याप्त भंडारण है।

लेकिन, उधर माफिया बाज नहीं आ रहे

## अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल को ट्रैक्टर से कुचला

- ▶▶ गंभीर हालत को देखते हुए बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया
- ▶▶ डॉक्टर बोले-अगले 72 घंटे बेहद अहम


बालाघाट में घायल आरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

बालाघाट में अवैध रेत परिवहन रोकने गए हेड कॉन्स्टेबल पर रेत माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया। घटना मंगलवार देर शाम पलाकामथी इलाके की है। गंभीर रूप से घायल हेड कॉन्स्टेबल राजेश्वर राहंगडाले की दो पसलियां फ्रैक्चर हो गई हैं। आईजी ललित शाक्यवार के मुताबिक अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर प्रधान आरक्षक राहंगडाले और आरक्षक सुनील विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे थे। राजेश्वर राहंगडाले ट्रैक्टर को रोककर उसका वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान माफिया ने हमला किया। गंभीर हालत में घायल प्रधान आरक्षक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें गोंदिया के यूनाइटेड अस्पताल रेफर किया गया। समय पर इलाज के लिए पुलिस ने बालाघाट से गोंदिया तक विशेष कॉरिडोर बनाया। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने बताया कि घायल की स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन पसलियों में फ्रैक्चर और अंदरूनी चोटों के कारण अगले 72 घंटे बेहद अहम हैं।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### 8 लाख में 220 किलो का बकरा, खाता है मेवा



इंदौर। इंदौर में 220 किलो के बकरे 'सुल्तान' की कुर्बानी दी जाएगी। गुलजार कॉलोनी निवासी मोईन खान करीब एक साल पहले सुल्तान को पंजाब से इंदौर लाए थे। सुल्तान को रोज 2 लीटर दूध, 250 ग्राम ड्राइफ्रूट और करीब 10 किलो पत्ते की डाइट दी जा रही है। खान ने बताया कि उन्हें शुरू से ही कुर्बानी के लिए भारी बकरे लाने का शौक रहा है।

यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को जिम्मेदारी देती है

मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह से वैध और संवैधानिक, ये चुनाव आयोग का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी ए स आ ई आ र प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्व वाली बेंच ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाने का अधिकार है।

**शीर्ष कोर्ट ने कहा-** संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजे जाएं

### नागरिकता के आधार पर नहीं हटा सकते नाम

कोर्ट ने कहा कि इस प्रक्रिया में अपनाए गए कदम जरूरत से ज्यादा कठोर नहीं हैं। लोगों को मनमाने तरीके से वोटर लिस्ट से बाहर होने से बचाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए। चुनाव आयोग केवल वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने तक सीमित फैसला ले सकता है। नागरिकता पर अंतिम फैसला नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि अगर किसी का नाम नागरिकता के आधार पर हटाया जाता है, तो उस मामले का अंतिम फैसला सक्षम प्राधिकरण करेगा। दस्तावेजों का वर्गीकरण तर्कसंगत आधार पर किया गया ।

### अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर

देश के 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर हो चुका है। इनमें अब तक कुल 7.41 लाख वोटर्स के नाम कट चुके हैं। दिल्ली में 30 जून से एसआईआर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

उफ! मोबाइल गेम बना 'हत्यारा'

## 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

तड़के 3 बजे तक गेम खेलता रहा और फिर फांसी लगा ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा नगर फेस-टू में 12 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पढ़ा-लिखा नहीं था और उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह मोबाइल पर कोई गेम खेलता था। अनुमान है कि ऑनलाइन गेम के कारण उसने फांसी लगाई है। मोबाइल की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार जाहिद अली, विश्वकर्मा नगर फेस टू निशातपुरा में रहते हैं और बुधवारा में हम्माली करते हैं। उनके तीन बेटे थे। छोटा बेटा रिहान अली 12 साल का था और पढ़ाई नहीं करता था। उसे मोबाइल पर गेम खेलने की लत थी। करीब 12 दिन पहले उसका मोबाइल खराब हो गया। उसने पिता का मोबाइल रखा था और पिता के मोबाइल पर गेम खेलता था। परिजन ने बताया कि मंगलवार तड़के तीन बजे तक वह सोया नहीं था और मोबाइल पर गेम खेल रहा था। परिजन ने उसे जाकर सोने का कहा। वह छत पर बने किचन में पहुंचा और वहीं दरवाजे की लोहे वाली चौखट पर फांसी लगा ली।






सीबीएसई विवाद पर एलओपी राहुल ने केंद्र पर लगाए गंभीर आरोप

# लाखों छात्रों के भविष्य से किया खिलवाड़, परीक्षा परिणाम में भयंकर हेरफेर करने से बच्चों के पालकों को भी लगा सदमा, कंपनी पर भी उठाए सवाल

नीट पेपर लीक का मामला अभी थमा नहीं था कि सीबीएसई को लेकर बवाल शुरू हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नतीजों और डिजिटल मूल्यांकन को लेकर सियासत गरमा गई है। इस पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से सवाल पूछा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीएसई के परीक्षा परिणामों को लेकर उठे विवाद ने अब सियासी रंग ले लिया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सीबीएसई परीक्षा परिणाम में भयंकर हेर-फेर हुई है, जिससे देश के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। राहुल ने वीडियो भी साझा किया, जिसमें वे छात्रों-अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीबीएससी पेपर को लेकर अविश्वसनीय जानकारियां सामने आ रही हैं। उन्होंने कुछ ऐसे दस्तावेज और उदाहरण दिखाए, जिनके आधार पर उन्होंने परीक्षा मूल्यांकन और ऑन-स्क्रीन मार्किंगसिस्टम पर सवाल उठाए।



### एसआईटी जांच की मांग तेज

राहुल ने इस पूरे मामले को सोचा-समझा षड्यंत्र बताते हुए स्वतंत्र न्यायिक जांच और एसआईटी गठन की मांग की है। उन्होंने कहा कि 18.5 लाख छात्रों का भविष्य ऐसी कंपनी के हाथ में सौंप दिया गया, जिसकी कार्यप्रणाली पहले भी विवादों में रही है।

पीएम मोदी से पूछे सवाल

### पुनर्मूल्यांकन में गड़बड़ियों की शिकायतें आईं, बोर्ड बोला- जांच की जा रही




### छात्रों की शिकायतों से बढ़ा विवाद

हाल के दिनों में कई सीबीएसई छात्रों ने आरोप लगाया कि पुनर्मूल्यांकन के दौरान उन्हें जो स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई गईं, उनमें उनकी हैंडराइटिंग तक मेल नहीं खा रही थी। कुछ छात्रों ने सिस्टम में गड़बड़ी और उत्तर पुस्तिकाओं के गलत मिलान की शिकायत भी की। इस मुद्दे ने सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद खड़ा कर दिया, जिसके बाद विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। हालांकि सीबीएसई ने कहा है कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और जांच की जा रही है।

### सीओईएमपीटी और ग्लोबरेना को ठेका किसने दिया?

राहुल ने आरोप लगाया कि मूल्यांकन कार्य से जुड़ी कंपनी सीओईएमपीटी पहले ग्लोबरेना नाम से काम करती थी और साल 2019 में तेलंगाना बोर्ड परीक्षा विवाद में भी उसका नाम सामने आया था। उन्होंने कहा कि नाम बदल गया, लेकिन नीयत और फितरत वही रही। राहुल ने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट किसके कहने पर दिया गया और क्या इस प्रक्रिया में नियमों को नजरअंदाज किया गया। यह कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए कौन-कौन से नियमों को नजरअंदाज किया गया?

## खबर संक्षेप


### ममता को झटका, सांसद काकोली का इस्तीफा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया हैं। घोष दस्तीदार को बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता की पार्टी ने लोकसभा सचेतक के पद से हटा दिया था। माना जा रहा है कि इस फैसले के बाद से ही वह नाराज चल रही थीं। वे टीएमसी नहीं छोड़ रही हैं।



### त्रिभाषा पर केंद्र और एनसीईआरटी जवाब दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक याचिका पर विचार करने पर सहमति जताई है। इस याचिका में सीबीएसई की उस पॉलिसी को चुनौती दी गई है, जिसके तहत 1 जुलाई से शुरू होने वाला सत्र से 9वीं क्लास के छात्रों के लिए तीन भाषाओं, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं शामिल हों, की पढ़ाई अनिवार्य कर दी गई है।




### नबीन का 3 दिवसीय उत्तराखंड का दौरा आज से

**नई दिल्ली।** भजापा अध्यक्ष नितिन नबीन 28 मई से उत्तराखंड के 3 दिनी दौरे पर रहेंगे। वे संगठन से जुड़ी कई अहम बैठकों में हिस्सा लेंगे और वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह दौरा30 मई तक चलेगा, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी रणनीति पर विशेष फोकस रहेगा।



### सावंतवाड़ी स्टेशन का नाम अब मधु दंडवते होगा

**मुंबई।** सीएम देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने सावंतवाड़ी रेलवे स्टेशन का नाम कोंकण रेलवे के जनक और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय मधु दंडवते के नाम पर रखने को मंजूरी दी। स्वर्गीय दंडवते को कोंकण रेलवे का जनक माना जाता है। केंद्र सरकार ने पहले ही मंजूरी दी थी।



## एसआईआर : सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर तमाम सियासी दलों ने दी प्रक्रियाएं

भाजपा ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, सुधांशु बोले

# विपक्ष का चेहरा बेनकाब हो गया, कांग्रेस इतनों दिनों से करती रही मात्र दुष्प्रचार

### सर्वोच्च न्यायालय ने संपूर्ण विपक्ष के फैसलों और आरोपों की पोल खोल दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उनके आरोपों की पोल खोल दी है। यह प्रतिक्रिया उस समय आई जब सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को वैध और संवैधानिक करार दिया। पार्टी सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूर्णतः संविधान सम्मत घोषित कर दिया है। बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक दृष्टि से करारी हार मिलने के बाद, अनर्गल बयानों और अफवाहों के बावजूद जनता से किसी भी प्रकार का समर्थन न मिलने के पश्चात मुझे लगता है कि अब विपक्ष, खासकर कांग्रेस पार्टी, नैतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर भी पूरी तरह पराजित हो चुकी है। लोकतंत्र की सभी संस्थाओं पर अपनी अकर्मण्यता और राजनीतिक अक्षमता को छिपाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप, लांछन और अपमान का जो खेल खेला जा रहा था, वह आज पूरी तरह निष्फल साबित हो गया है।

चुनावों में विपक्ष ने गलत नैरेटिव फैलाया

आयोग ने विधि के अनुसार काम किया



### विपक्ष की संवैधानिक धरातल पर हार हुई

त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि राजनीतिक पराजय के बाद और देश में अराजकता-अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस पार्टी की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढंकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज सर्वोच्च न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हो गया।




### राहुल और विपक्ष बेनकाब हो गया: भंडारी

फैसले के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस बेनकाब हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को कानूनी और संवैधानिक घोषित कर दिया है।उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी शुरू से ही इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे थे क्योंकि कांग्रेस अवैध मतदाताओं के साथ खड़ी थी।



### लोकतंत्र पर अनावश्यक सवाल न उठाएं: कोहली

भाजपा के वरिष्ठ नेता नलिन कोहली ने कहा कि चुनाव आयोग समय-समय पर मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन रखने के लिए इस तरह की एसआईआर चलाता है। चुनाव आयोग इसी संवैधानिक जिम्मेदारी को निभा रहा है। आयोग को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। अनावश्यक सवाल नहीं उठाना चाहिए।




### चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया:अश्विनी

इस फैसले पर अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें 'मत चोरी' के दावे भी शामिल थे। हमने कोर्ट में कहा था कि एसआईआर प्रक्रिया हर पांच साल में होनी चाहिए। चुनाव आयोग को जबरन बदनाम किया गया।

### मतदाताओं के अधिकारों का हनन न हो: कांग्रेस

बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि एसआईआर करने की जल्दबाजी में मतदाताओं को उनके मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के द्वारा वाजिब मतदाताओं की हकमारी न हो और इस प्रक्रिया के तहत एक भी वैध मतदाता के अधिकारों का हनन न हो।



### टीएमसी ने दुरुपयोग पर उठाए थे सवाल: सौगत

टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि उनकी पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करती है, क्योंकि अदालत का फैसला ही कानून होता है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस ने कभी एसआईआर प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा, बल्कि उसके कथित दुरुपयोग पर सवाल उठाए थे।



## केरल में ईडी की कार्रवाई पर बवाल

# विजयन के समर्थकों ने अफसरों को घेरा, गाड़ियों में तोड़फोड़ की






एजेंसी ने 10 ठिकानों पर मारा छापा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

यहां पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष पिनाराई विजयन के आवास के बाहर उस वक्त भारी हंगामा मच गया, जब सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया। 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' (सीएमआरएल) मामले में केरल के 10 ठिकानों पर एजेंसी द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया था।भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया है। विजयन के बेकरी जंक्शन स्थित किराए के आवास के बाहर जमकर हंगामा हुआ। ईडी अधिकारियों ने विजयन के आवास पर छापा पूरा कर लिया था और जब वे वहां से निकल रहे थे, तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वाहनों को रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आरोप है कि काफिला निकलने से पहले सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं ने ईडी के 3वाहनों को नुकसान पहुंचाया और उन पर पत्थर फेंके।

### ईडी के खिलाफ नारेबाजी भी की

बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह ईडी की तलाशी शुरू होने के बाद से ही पिनराई विजयन और उनके परिवार के सदस्य घर के अंदर मौजूद थे। तलाशी अभियान के बीच बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता आवास के बाहर जमा हो गए और केंद्र की भाजपा नीत सरकार तथा ईडी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य गेट के जरिए परिसर में घुसने की भी कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया।

### ईडी ने कई जगहों पर ली तलाशी

ईडी ने केरल में जांच के तहत कई जगहों पर तलाशी ली है, जिनमें विजयन, उनकी बेटी वीणा विजयन और राज्य के पूर्व मंत्री व दामाद पीए मोहम्मद रियास के घर शामिल हैं। इन तलाशी अभियानों ने तुरंत ही एक राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया, जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने लगे। सीपीआई (एम) के महासचिव एमए बेबी ने इन छापों की कड़ी निंदा की और आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार जांच एजेंसियों के ज़रिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है। एक बयान में, पार्टी ने कहा कि इन छापों का मकसद विजयन और सीपीआई (एम) को डराना है।

## अब पटियाला में सामने आया मामला

# नीले ड्रम में मिली लड़की की लाश, इलाके में फैली सनसनी

एजेंसी ▶▶ पटियाला

यहां की रेलवे कॉलोनी में एक नीले ड्रम में युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर राजेंद्रा अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है।थाना अर्बन एस्टेट से मामले के जांच अधिकारी एएसआई गुरविंदर सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह एक फोन कॉल से पुलिस को सूचना मिली थी। डीसीडब्ल्यू पुल के पास कूड़े के ढेर पर एक नीले रंग का ड्रम पड़ा था। इसमें किसी लाश के होने की आशंका जताई गई थी। पुलिस टीम ने ड्रम से लाश को बाहर निकाला। यह लाश 15 से 20 साल की लड़की की थी। जिसके बाद फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक सबूत जुटाए। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।



### पीएम मोदी से 12 साल बाद मिले सीएम विजय



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात सेवा तीर्थ में हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नकी तस्वीरें साझा की हैं। माना जा रहा है औपचारिक बातचीत के बाद तमिलनाडु के विकास पर चर्चा की है। कहा गया है कि सीएम विजय की पीएम मोदी से यह मुलाकात 12 साल बाद हुई है और सीएम बनने के बाद पहली बार हुई है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को मंजूरी दी

# सरकार ने पीडीएस को आधुनिक बनाने 25,530 करोड़ मंजूर किए

### 5 साल के लिए लागू, 80 करोड़ नागरिकों को मिलेगा लाभ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राशन दुकानों को समर्थन देने और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को आधुनिक बनाने के लिए 25,530 करोड़ की सार्थक पीडीएस योजना योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना मार्च 2031 तक पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को यह जानकारी दी। मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस बड़े कदम का सीधा और सकारात्मक असर देश के उन 80 करोड़ नागरिकों पर पड़ेगा।



### पहला चरण

पहले चरण में सार्थक-योजना के साथ राज्य के भीतर खाद्यान्न परिवहन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता दी जाएगी। दुकानों के लिए समर्थन का प्रावधान होगा।

### दूसरा चरण

पीडीएस को आधुनिक बनाने स्मार्ट पीडीएस चरण के तहत तीन प्रमुख एआई-सक्षम मॉड्यूल का इस्तेमाल किया जाएगा।

**निर्मल:** एआई-संचालित वास्तविक समय पीडीएस लाभार्थी रजिस्ट्री। अंतर-मंत्रालय एकीकरण और क्रॉस-स्कीम अभिसरण।

**आशा:** कॉल, व्हाट्सएप, आईवीआरएस और चैटबॉट के माध्यम से बहुभाषी एआई शिकायत निवारण और नागरिक सहभागिता मंच। प्रतिदिन 3 लाख इंटरैक्शन तक स्केलेबल।

असम में यूसीसी बिल पास

# लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य व बहुविवाह पर लगेगा बैन

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम विधानसभा ने बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पारित कर दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसके साथ ही असम पूर्वोत्तर का पहला राज्य और उत्तराखंड और गुजरात के बाद भाजपा शासित तीसरा राज्य बन गया है जिसने इस तरह का कानून पारित किया है। विपक्ष के हंगामे के बीच विधेयक पारित हो गया। विपक्ष ने मांग की थी कि इस विधेयक को चयन समिति के पास भेजा जाए। 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक यूसीसी विधेयक था। अब लिव-इन रिलेशनशिप का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा और बहुविवाह पर बैन लग जाएगा।

### अब यह भाजपा शासित तीसरा राज्य बना

### मुख्यमंत्री सरमा ने जाहिर की खुशी

विधेयक पारित किए जाने पर मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज मुझे आपको यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि विधानसभा ने समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पारित कर दिया है। उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम समान नागरिक संहिता अपनाने वाला तीसरा राज्य होगा। समान नागरिक संहिता को अपनाना हमारे चुनावी घोषणापत्र में शामिल प्रतिबद्धताओं में से एक था। हमें अत्यंत प्रसन्नता और गर्व है कि चुनाव के तुरंत बाद पहले सत्र में ही हम इस ऐतिहासिक विधेयक को पारित करने में सफल रहे। मैं अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने के लिए मैं विधानसभा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूं।



## मई के अंतिम हफ्तों तक गर्मी का स्तर जबरदस्त स्तर पर पहुंचा

# मानसून को लेकर गलत हो रहा मौसम विभाग का पूर्वानुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अप्रैल से मई के अंतिम हफ्तों तक गर्मी का स्तर जबरदस्त स्तर पर पहुंच चुका है। खासकर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में, जहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने लगा है। राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार तक के जिलों में पारा लगातार ऊंचा है। भले ही इस बीच पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में कहीं-कहीं मौसम में बदलाव और मानसून के आने से पहले आने वाली हवाओं-बारिश के चलते तापमान थोड़ा कम हुआ, लेकिन एक मौसम प्रणाली ने भारत के साथ पूरी दुनिया का डर कायम रखा है। 2 मौसम प्रणालियों ने पूर्वानुमान को प्रभावित किया है।

### मौसम प्रणाली ने भारत के साथ पूरी दुनिया को डरा रखा

कुछ भागों में तापमान में आई गिरावट







### अल-नीनो समुद्र की सतह को गरमा रहा

अल-नीनो की स्थिति तब रिकॉर्ड होती है, जब भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के केंद्रीय और पूर्वी हिस्से में समुद्र की सतह का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। हवाएं समुद्र के गर्म पानी को पश्चिम की ओर धकेलती हैं।

### इसलिए बारिश का सामान्य पैटर्न बदल रहा

महासागर के तापमान और हवाओं की दिशा में होने वाले इस बदलाव का दुनिया भर के मौसम और वायुमंडल से जुड़ी प्रणालियों पर गहरा असर पड़ता है। यह वैश्विक स्तर पर हवाओं के तंत्र और बारिश के पैटर्न को पूरी तरह से बदल देता है।

### अल-नीनो, ला-नीना ने किया प्रभावित

दुनिया में आमतौर पर दो मौसम प्रणालियों की चर्चा हमेशा से रही है। पहली- अल-नीनो और दूसरी ला-नीना की। महासागरों में तापमान पर नजर रखने वाले वैज्ञानिक इन्हीं दोनों प्रणालियों के आधार पर यह अनुमान लगाते हैं कि आखिर इस बार कौन से देश भीषण गर्मी का सामना करेंगे और कौन से क्षेत्रों में वर्षा और ठंड की स्थिति बेहतर होगी। अल-नीनो एक स्पैनिश भाषा का शब्द है, जिसका शाब्दिक अर्थ है- लिटिल बॉय यानी छोटा लड़का।

फारस की खाड़ी में स्थित दास आइलैंड एक्सपोर्ट प्लांट से गैस लोड की

## ट्रैकिंग सिग्नल बंद कर लोड किया एलएनजी

# होर्मुज से सुरक्षित निकला भारत के लिए गैस लेकर आ रहा टैंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी का लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) ले जा रहा एक और बड़ा टैंकर दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर चुका है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार इस गैस शिपमेंट की अगली मंजिल भारत है। कंपनी द्वारा संचालित टैंकर उम अल अश्तान ओमान के मस्कट शहर के उत्तर-पश्चिम में दोबारा देखा गया है। यह टैंकर पूरी तरह से एलएनजी गैस से लोड है और इसकी मंजिल भारत है।

### पोजीशन ब्रॉडकास्ट सिग्नल बंद रखा

इस जहाज ने 2 मई 2026 के आसपास अपना ट्रैकिंग सिग्नल भेजना बंद कर दिया था। उस समय यह खाली था और होर्मुज के पूर्वी मुहाने के पास खड़ा था। इस दौरान इस जहाज ने फारस की खाड़ी में स्थित एडनॉक के दास आइलैंड एक्सपोर्ट प्लांट से गैस लोड की।




## भारत बनाएगा अगली पीढ़ी के स्वदेशी स्टील्थ फाइटर जेट, राफेल से भी होगा ताकतवर

# रक्षा मंत्रालय ने प्रोजेक्ट के लिए जारी किया 'रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल', 3 कंपनियों को भेजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब खुद अगली पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट बनाने की तैयारी में जुट गया है। इसी दिशा में रक्षा मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाते हुए एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल यानी आरएफपी जारी कर दिया है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की ओर से यह प्रस्ताव तीन बड़े भारतीय डिफेंस कंसोर्टियम और कंपनियों को भेजा गया है, जिनमें जिनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-भारत अर्थ मूवर्स लि. शामिल हैं। यह सिर्फ एक आरएफपी नहीं बल्कि भारत के स्वदेशी पांचवी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट प्रोगाम की शुरुआत का सबसे बड़ा औद्योगिक चरण माना जा रहा है। जिसे भविष्य की एयर डोमिनेंस और डीप स्ट्राइक मिशन को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जा रहा है। जिसके 2030 के मध्य से भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता की रीढ़ बनने की उम्मीद है।

### यह कदम सबसे बड़े औद्योगिक चरण की शुरूआत

1 भारत की हवाई ताकत में बड़ा इजाफा होगा

2 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन मजबूत होगा


नई पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट की डिजाइन

### दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देने में सक्षम

यह एक दो इंजन वाला स्टील्थ लड़ाकू विमान होगा, जिसमें उन्नत सेंसर प्रणाली, लो रडार क्रॉस सेक्शन, अंदरूनी हथियार रखने की सुविधा, आधुनिक एईएसए रडार, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक और नेटवर्क से जुड़ी युद्ध क्षमता जैसे आधुनिक फीचर्स होंगे। नया विमान दुश्मन के एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देकर लंबी दूरी तक सटीक निशाना करने में सक्षम होगा।

### शक्तिशाली इंजन विकसित कर रहा भारत

इस प्रोजेक्ट का एमके-1 वर्जन विदेशी इंजन के साथ आ सकता है, जबकि भविष्य के एके-2 वेरिएंट में पूरी तरह स्वदेशी इंजन लगाने की योजना है, जिस पर सैन्य अनुसंधान और विकास संस्थान-डीआरडीओ और भारतीय इंडस्ट्री मिलकर काम कर रही हैं। इसके अलावा भारत ने एक फ्रांसीसी कंपनी के साथ मिलकर 110-120 केएन क्षमता का शक्तिशाली इंजन विकसित करने का फैसला किया है। यही इंजन भविष्य के स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगाया जाएगा। इस कदम से भारत की रक्षा तकनीक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगी और विदेश पर निर्भरता कम होगी।

### विश्व में चौथा देश होगा भारत

एएमसीए प्रोग्राम का उद्देश्य सिर्फ एक फाइटर जेट बनाना नहीं बल्कि भारत को अमेरिका, रूस और चीन जैसे देशों की श्रेणी में खड़ा करना है, जिनके पास अपनी पांचवीं पीढ़ी की लड़ाकू विमान क्षमता मौजूद है । इसके साथ ही यह प्रोजेक्ट भारत के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम, निजी क्षेत्र की भागीदारी और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को भी नई मजबूती देगा।

### स्वदेशी रक्षा तकनीक को बढ़ावा देने की अपील

पिछले शनिवार को एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा था कि 'आत्मनिर्भर भारत' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी रणनीतिक आवश्यकता है। उन्होंने रक्षा उपकरणों की डिजाइन से लेकर डिलीवरी तक की प्रक्रिया को तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

## भारत-कनाडा के बीच बनी सहमति

# 50 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य, सीईपीए वार्ता भी शीघ्र होगी


एजेंसी ▶▶ टोरेंटो

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और कनाडा ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने और वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) वार्ता को संपन्न करने के अपने साझा लक्ष्य की पुष्टि की है।

टोरंटो के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में ग्लोबल अफेयर्स कनाडा, सीआईआई और एसोचैम द्वारा आयोजित कनाडा-भारत बिल्डिंग ब्रिजेज कार्यक्रम में उन्होंने इस वर्ष नवंबर में भारत के लिए टीम कनाडा व्यापार मिशन की घोषणा की। प्रस्तावित मिशन का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, परमाणु ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, डिजिटल अवसंरचना और उन्नत विनिर्माण जैसे सेक्टरों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए कनाडाई कंपनियों को भारत लाना है।

### कनाडाई कंपनियों को भारत आने का न्योता

*पीयूण गोयल ने टोरंटो में वरिष्ठ कनाडाई व्यापारिक नेताओं और संस्थागत निवेशकों के साथ उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और कार्यनीतिक सेक्टरों में निवेश और प्रौद्योगिकी साझेदारी को बढ़ावा देना था। पीयूष गोयल और कनाडा के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के बीच अनौपचारिक बातचीत हुई। इसके बाद दोनों मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में कनाडा-भारत निवेश गोलमेज सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में कनाडा के प्रमुख वित्तीय निवेशकों, जिनमें पेंशन फंड और बैंक शामिल थे, के साथ-साथ भारत और कनाडा दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*




## भारत से मंगोलिया पहुंचेगा बौद्ध धरोहर का संदेश

# पवित्र अवशेषों की उलानबटार में विशेष 'प्रदर्शनी' होगी आयोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, इंटरनेशनल बौद्ध कन्फेडरेशन (आईबीसी) और नई दिल्ली के नेशनल म्यूजियम के सहयोग से भगवान बुद्ध के प्रमुख शिष्यों अर्हत सारिपुत्र और अर्हत मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेषों की एक विशेष प्रदर्शनी मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित की जाएगी। यह आयोजन 1 से 10 जून तक गंडेन मठ में होगा। यह पहल भारत और मंगोलिया के बीच गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों की कड़ी है।



### पीएम ने किया था ऐलान

*पीएम मोदी ने 14 अक्टूबर 2025 को ऐलान किया था कि भगवान बुद्ध के दो महान शिष्यों सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन के पवित्र अवशेष भारत से मंगोलिया भेजे जाएंगे। यह कदम दोनों देशों के बीच बौद्धिक और धार्मिक संबंधों को और गहरा करेगा। बौद्ध परंपरा में सारिपुत्र और मौद्गल्या-यन को भगवान बुद्ध के सबसे प्रमुख शिष्यों में माना जाता है।*

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिए निर्देश

# सीमावर्ती जिलों के लिए बनेगा सुरक्षा ग्रिड, सबकी भागीदारी करें सुनिश्चित

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के बीकानेर में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रत्येक सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने का निर्णय लिया गया।

इस एकीकृत प्रयास में स्थानीय नागरिकों, राज्य सरकार की मशीनरी और सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सीमा प्रबंधन को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाया जा सके।



### 15 किमी दायरे में अवैध निर्माण हटाएं

*अमित शाह ने अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से 0-15 किलोमीटर के दायरे में हो रहे अवैध निर्माणों को जमींदोज करने के निर्देश दिए।*

### ईरान में फंसे 10 भारतीय नाविक रिहा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के डायरेक्टरेट जनरल ऑफ शिपिंग ने एमवी हार्बर फिनिक्स में मौजूद 10 भारतीय नाविकों की सफल रिहाई का ऐलान किया है। ये नाविक जुलाई 2025 में ईरान के जस्क पोर्ट के पास जहाज रोके जाने के बाद हिरासत में लिए गए थे और बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया था। करीब 9-10 महीनों बाद ये रिहा हुए। सभी नाविक अब सुरक्षित हैं और जल्द ही उनकी भारत वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एमवी हार्बर फिनिक्स, 'पलाऊ' के झंडे वाला एक ऑयल टैंकर है।

## तटरक्षक बलों ने समुद्र के रास्ते ड्रग्स तस्करी की कोशिश नाकाम की

# 1150 करोड़ की 115 किलो कोकीन जब्त, 3 विदेशी अरेस्ट, एक फरार

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के मुंद्रा तट के पास भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बड़े संयुक्त ऑपरेशन में करीब 1,150 करोड़ रुपए मूल्य की 115 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि यह ऑपरेशन 25 और 26 मई की दरम्यानी रात को चलाया गया। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने कहा कि गुजरात को ड्रग्स का गेटवे नहीं बनने देंगे।

ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी


एमवी यूरोप जहाज से जब्त कोकीन

### एमवी यूरोप जहाज पर दिखी थीं संदिग्ध गतिविधियां

भारतीय तटरक्षक बल की इंटरसेप्टर नौकाओं ने मुंद्रा तट से करीब पांच नॉटिकल मील दूर खड़े एक कंटेनर जहाज एमवी यूरोप पर संदिग्ध गतिविधियां देखी गईं। टीम ने देखा कि जहाज से कुछ बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। जब इन बैगों की जांच की गई तो उनमें सफेद रंग का पाउडर मिला। कुल 115 पैकेट बरामद हुए, जिनका वजन लगभग एक-एक किलो था। शुरुआती जांच में इस पदार्थ की पहचान कोकीन के रूप में हुई। बरामद की गई कुल कोकीन का वजन करीब 115 किलो है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,150 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### जहाज कई देशों से होता हुआ भारत पहुंचा

*जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी। इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है।*

### संदिग्ध जहाज बंदरगाह लाया गया

*संदिग्ध कंटेनर जहाज को आगे की जांच के लिए बंदरगाह पर लाया गया है। फिलहाल भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस और अन्य एजेंसियां मिलकर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रग्स की खेप कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। पिछले पांच वर्षों में भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया यह 15वां सफल एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशन है।*




| संव्यवहार की कुल राशि | संव्यवहार का प्रकार |
| --- | --- |
| ₹1 लाख या उससे अधिक | क्रेडिट कार्ड बिल का नगद में भुगतान |
| ₹2 लाख से अधिक | माल खरीदने या किसी प्रकार की सेवा के लिए किसी व्यक्ति द्वारा नकद प्राप्ति |
| ₹30 लाख या उससे अधिक (या स्टाम्प मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा ₹30 लाख या उससे अधिक मूल्यांकित) | अचल संपत्ति की खरीद या बिक्री |
| ₹50 लाख या उससे अधिक | वित्तीय वर्ष में व्यक्ति के एक या अधिक चालू खातों में नकद जमा / निकासी |
| ₹10 लाख या अधिक (वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान व्यक्ति के संबंध में किसी भी समय में एक बार या कुल) | बैंक ड्राफ्ट / पे ऑर्डर / बैंकर्स चैक / भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्री-पेड इंस्ट्रूमेंट के क्रय हेतु किया गया नकद भुगतान |
| | एक या अधिक खातों में नकद जमा (चालू खाते तथा सावधि जमा से भिन्न) |
| | सावधि जमा |
| | क्रेडिट कार्ड के बिल का नकद के अलावा किसी अन्य विधि से भुगतान |
| | म्युचुअल फंड की एक या अधिक योजनाओं के यूनिट, कम्पनी द्वारा जारी बॉण्ड्स / डिबेंचर्स / शेयर अर्जित करने के लिए किसी व्यक्ति से प्राप्ति |
| | किसी व्यक्ति से शेयरों की पुनः खरीद |
| | विदेशी मुद्रा की बिक्री के लिए प्राप्ति |

## चिंतन

# एसआईआर आयोग का हक व निष्पक्षता के लिए जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कुछ गलत नहीं किया और उसे यह कराने का पूरा अधिकार है। बिहार की मतदाता सूची के एसआईआर का आदेश देकर आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का भी कोई उल्लंघन नहीं किया। अदालत ने तीन सवालों की जांच की थी। क्या निर्वाचन आयोग के पास एसआईआर कराने की शक्ति है, क्या एसआईआर के तहत की गई जांच किसी वैध उद्देश्य पर आधारित है, और क्या अपनाई गई प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के पक्ष में निर्वाचन आयोग के तर्कों से सहमति जताई। कोर्ट ने दो टूक कहा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हुई है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों में सहायता मिली है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वे सभी नैरेटिव ध्वस्त कर दिए हैं, जो एसआईआर के खिलाफ फैलाए जा रहे थे। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि एसआईआर मतदाता सूचियों में नाम हटाने की चरणबद्ध प्रक्रिया, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर शामिल था। असल में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से राजनीतिक था। विरोध कर रहे पक्ष ने कभी यह सवाल नहीं उठाया कि आयोग के किस कदम से एसआईआर की प्रक्रिया में गलत हो रहा है। वह आयोग के हर आंकड़े को अपने हिसाब से मनमाना बताने की कोशिश करता रहा। विपक्ष ने कई बार ऐसे तथ्य कोर्ट में पेश किए, जो पूरी तरह गलत थे। इस पर कोर्ट ने नाराजगी भी जताई। विपक्ष की शंकाओं का समाधान करने के लिए कोर्ट ने केवल पहचान पत्रों की संख्या बढ़ाई, बल्कि आयोग को वे सुरक्षा उपाय भी शामिल करने को कहा जिनकी मांग विपक्ष की ओर से की गई। असलियत तो यह थी कि विपक्ष ने कभी एसआईआर की शुद्धता पर जोर नहीं दिया। उसकी कोशिश पहले दिन से ही एसआईआर को रद्द कराने की रही। एसआईआर बहुत बड़ी प्रक्रिया है और करोड़ों लोगों का डाटा शुद्धता से मैच करना आसान नहीं है। हो सकता है उसमें कोई कमी रह जाए, लेकिन उसे ठीक कराने का विकल्प हर मतदाता के पास मौजूद था। विरोधाभासी तथ्य यह रहा कि खुद विपक्षी नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते रहे और जब उसे ठीक करने की कोशिश हुई तो उसे रोकने में लग गए। सर्वोच्च अदालत ने साफ कर दिया कि एसआईआर संविधान की ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य संविधान द्वारा संरक्षित उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है। इस फैसले ने अन्य राज्यों में शुरू होने जा रही एसआईआर प्रक्रिया पर भी मुहर लगा दी है। यह फैसला बिहार में एसआईआर को लेकर है, लेकिन इसका असर अन्य राज्यों संबंधित विवादों पर भी नजर आएगा। पश्चिम बंगाल में अनेक लोगों का नाम अंतिम मतदाता सूची ने नहीं आ सका था, इस मामले पर भी सुनवाई चल रही है। विपक्ष ने जोर-शोर से अपने समर्थकों के नाम काटने का आरोप लगाया था, लेकिन अब बंगाल में सरकार बदलने के बाद जिस तरह से बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों का जमावड़ा वापस जाने के लिए लगा हुआ है, वह चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में घुसपैठियों नाम काटने के कदम की पुष्टि ही करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम नागरिकता की पुष्टि न होने की वजह से कटें है, वह उनका ब्योरा संबंधित विभाग को दे ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो सके।



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# एफटीए, सरल कानून से बढ़ेंगे रोजगार

**इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रहा है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते युवाओं के रोजगार व विकास को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं और इससे नए अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी।

इन चार श्रम संहिताओं-मज़दूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार को मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण घटती हुई विकास दर को थामने तथा विकास दर को बढ़ाने के मद्देनजर भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और एफटीए की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। इसी तरह पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों- संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। नार्डिक देशों की कई बड़ी कंपनियों में से कई कंपनियां पहले से ही भारत में काफी अधिक निवेश कर चुकी हैं और उनका भारत में कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर के आसपास है। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले माह 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। न्यूजीलैंड के



साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है।

अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। निश्चित रूप से भारत के बढ़ते हुए व्यापार समझौतों के अत्यधिक सकारात्मक परिदृश्य के बीच भारत में लागू नए सरल श्रम कानूनों की नई लाभप्रद अहमियत दिखाई दे रही है। नए श्रम कानूनों से व्यापार समझौतों का प्रभावी रूप से लाभप्रद क्रियान्वयन होगा। नए श्रम कानूनों से श्रमिकों की सुरक्षा में वृद्धि और बेहतर रोजगार ढांचे के लिए नियमों का आधुनिकरण उभर कर दिखाई दे रहा है। वहीं, इनसे उद्योग-कारोबार को रफ्तार मिलेगी। ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। ये नई श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी शक्ति व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगी, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। निसंदेह, नई श्रम संहिताओं ने श्रम नियमों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच प्रदान की जाना भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। इससे देश श्रमिकों के कल्याण के साथ उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह



# बचत और खर्च में असंतुलन से बढ़ रही आर्थिक मुश्किलें

वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है। पश्चिम एशिया में लगातार बने तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, रुपये पर दबाव और महंगाई की मार ने आम भारतीय परिवारों के बजट को प्रभावित किया है। चिंता की बात केवल बाहरी आर्थिक परिस्थितियां नहीं हैं। असली चुनौती यह है कि भारतीय समाज, विशेषकर युवा और मध्यम वर्ग, धीरे-धीरे बचत की परंपरा से दूर होता जा रहा है और कर्ज आधारित उपभोग की आदतों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत परंपरागत रूप से बचत प्रधान समाज रहा है। परिवारों में कम आय के बावजूद भविष्य के लिए कुछ न कुछ बचाने की प्रवृत्ति रही है। बच्चों की पढ़ाई, बेटी की शादी, बीमारी, बुढ़ापा और आकस्मिक जरूरतों को ध्यान में रखकर लोग अपनी आय का एक हिस्सा अलग रखते थे। अब उपभोग की बदलती संस्कृति, आसान कर्ज, क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन, नो-कॉस्ट ईएमआई और फिनटेक ऐप्स ने खर्च करने की आदतों को बदल दिया है। पहले लोग जरूरत पड़ने पर कर्ज लेते थे, अब सुविधा और दिखावे के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि आय की वृद्धि उतनी तेज नहीं है, जितनी तेजी से खर्च और कर्ज की किस्तें बढ़ रही हैं। कई परिवारों की मासिक आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल, किराया, बच्चों की फीस, इलाज, बिजली, यात्रा और दैनिक खर्चों में चला जाता है। इसके बाद बचत के लिए बहुत कम पैसा बचता है। परिणामस्वरूप परिवार की आर्थिक सुरक्षा कमजोर होती जाती है। किसी बीमारी, नौकरी छूटने, व्यवसाय में नुकसान या अचानक आए बड़े खर्च की स्थिति में ऐसे परिवार तुरंत कर्ज के जाल में फंस जाते हैं। मध्यम वर्ग इस दबाव को सबसे अधिक महसूस कर रहा है। इस वर्ग की आकांक्षाएं बड़ी हैं, लेकिन आय सीमित है। आमदनी का बड़ा हिस्सा जरूरी और गैर-जरूरी खर्चों में बंट जाता है। खर्च के पैटर्न में भी बड़ा बदलाव आया है। पारंपरिक घरेलू खर्चों की जगह अब बाहर खाना, प्रोसेस्ड फूड, ऑनलाइन खरीदारी, महंगे मोबाइल, गैजेट्स, फैशन, मनोरंजन और यात्राओं पर खर्च बढ़ा है। विदेश यात्राओं और महंगी जीवनशैली को सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाने लगा है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन इस असंतुलन के सबसे बड़े कारणों में हैं। क्रेडिट कार्ड सुविधा देता है, लेकिन अनुशासन न हो तो वही सुविधा महंगा बोझ बन जाती है। यदि समय पर पूरा भुगतान न किया जाए, तो ब्याज और दंड शुल्क मिलकर कर्ज को कई गुना बढ़ा देते हैं। इसी तरह पर्सनल लोन तुरंत राहत देता है, लेकिन ऊंची ब्याज दर के कारण लंबे समय तक आय पर दबाव बनाए रखता है। कई युवा बिना दीर्घकालिक योजना के छोटे-छोटे खर्चों के लिए भी कर्ज लेने लगे हैं। इससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता धीरे-धीरे कम होती जाती है। आर्थिक दबाव का असर केवल बैंक खाते तक सीमित नहीं रहता। यह मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है।

जब व्यक्ति कर्ज चुकाने में असमर्थ होता है, तो तनाव, अवसाद, झुंझलाहट और पारिवारिक कलह बढ़ने लगती है। सबसे पहले व्यक्ति को अपनी आय और खर्च का स्पष्ट हिसाब रखना चाहिए। हर परिवार को मासिक बजट बनाना चाहिए और खर्चों को तीन श्रेणियों में बांटना चाहिए-जरूरी खर्च, उपयोगी खर्च और दिखावटी खर्च। "पहले बचत, फिर खर्च," की प्रवृति विकसित करने की जरुरत है। वेतन या आय प्राप्त होते ही कम से कम 10 प्रतिशत राशि बचत या निवेश के लिए अलग रखनी चाहिए। इसलिए बचत को खर्च के बाद बचा हुआ पैसा नहीं, बल्कि आय का पहला अनिवार्य हिस्सा मानना चाहिए। यह राशि एसआईपी, पीपीएफ, आवर्ती जमा, आपातकालीन फंड या अन्य सुरक्षित निवेश माध्यमों में लगाई जा सकती है। युवाओं को यह समझना होगा कि हर ईएमआई सुविधा नहीं होती और हर डिस्काउंट बचत नहीं होता। खरीदारी से पहले यह प्रश्न जरूर पूछना चाहिए कि यह खर्च जरूरत है, सुविधा है या केवल दिखावा। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि आर्थिक स्थिरता केवल अधिक कमाकर नहीं आती। वह सही खर्च, नियमित बचत, नियंत्रित कर्ज और वित्तीय अनुशासन से आती है। कम आय वाला व्यक्ति भी यदि योजनाबद्ध ढंग से खर्च और बचत करे, तो आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकता है। इसके विपरीत अधिक आय वाला व्यक्ति भी यदि बिना सोच-विचार के खर्च करे, तो आर्थिक संकट में फंस सकता है। आज भारतीय समाज को फिर से बचत की संस्कृति की ओर लौटने की जरूरत है, लेकिन आधुनिक वित्तीय समझ के साथ।

( लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
**दर्शन**

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## सटाका




## आज की पाती

### संस्कारों के अभाव में बच्चे बन जाते हैं हिंसक

कोई भी मां-बाप नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे जिंदगी में कभी भी पथभ्रष्ट हों, लेकिन फिर भी कुछ लोगों के बच्चे पथभ्रष्ट हो जाते हैं। इसके मुख्य कारण बच्चों की परवरिश में कमी और इन्हें अच्छे संस्कार न मिलना भी है। अपने बच्चे सभी को प्यारे होते हैं, लेकिन बच्चों की गलतियों को अनदेखा करना बहुत गलत होता है। कुछ दिन पहले एक खबर पढ़ने को मिली कि दिल्ली में एक शादी समारोह में कम उम्र के लड़कों के बीच विवाद डीजे पर गाने को लेकर इस कदर हो गया कि इनमें एक लड़के की हत्या ही कर दी गई। ऐसी ही खबरें अक्सर पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। सवाल तो यह है कि बच्चे, किशोर, नाबालिग आखिर क्यों पथभ्रष्ट होकर अनैतिक और अपराधी मामलों को अंजाम दे रहे हैं?

*- रजनी तागरा, रोहतक*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी का समावेश



मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन योजनाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए उनमें प्रौद्योगिकी का समावेश कर रही है। इसी दिशा में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्थक-पीडीएस चरण-2 के लिए 25,530 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम



सीबीएसई परीक्षा परिणामों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई है, जिससे देशभर के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। मोदी जी हमेशा की तरह- कोई जवाब नहीं, कोई जवाबदेही नहीं, कोई शर्म नहीं।

-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### भाजपा-कांग्रेस संबंध



केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा द्वारा क्षेत्रीय विपक्षी दलों को निशाना बनाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए किया गया एक और घोर दुरुपयोग है। कांग्रेस द्वारा 'निष्क्रियता' की शिकायत शुरू होते ही ईडी की तत्काल छापेमारी से भाजपा-कांग्रेस संबंधों पर सवाल उठते हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जनता से लूटपाट



तेल की कीमतें बढ़ाकर भाजपा हाल के चुनावों में खर्च किए गए पैसे की भरपाई कर रही है। उसका बस एक ही सिद्धांत है कि उसका और उनके लोगों का खजाना कभी खाली न हो, भले ही इसके लिए जनता की जेबों से लूटपाट क्यों न करनी पड़े।

-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# संरा सुरक्षा परिषद को 'जीवंत संस्था' बनाने की जरूरत

भारत ने चीन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वीटो का अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्यों के बीच मतभेदों को उजागर किया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि परिषद एक जीवंत संस्था होनी चाहिए, न कि कोई जीवाश्म जिसकी स्थिर संरचना 1945 के कंप्यूटर संस्करण पर उन्नत कृत्रिम बद्धिमत्ता (एआई) संबंधी प्रौद्योगिकियों को चलाने के समान हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र परिषद की सक्रियता का दौर अब समाप्त हो चुका है, और दुनिया अब विभाजन और टकराव से ग्रस्त है। वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों के स्तर पर परिषद विभाजित नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र में कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने की मांग पहले से कहीं अधिक प्रबल है पर्वतनेनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना विषय पर हो रही चर्चा को संबोधित कर रहे थे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार सुबह उक्त विषय पर चर्चा के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, और चीन 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के वीटो का अधिकार रखने वाले पांच स्थायी सदस्य हैं।



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंतत: इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बीजेपी नेता रघु तिवारी पर बेरोजगार युवाओं को फंसाने के आरोप, बेलबाग थाना और एसपी ऑफिस में पहुंचीं शिकायतें

# सीएम और महापौर से करीबी का दावा कर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी!

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में राजनीतिक रसूख और बड़े नेताओं से करीबी का दावा कर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। सैनिक सोसायटी शक्ति नगर निवासी भाजपा नेता रघु तिवारी पर आरोप है कि उसने खुद को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' का करीबी बताकर बेरोजगार युवाओं और उनके परिवारों से लाखों रुपये वसूले। मामले को लेकर बेलबाग थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी अनुकंपा नियुक्ति, पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद सहित अन्य शासकीय नौकरियों में भर्ती कराने का झांसा देता था। पीड़ितों ने पुलिस को व्हाट्सएप चैट, दस्तावेज और विभागीय पत्राचार भी सौंपे हैं, जिनके आधार पर जांच की मांग की गई है।

### सीएम से सीधी बात होती है कहकर बनाया भरोसा

पीड़ितों के अनुसार रघु तिवारी खुद को भाजपा से जुड़ा सक्रिय नेता बताता था और दावा करता था कि उसकी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक सीधी पहुंच है। आरोप है कि वह लोगों को भरोसा दिलाता था कि मुख्यमंत्री स्तर से विभागों में नियुक्तियां कराई जा सकती हैं और बड़े अधिकारियों पर उसका प्रभाव है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इसी राजनीतिक पहुंच और प्रभाव का हवाला देकर बेरोजगार युवाओं एवं उनके परिवारों को भरोसे में लिया गया और उनसे मोटी रकम ऐंठी गई।

### महापौर 'अन्नू' का नाम लेकर बढ़ाया प्रभाव

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी खुद को महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' का करीबी बताता था। पीड़ितों का आरोप है कि महापौर के नाम और राजनीतिक संपर्कों का इस्तेमाल कर यह विश्वास दिलाया जाता था कि नौकरी और अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया आसानी से पूरी हो जाएगी। शिकायतकर्ताओं ने केवल आरोपी द्वारा नाम और संपर्कों के कथित उपयोग की जांच की मांग की है।





### अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के नाम पर रुपये लेने का आरोप

छोटी ओमती निवासी निशांत सिंह ने शिकायत में बताया कि उनके पिता सीओडी फैक्ट्री खमरिया में कार्यरत थे। पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान उनकी मुलाकात रघु तिवारी से हुई। निशांत के मुताबिक आरोपी ने नौकरी जल्दी लगवाने के नाम पर 3 लाख रुपये की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि परिवार ने जेवर गिरवी रखकर और कर्ज लेकर 1 लाख 10 हजार रुपये की व्यवस्था कर आरोपी को दिए। इसके बाद भी लगातार अतिरिक्त रकम मांगी जाती रही और हर बार जल्द नियुक्ति का भरोसा दिया जाता रहा। पीड़ित का आरोप है कि बाद में विभागीय जानकारी लेने पर पता चला कि नियुक्ति संबंधी कोई प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी थी। रुपये वापस मांगने पर राजनीतिक रसूख का डर दिखाकर धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया है।

### नाबालिग बेटे को एसआई बनाने का झांसा

व्यवसायी महिला रूपा अरोरा ने भी पुलिस को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि रघु तिवारी ने उनके नाबालिग बेटे को पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक बनाने का दावा किया था। शिकायत के अनुसार आरोपी ने कहा था कि मुख्यमंत्री और बड़े नेताओं से उसके सीधे संबंध हैं तथा दस्तावेजों में बदलाव कर नौकरी लगवाई जा सकती है। रूपा अरोरा के मुताबिक इस काम के लिए करीब 8 लाख रुपये खर्च होने की बात कही गई और किश्तों में रकम ली गई। आरोप है कि बेटे के दस्तावेज, फोटो और अन्य कागजात भी आरोपी को सौंप दिए गए थे, लेकिन लंबे समय तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा।

### व्हाट्सएप चैट और दस्तावेजों से बढ़ी गंभीरता

पीड़ितों द्वारा पुलिस को दिए गए व्हाट्सएप चैट और दस्तावेजों में आरोपी द्वारा कोर्ट आदेश, विभागीय प्रक्रिया और नेताओं से बातचीत का हवाला देकर भरोसा दिलाने की बातें सामने आई हैं। कई चैट में पीड़ित नौकरी की स्थिति पूछते और रकम वापस करने की मांग करते दिखाई दे रहे हैं। एक चैट में आर्थिक तंगी से परेशान एक पीड़ित ने आत्मघाती कदम उठाने तक की बात लिखी है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

### एफआईआर दर्ज करने की मांग

पीड़ितों ने पुलिस कप्तान का उल्लेख करते हुए एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा और बेलबाग थाना पुलिस से आरोपी रघु तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी, रकम हड़पने और फर्जी आश्वासन देकर ठगी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस शिकायतों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### दबाव बनाने लगाया आरोप

निशांत लोधी द्वारा लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह झूठे, मनगढ़ंत और दबाव बनाने की नीयत से लगाए गए हैं। संबंधित मामले में वकील की फीस आपसी सहमति से तय हुई थी और विधिवत पैरवी के बाद 18 फरवरी को कोर्ट से उसके पक्ष में आदेश भी प्राप्त हुआ। अब केस में राहत मिलने के बाद फीस वापस लेने और अनावश्यक लाभ पाने के उद्देश्य से मेरी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रघु तिवारी, भाजपा नेता

### जांच उपरांत होगी वैधानिक कार्रवाई

रघु तिवारी के संबंध में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें नौकरी दिलाने के नाम पर रकम लेने और धोखाधड़ी जैसे आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं द्वारा दस्तावेज, व्हाट्सएप चैट और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों के कथनों और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

सूर्यकांत शर्मा, एएसपी ग्रामीण

## बिना योजना बिछाए जा रहे पेवर ब्लॉक्स, जनता के टैक्स पर सवाल

# शहर में पेवर ब्लॉक्स के नाम पर सरकारी धन की बर्बादी

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में सरकारी धन की बर्बादी क्या होती है, इसका उदाहरण इन दिनों नगर निगम के निर्माण कार्यों में साफ दिखाई दे रहा है। शहर की सड़कों और गलियों में बिना योजना के अंधाधुंध पेवर ब्लॉक्स बिछाए जा रहे हैं, लेकिन इन कार्यों का न तो कोई स्पष्ट हिसाब नजर आता है और न ही गुणवत्ता की निगरानी। कुछ दिन पहले गंजीपुरा मुख्य मार्ग पर पेवर ब्लॉक्स लगाए गए। हैरानी की बात यह रही कि जिस सड़क की मूल समस्या खराब रोड और गड्ढे थे, उन्हें सुधारने के बजाय केवल पेवर ब्लॉक्स बिछाकर खानापूर्ति कर दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है, जबकि लाखों रुपये खर्च कर दिए गए।

अब नया मोहल्ला रोड का मामला सामने आया है, जहां बड़ी संख्या में पेवर ब्लॉक्स लावारिस हालत में पड़े हुए हैं। कई ब्लॉक्स नालियों में समा गए हैं तो कई खुले में बिखरे पड़े हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग यदि इन्हें अपने घर ले जाएं तो भी किसी को पता नहीं चलेगा। यह स्थिति सीधे तौर पर सरकारी संपत्ति की अनदेखी और लापरवाही को दर्शाती है। विडंबना यह है कि नगर निगम अक्सर आर्थिक संकट का हवाला देता है। निगम अधिकारियों का कहना रहता है कि कर्मचारियों के वेतन और शहर विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट नहीं है। इसके बावजूद बिना योजना और निगरानी के इस तरह पेवर ब्लॉक्स पर खर्च किया जाना कई सवाल खड़े करता है। कहा जा रहा है की यदि निगम के उच्च अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें और जवाबदेही तय हो, तो सरकारी धन की इस तरह हो रही बर्बादी को रोका जा सकता है। फिलहाल शहर में पेवर ब्लॉक्स विकास कम और टैक्स के पैसों की बर्बादी ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

## कर्मचारियों को मूल पदस्थापना पर लौटने के निर्देश

# स्वास्थ्य विभाग में सभी अटैचमेंट निरस्त

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के संलग्नीकरण समाप्त करने का निर्णय लिया गया। समिति ने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, नर्सिंग संवर्ग सहित तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के नियमित, संविदा एवं आरकेएस कर्मचारियों के अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। कर्मचारियों को अपने मूल पदस्थापना स्थल पर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी द्वारा जारी आदेश में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को तत्काल मूल पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों से कहा गया है कि उनकी संस्था में अटैचमेंट पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर मूल पदस्थापना स्थल भेजा जाए तथा इसकी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

## नौतपा के तीसरे दिन उमस भरी गर्मी ने किया हलाकान

# बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बारिश



**जबलपुर।** नौतपा के तीसरे दिन सुबह से मौसम साफ रहा। दोपहर में बादलों की आवाजाही के बीच हल्की बारिश हुई और उसके बाद उमस भरी गर्मी ने हलाकान कर दिया। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के ऊपर बने हवा के कम दबाव के क्षेत्र और लोकल बादलों से बनी द्रोणिका के कारण मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही। इससे लोगों को गर्मी के साथ-साथ उमस का भी एहसास हुआ।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि आसमान पर छाए लोकल बादलों की वजह से आसमान पर हवा का घनत्व बढ़ गया है। जिसकी वजह से उमस बढ़ रही है। बादलों की बसाहट अभी पूरी तरह छंटी नहीं है। जिससे धूप छांव का सिलसिला चलता रहा। हवा में नमी घटने से गर्मी बढ़ी। और बादलों के छाने से उमस बढ़ी। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान30.01 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 36 प्रतिशत और सायंकाल 47 प्रतिशत दर्ज की गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम तापमान 26.04 डिग्री दर्ज किया गया था। पिछले 24 घंटों के दौरान 2.6 मिमि वर्षा दर्ज की गई. उत्तर पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के दौरान जिलों में गर्म लू चलने और तेज गर्मी की संभावना है।

## मूंग और उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन शुरू

**जबलपुर।** जिले में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन शुरू हो गया है। किसान 15 जून तक पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि उमेश कटहरे ने बताया कि जिले में 28 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा किसान एमपी किसान एप, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर और साइबर कैफे के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं। किसानों से समय सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## शादी का झांसा देकर गुजरात में बंधक बनाने का आरोप

# बड़ी बहन से दुष्कर्म और छोटी लापता

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर गुजरात ले जाकर बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोपी सुरेंद्र पटेल पर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे बहला-फुसलाकर गुजरात के सूरत स्थित ताताथइयाँ क्षेत्र में ले गया था। वहां तीन महीने तक उसे बंधक बनाकर रखा गया और लगातार शोषण किया गया। किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर 26 मई 2026 को वापस जबलपुर पहुंची। पीड़िता ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन को भी प्रशांत पटेल नामक युवक जबरन गुजरात ले गया था, जिसका अब तक कोई पता नहीं चल सका है। परिवार ने आशंका जताई है कि नाबालिग लड़की के साथ जबरन विवाह किया गया है। परिजनों के मुताबिक, बेलखेड़ा पुलिस ने 7 फरवरी 2026 को धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया था, लेकिन अब तक नाबालिग लड़की की बरामदगी नहीं हो सकी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि जिस वाहन से दोनों बहनों को ले जाया गया था, उसका नंबर भी केस डायरी में शामिल नहीं किया गया। परिवार का कहना है कि मामले में आरोपियों के राजनीतिक संबंधों के कारण निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही है। परिवार ने उच्च अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी और नाबालिग लड़की की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है।

## पेयजल आपूर्ति की दैनिक मॉनिटरिंग करें

# वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टरों को संभागायुक्त के निर्देश

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया पेयजल आपूर्ति की दैनिक ऑपरेटिंग करे, साथ ही उन्होंने वन अधिकार पट्टा, गेहूं पंजीयन एवं उपार्जन की दैनिक प्रगति, परिवहन, भंडारण व भुगतान तथा उपार्जन से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

संभागायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी पेयजल को प्राथमिकता रखते हुए कार्य करें और सुधार योग्य हेंडपम्पों को सुधारें। पेयजल सुनिश्चितता की कलेक्टर दैनिक आधार पर समीक्षा करें। उन्होंने एकल नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की।

उन्होंने गेहूं उपार्जन समय सीमा में पूर्ण करने के साथ ही कृषि अवसंरचना निधि योजना अंतर्गत कृषि वर्ष 2026-27 के लिए आबंटित लक्ष्य की समीक्षा की। संभाग में खाद की उपलब्धता व वितरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य व पोषण के संबंध में विभागीय अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन समय पर अनिवार्यतः किया जाये तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

संभागायुक्त श्री सिंह ने राजस्व न्यायालयों के प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा तथा अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित करें। कलेक्टर प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसीलदार व एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण करें। वीसी के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का गहनता से परीक्षण कर तत्परता से समुचित निराकरण कराए। इसके साथ ही सीपी ग्राम, सीएम व सीएस मॉनिट तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में जिलेवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन, नजूल नवीनीकरण और लोक सेवा गारंटी अंतर्गत समय सीमा से बाह्य लंबित आवेदनों की समीक्षा की।

# मारपीट करने के आरोपितों को सजा

**जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र में पड़ोसी महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले आरोपित संजय विश्वकर्मा, सुलोचना विश्वकर्मा व मुकेश विश्वकर्मा को अदालत ने दोषी पाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रद्धा सिंह की अदालत ने मामले में आरोपी संजय विश्वकर्मा को एक साल की सजा व डेढ़ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई तो वहीं आरोपित सुलोचना व मुकेश विश्वकर्मा को तीन-तीन माह के सश्रम कारावास व पांच-पांच सौ रुपये जुर्माने से दंडित किया। अदालत के समक्ष अभियोजन पक्ष की ओर से एडीपीओं नीरू कुशवाहा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि फरियादिया कृष्णा राजपूत ने शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि 23 मार्च 2024 को उनके घर के सामने रहने वाले आरोपित संजय विश्वकर्मा, सुलोचना व मुकेश विश्वकर्मा ने पुराने विवाद को लेकर गालीगलौज करते हुए उनकी माता रमा बाई व पड़ोसी उमाबाई पर लाठी-डंडे से मारपीट की थी। जिससे उन्हें चोटे आई थी। शिकायत पर अधारताल पुलिस ने मारपीट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।

# एसपीएल सेमीफाइनल में सराफा के दिग्गजों की टक्कर, खिताबी जंग हुई और रोमांचक







हरिभूमि, जबलपुर।

संस्कारधानी के रानीताल खेल परिसर स्थित वेलोड्रम मैदान इन दिनों सराफा बीबी प्रीमियर लीग (SPL) के रोमांच से गुलजार है। दूधिया रोशनी में खेला जा रहा यह टूर्नामेंट अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां सेमीफाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। लीग में कुल 18 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच कड़े मुकाबलों के बाद आठ टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार प्रदर्शन के आधार पर चार श्रेष्ठ टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और अब खिताब से महज दो कदम दूर हैं।

### सेमीफाइनल मुकाबले इस प्रकार होंगे

पहले सेमीफाइनल में आरजी कास्टिंग डोमिनेटर का मुकाबला ओशो गोल्ड योद्धा से होगा, जबकि दूसरे मुकाबले में 24 कैरेट शेखर राजा और इंद्र सुपर किंग आमने-सामने होंगे। दोनों ही मैचों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। म.प्र. सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ, जबलपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सराफ सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। एसोसिएशन द्वारा इस आयोजन के माध्यम से खेल भावना को बढ़ावा देने और व्यापारिक समुदाय के बीच तनावमुक्त वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। लीग में प्रदर्शन के आधार पर रन रेट और अंक प्रणाली से आगे बढ़ रही टीमों ने प्रतियोगिता को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया है। मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट जैसे पुरस्कार खिलाड़ियों के उत्साह को और बढ़ा रहे हैं। टूर्नामेंट के सफल संचालन में सराफा एसोसिएशन जबलपुर के मीडिया प्रभारी दीपक सोनी सहित पूर्व अध्यक्ष सुरेश सराफ, अजय बख्तावर, मंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओम सोनी, उपाध्यक्ष महेंद्र ओसवाल समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। अब सभी की निगाहें सेमीफाइनल मुकाबलों पर टिकी हैं, जहां तय होगा कि कौन सी दो टीमें फाइनल में जगह बनाएंगी और खिताब की ओर कदम बढ़ाएंगी।

## गुड़हाई में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन

# कलयुग के दोषों से मुक्त करने का माध्यम है भागवत कथा : पाठक

**हरिभूमि, जबलपुर।** कलियुगी प्रभाव के कारण तन-मन और इंद्रियों में व्याप्त दोषों और पापों से मुक्ति पाने का यदि कोई अचूक उपाय है, तो वो है श्रीमद् भागवत कथा। स्वयं परमात्मा इस ग्रंथ में बस कर हमारा मार्गदर्शन करते हैं। इससे निर्झरित होने वाली त्रिवेणी वस्तुतः भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी है। इस आशय के उद्गार गुड़हाई में चल रही श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस में कथा का महात्म बताते हुए कथा व्यास पं. राकेश पाठक शरणागत ने व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भागवत पुराण समस्त वेदों, उपनिषदों और ब्रह्मसूत्रों का साक्षात सार है। इसके पठन-श्रवण से मनुष्य को असीम शांति, आरोग्य और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महात्म्य सनातन धर्म में सर्वाधिक पूजनीय और मोक्षदायिनी है। मूल रूप से यह महिमा पद्म पुराण के उत्तरखंड से ली गई है। इसके अनुसार, निष्काम भाव से भागवत के पाठ या श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे वैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है।



### आत्मा की तेजस्विता का आधार-

महाराजश्री ने कहा कि यह अद्भुत कथा पद्म पुराण (उत्तरखंड) में वर्णित है, जहां स्वयं भगवान शिव माता पार्वती को भागवत कथा की महिमा सुनाते हैं। कथा के अनुसार, कलयुग में जब ज्ञान और वैराग्य वृद्ध हो गए, तब भक्ति देवी ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रभाव से ही पुनः युवा और तेजस्वी रूप प्राप्त किया था। उन्होंने आत्मदेव नामक ब्राह्मण और उनके पापी पुत्र 'धुंधकारी' की कथा को वर्तमान संदर्भ से जोड़ते हुए इसकी सरल व्याख्या की। उन्होंने बताया कि किस तरह केवल भागवत कथा सुनने से प्रेत योनि में भटकते धुंधकारी को भी मुक्ति मिल गई थी।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा-

कथा के श्रीगणेश के पूर्व धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्री कटरा वाले महावीर मंदिर में विराजमान श्रीराम दरबार और अंजनी नंदन की पूजन पाठ के उपरांत पोथी पाठक परिवार ने उठाई। कलश शोभायात्रा में कलश रखीं मातृ शक्ति के अलावा बच्चे, युवा, बुजुर्ग श्रद्धा के साथ चल रहे थे। रामलीला समिति के विविध संरक्षक, पदाधिकारी, व्यापारी और प्रबुद्धजनों के साथ ही राकेश पाठक, राजेश पाठक, मुकेश पाठक, प्रभा पाठक, सुनीता पाठक, रूपा पाठक, अंकुर पाठक, रवि गुप्ता, मोहन महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्त शोभायात्रा में उपस्थित हुए। आयोजन समिति के मुकेश पाठक ने बताया कि सात दिनों तक नित्य प्रति शायं पांच से आठ बजे तक कथा होगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थित होकर कथा श्रवण की अपील की है।

# अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचे वुशु खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता

**जबलपुर।** जबलपुर के युवा वुशु खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता ने अपने संघर्ष, अनुशासन और लगातार मेहनत के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सात वर्ष की उम्र से वुशु का अभ्यास शुरू करने वाले दिव्यांश आज अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी और प्रशिक्षक के रूप में पहचान बना चुके हैं। उनका कहना है कि वुशु जैसे कठिन मार्शल आर्ट खेल में सफलता पाने के लिए लगातार अभ्यास और मानसिक मजबूती बेहद जरूरी होती है।

दिव्यांश ने बताया कि शुरुआती दिनों में जबलपुर में वुशु प्रशिक्षण की सुविधाएं सीमित थीं, लेकिन लगातार मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन से उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद उनका चयन भारतीय टीम में हुआ और उन्होंने सिंगापुर तथा शंघाई में आयोजित वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

### हासिल की बड़ी उपलब्धियां

दिव्यांश गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक अपने नाम किए हैं। वर्ष 2020 में मॉस्को में आयोजित वुशु इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया। वहीं वर्ष 2025 में चीन में आयोजित 10वीं वर्ल्ड कुंगफू चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने 10 स्वर्ण, 14 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर शानदार उपलब्धियां दर्ज की हैं। वर्तमान में दिव्यांश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रानीताल स्टेडियम में खिलाड़ियों को वुशु प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करने का सबसे अच्छा रास्ता है। उन्होंने युवाओं से खेलों में आगे आने और मेहनत को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।






# एलायंस क्लब का स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** एलायंस क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स द्वारा स्वास्थ्य परिचर्चा कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन एवं राष्ट्र वंदना के साथ उद्घाटित हुआ। इस अवसर पर जबलपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. दीपक बहरानी (डायविटीज, हृदय रोग विशेषज्ञ) मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. राजीव नायक न्यूरो लॉजिस्टिक, डॉ. निशा साहू (स्त्री रोग विशेषज्ञ) उपस्थित थे। चिकित्सकों ने सदस्यों को डायविटीज, ब्रेन स्ट्रोक, माइग्रेन एवं कैंसर के विषय में जानकारी दी। आयोजन में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कमल चौरसिया, संरक्षक पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष खरे, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनोद तिवारी, डिस्ट्रिक्ट सचिव सतीश साहू, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विभा ब्यौहार, अध्यक्ष खुमेश गढ़ेवाल, लेडिज अध्यक्ष सुमन राय, सचिव आलोक साहू, प्रो. एचबी पालन, प्रो. डॉ. एलपीएस राजपूत, कविता सराफ, डॉ. आशु नायक, सीपी साहू, शरद जेठा, राज वर्मा, अर्पित साहू, सारिका साहू, नेहा साहू, शुभी गढ़ेवाल, एचएल आहूजा, कमलेश अग्रवाल, अनुराग जायसवाल, राजेश जैन, अजय श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, जेके तिवारी, आशीष चक्रवर्ती, राजकुमार सराफ, गिरीश राय, अनुपम ब्यौहार आदि उपस्थित रहे।

# हिट रही गीत गायन प्रतियोगिता

**जबलपुर।** गुंजन कला सदन जबलपुर, पाथेय, मंथन के संयोजन में अमर शहीद स्मृति मेला गोलबाजार के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित कराओके गीत गायन प्रतियोगिता में जहां गायक-गायिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं श्रोताओं, दर्शकों ने इस कराओके गीत गायन का भरपूर आनंद उठाया।
जूनियर वर्ग में नित्यजीत सिंह प्रथम, अवनि धनोप्या द्वितीय, केशर यादव तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में रविनंदन श्रीवास्तव प्रथम सहित शांति राय, अनिल प्रजापति, सीमा पटैल, संजय जैन, पंकज जैन, विश्वनाथ, ओम पाराशर, शुभी सैनी, मोनिका, अंश, अंशिका, मुश्ताक, विनीता दीवान, राकेश चौधरी आदि ने मधुर गायन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव, नलिनकांत वाजपेयी, चंद्रशेखर शर्मा, विनोद यादव, नरेन्द्र जैन, विजय जायसवाल, भारती साहा, नीरज जैन, अंजन कुमार, आजाद आदि की उपस्थिति रही, संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।



# जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत कोष्टा मोहल्ला गंगासागर में जहर का सेवन करने से एक युवक मौत हो गई। मौत का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोष्टा मोहल्ला गंगासागर गढ़ा निवासी 28 वर्षीय सेवाराम सिंगरहा को गत दिवस जहरीली वस्तु का सेवन करने पर नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार की सुबह लगभग 5-6 बजे सेवाराम सिंगरहा की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# कांग्रेसजनों ने पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नगर निगम के सामने नेहरू उद्यान में नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, इसके पश्चात वहां पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इस अवसर पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरव नाटी शर्मा एवं समस्त कांग्रेसीजन उपस्थित रहे।





# महाराष्ट्र व्यायाम शाला में आज से एम.पी. नर्मदा खो-खो लीग

**जबलपुर।** एम.पी. एमेच्योर खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में एम.पी. नर्मदा खो-खो लीग सीजन-2 का आयोजन 28 मई से 30 मई 2026 तक महाराष्ट्र व्यायाम शाला मैदान में किया जाएगा। एसोसिएशन के सचिव संजय यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खो-खो के विकास के उद्देश्य से मध्यप्रदेश खो-खो संघ द्वारा राज्य को छह जोन में विभाजित कर शहडोल, रीवा, दमोह, भोपाल, बुरहानपुर एवं जबलपुर सहित 52 जिलों से 120 महिला और 150 पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों को आठ टीमों में विभाजित किया गया है, जिनमें रामकुमार यादव की गधेरी लैपर्ड, विजय चौधरी की विनय इलेवन, माया यादव की माया चैलेंजर्स, विनोद पोद्दार की विनोद फाइटर्स, शिवचरण समुद्र की वीर योद्धा, महेंद्र परिहार की भैरुंडा वॉरियर्स, नैंसी जैन की धरा किंग्स एवं आराध्य की नर्मदा टाइटन्स शामिल हैं। प्रतियोगिता में टीमों को दो पूल में बांटकर मुकाबले कराए जाएंगे। विजेता टीम को 21 हजार रुपए एवं उपविजेता को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। मैच प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक खेले जाएंगे। खिलाड़ियों के भोजन एवं आवास की व्यवस्था संघ द्वारा की गई है। इसी दौरान मध्यप्रदेश खो-खो एसोसिएशन की वार्षिक बैठक भी आयोजित होगी। योगेंद्र दुबे, जया पोद्दार, चंद्रशेखर स्वामी, गोल्डी गुप्ता, आफरीन शेख एवं पूजा बर्मन ने खेल प्रेमियों से महाराष्ट्र व्यायाम शाला पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



# पहियों पर उड़ान भर रहे नन्हे स्केटर्स जबलपुर में समर कैंप बना आकर्षण

**जबलपुर। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा तरंग प्रेक्षागृह परिसर में आयोजित 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है।**

शिविर में 50 बालिकाओं सहित कुल 87 प्रतिभागी स्केटिंग की बारीकियां सीख रहे हैं। प्रातःकालीन सत्रों में बच्चों को गति और संतुलन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक ऋषभ यादव एवं अनंत मिश्रा द्वारा प्रतिभागियों को लॉन्ग जम्प, स्पीड जम्प, रोड रेस और टर्न बैक तकनीक का अभ्यास कराया जा रहा है। शिविर का विशेष आकर्षण स्केट्स पर बास्केटबॉल खेलने की ट्रेनिंग है, जिससे बच्चों की एकाग्रता और मल्टीटास्किंग क्षमता विकसित हो रही है। तरंग परिसर में बच्चों के करतब राहगीरों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने शिविर का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे कुछ दिन पहले स्केट्स पर संतुलन नहीं बना पाते थे, वे अब शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशिक्षकों ने विश्वास जताया कि शिविर के अंत तक बच्चे स्केटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार हो जाएंगे।

# नृसिंह मंदिर खितौला में पुरुषोत्तम महात्म की कथा का आयोजन

**सिहोरा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नृसिंह टेकरी मंदिर खितौला में कथा के अलावा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में वृतधारी महिलाएं पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रही है। व्यासपीठ से गणेश प्रसाद मिश्रा ने पुरुषोत्तम महात्म कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने वरदान दिया था कि इस माह में जो भी व्यक्ति व्रत,दान,पूजा और जप करेगा उसके सभी पाप नष्ट हो जाएंगे तथा इस मास में जो भगवान कृष्ण या विष्णु की भक्ति करते हैं उन्हें सीधे बैकुंठ लोक की प्राप्ति होती है। कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 6 बजे से होता है। व्रतधारी महिलाएं सुबह चार बजे से ही हिरन नदी में स्नान,ध्यान,दीपदान करने के बाद मंदिर पहुंचकर श्री नरसिंह भगवान का पूजन अर्चन के साथ दर्शन करने पहुंच रहीं हैं। सभी धार्मिक कार्यक्रम महंत स्वामी गोविंद दास जी एवं पुजारी ब्रह्मचारी बांके बिहारी दास के मार्गदर्शन में चल रहे हैं। इस अवसर पर गीता प्यासी,संध्या प्यासी,शुभा पांडे,शोभा दुबे,निशा प्यासी,निधि दुबे,ममता सोनी,अंजना सोनी,प्रीति सोनी आदि भी उपस्थित थीं।



# 320 पाव देशी शराब जप्त

**जबलपुर।** केंट पुलिस ने मेंहदीबाग के पीछे खण्डहर सदर में अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 320 पाव देशी शराब जब्त की है। केंट थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर मेंहदीबाग के पीछे खण्डहर सदर में शराब बेचने की फिराक में खड़े मुमताज बिल्डिंग के पास गलगला बेलबाग निवासी 48 वर्षीय दिलीप कुकरेजा को गिरफ्तार कर उसके पास से 320 पाव देशी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत लगभग 24 हजार 320 रूपये की बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**सुरेन्द्र तिवारी 'डब्बल' महाराज का निधन**-सुरेन्द्र तिवारी उर्फ डब्बल महाराज ग्राम आगासौद पाटन रोड जबलपुर निवासी का निधन 25.05.2026 को हो गया है। वे स्व. नाथूराम तिवारी अशासकीय लोक कला मंडल के मंडल अध्यक्ष जबलपुर संभाग के पुत्र थे एवं जितेन्द्रतिवारी, महेन्द्रतिवारी (मोनूपंडा) के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार ग्राम आगासौद के मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्री रमा शंकर भारतीय**- तिघरा खमरिया निवासी श्री रमा शंकर भारतीय (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री मोहन लाल पटेल**- गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री मोहन लाल पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**श्री बेनी प्रसाद पासी**- पोलीपाथर निवासी श्री बेनी प्रसाद पासी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री धन्नू मरार**- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री धन्नू मरार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।
**सुश्री मूर्ति कश्यप**- टैगोर रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री कल्लू कश्यप की पुत्री सुश्री मूर्ति कश्यप (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री कुलदीप जाट**- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री राजदीप जाट के पुत्र श्री कुलदीप जाट (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री मुन्ना लाल केवट**- यादव कॉलोनी राम मंदिर के पास निवासी श्री मुन्ना लाल केवट (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती ममता राय**- बाबा टोला निवासी श्री विनायक दत्ता राय की धर्मपत्नी श्रीमती ममता राय (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री राकेश पारस**- सदर बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी श्री राकेश पारस (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री नवीन सोनकर**- खटीक मोहल्ला निवासी श्री नवीन सोनकर (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती प्रभावती यादव**- इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री राम सुंदर यादव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभावती यादव (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती कमला देवी मंगलानी**- अशोक नगर अधारताल निवासी श्री टेकचंद मंगलानी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी मंगलानी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री राम प्रसाद चौधरी**- अकबर का बाड़ा गंगासागर गढ़ा रोड निवासी श्री राम प्रसाद चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री पंकज यादव**- आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री प्रदीप यादव के पुत्र श्री पंकज यादव (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री मृगेंद्र सिंह ठाकुर**- कवर्धा हाउस पुल नं. 2 के पास केंट निवासी श्री मृगेंद्र सिंह ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्री विवेक दुबे**- शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री विवेक दुबे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती गीता शुक्ला**- अवधपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री ब्रह्मानंद शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती गीता शुक्ला (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती पुष्पा शर्मा**- विजय नगर निवासी श्री पीसी शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा शर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।
**श्रीमती शांति बाई पारवैया**- महानद्दा रोड खालसा कॉलेज के पास निवासी श्री धर्मदास पारवैया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई पारवैया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।
**श्रीमती सावित्री बाई जैन**- दरहाई सराफा निवासी श्रीमती सावित्री बाई जैन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।
**श्री शांतनु मिश्रा**- कसोंधन नगर माढोताल निवासी श्री संतोष मिश्रा के पुत्र श्री शांतनु मिश्रा (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
संपर्क करें विज्ञापन विभाग

# चैकिंग के दौरान कार से पुलिस ने बरामद की 65 लाख रुपए से अधिक की नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे-30 पर नियमित चेकिंग के दौरान पुरुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक कार से करीब 65 लाख रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की है। यह रकम दो अलग-अलग झोलों में 500-500 रुपये के नए नोटों के बंडलों में छिपाकर रखी गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने आयकर विभाग को सूचित कर दिया है युवक की पहचान अमित जैन बालोद के रूप में हुई जो कि जमीन और किराना व्यापारी है, सूत्र बताते हैं कि जब कैश पकड़ाया उस दिन रजिस्ट्री भी थी। मिली जानकारी के अनुसार, पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाटोला के पास पुलिस टीम रूटीन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान



केशकाल की ओर से बालोद जा रही एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। वाहन की बारीकी से जांच करने पर पुलिस के होश उड़ गए। कार के भीतर दो झोलों में नोटों की गड्डियां भरी हुई थीं। पुलिस को इस भारी रकम की गिनती करने में करीब तीन घंटे का लंबा समय लगा।

## कार में छिपाकर रखे थे 500-500 रुपये के नए नोटों के बंडल, पुलिस कर रही जांच

### संतोषजनक जवाब नहीं दे सका व्यापारी

पुरुर थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने बताया कि कार सवार व्यक्ति की पहचान बालोद निवासी कपड़ा व्यापारी अमित जैन के रूप में हुई है। जब पुलिस ने इतनी बड़ी रकम के संबंध में वैध दस्तावेज या स्रोत की जानकारी मांगी, तो व्यापारी कोई भी संतोषजनक जवाब या बिल-दस्तावेज पेश नहीं कर सका। वैधानिक कागजात न होने के कारण पुलिस ने पूरी रकम को तत्काल जब्त कर लिया। फिलहाल, पुलिस और आयकर विभाग की संयुक्त टीम इस बात की गहराई से तफ्तीश कर रही है कि इतनी बड़ी रकम कहां से लाई जा रही थी और इसका असली मकसद क्या था। इस कार्रवाई के बाद से ही जिले के व्यापारिक हलकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### इनकम टैक्स विभाग को भेजी रिपोर्ट

मामले में नकदी की मात्रा बहुत अधिक है और इसके स्रोत से जुड़े कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं मिले हैं। इसलिए पूरी रकम को जब्त कर प्रशासनिक अधिकारियों और आयकर विभाग को रिपोर्ट भेज दी गई है।

**जोगेंद्र साहू**, थाना प्रभारी (पुरुर)

## सीएसआर फंड से जिला प्रशासन ने उपलब्ध करवाईं ई-साइकिलें

### सीएम ने कहा, ई-साइकिलों के प्रयोग से महिला कर्मयोगियों को मिलेगी शक्ति

# मुख्यमंत्री ने उज्जैन में महिला कर्मयोगी बहनों को बांटीं निःशुल्क ई-साइकिलें

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को गति देने के लिए संकल्पित है। प्रदेश की सभी माताएं-बहनें अपने जीवन में सुख-समृद्धि, आनंद और वैभव प्राप्त करें। दुनिया में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। महिला कर्मयोगी बहनों को निःशुल्क मिलीं ई-साइकिलें शक्ति प्रदान करेंगी।

वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में इलेक्ट्रिक व्हीकल सबसे अच्छा विकल्प हैं। डॉ यादव मंगलवार को उज्जैन में 40 महिला कर्मयोगी बहनों को ई-साइकिलें बांटने के बाद जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। साइकिलें उज्जैन जिला प्रशासन ने सीएसआर फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई हैं।

### इलेक्ट्रिक व्हीकल सबसे अच्छा विकल्प



सीएम ने निःशुल्क इलेक्ट्रिक साइकिल भेंट की।

### जल संरक्षण के कार्यों में अव्वल बना मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार जल संवर्धन की दिशा में लगातार तीसरे वर्ष विकास कार्यों को गति दे रही है। प्रदेश में जल गंगा संरक्षण महाभियान के जरिए गुड़ी पड़वा से लेकर 30 जून तक लगभग 10 हजार करोड़ से अधिक लागत के कार्य शामिल हैं। इनमें नदी, तालाब, पोखर, कुएं, बावड़ियों के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। प्रमुख नदियों के उद्गम स्थलों पर जल संरक्षण के लिए विशेष गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जल संरक्षण के कार्यों के लिए मध्यप्रदेश को देश में प्रथम स्थान मिला है। यह प्रदेशवासियों के परिश्रम का फल है।

### भोजशाला में धूमधाम से मना गंगा दशहरा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि धार स्थित भोजशाला में गंगा दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया है। भोजशाला के संबंध में आए उच्च न्यायालय के फैसले का हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्ग के लोगों ने सम्मान किया है। पहले अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण और वर्तमान में धार की भोजशाला को लेकर हमारे मतों में भिन्नता हो सकती है। राज्य सरकार न्यायालय के निर्णय को सफलतापूर्वक लागू करा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में विधिवत पूजन-अर्चन कर शिप्रा में अर्पित की चुनरी

**कहा, जल गंगा संवर्धन अभियान में जनसहयोग से पूर्ण हो रहे लक्ष्य**

**मुंबई से आए भारतीय नौसेना के बैंड की प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन में शिप्रा तट पर रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में सहभागिता की। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर शिप्रा में चुनरी अर्पित की। इस अवसर पर मुंबई से आए भारतीय नौसेना के बैंड ने रामघाट पर मनमोहक प्रस्तुति दी। डॉ. कहा कि उज्जैन सहित प्रदेशभर में गंगा दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुंबई से आए भारतीय नौसेना के बैंड की प्रस्तुति ने सभी को आनंदित किया है। बैंड के सदस्यों ने संगीत मय कार्यक्रम से रामघाट पहुंचे नागरिकों को मनमोहक धुनें सुनवाकर इस शाम को यादगार बना दिया है। मोक्ष दायिनी मां शिप्रा की दो दिवसीय तीर्थ परिक्रमा मंगलवार को संपन्न हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### जल संरक्षण में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश भर में जल गंगा संरक्षण अभियान के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। सभी प्रमुख तालाब, कुएं, बावड़ी, पोखर, नदियों के उद्गम स्थलों पर जनसहयोग के जरिए जल संचयन के लिए कार्य जारी हैं। अब तक लगभग 2 लाख से अधिक काम पूरे किए गए हैं। देश में जल संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए मप्र इस मामले में पहले स्थान पर है। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महंत उमेश नाथ महाराज, विधायक द्वय अनिल जैन कालूहेड़ा, जितेंद्र पंड्या, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नवीन सोलंकी, नगर निगम की सभापति



कलावती यादव, अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य रामलाल मालवीय सहित अनेक निगम-मंडलों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### महिला वित्त एवं विकास निगम की बैठक



मंत्री भूरिया की अध्यक्षता में महिला वित्त विकास निगम की बैठक हुई।

## महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बनेगा रिसोर्स पूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए महिला वित्त एवं विकास निगम को नई कार्य संस्कृति और परिणामोन्मुखी भूमिका में लाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में मंत्रालय में मप्र महिला वित्त एवं विकास निगम की 80 वीं संचालक मंडल समिति की बैठक हुई। इसमें निगम की कार्यप्रणाली, कौशल विकास और संस्थागत सुधारों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मंत्री भूरिया ने स्पष्ट कहा कि महिला-बाल विकास विभाग का मूल उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि महिलाओं का वास्तविक आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण है।

### कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

मंत्री भूरिया ने कहा कि अकुशल एवं अर्द्ध-कुशल महिलाओं को व्यवस्थित प्रशिक्षण देकर विभिन्न विभागों, उद्योगों और संस्थानों की मांग के अनुरूप रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निगम महिला श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित महिलाओं का रिसोर्स पूल विकसित करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि महिला वित्त एवं विकास निगम अब केवल वित्तीय गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कौशल विकास, बाज़ार संपर्क, तकनीकी प्रशिक्षण और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा।

### आम आदमी पार्टी ने पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन लिखा : 'मेलोडी खाओ, महंगाई भूल जाओ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच मेलोडी टॉफी बांटकर नारा लगाया मेलोडी खाओ, महंगाई भूल जाओ। इस दौरान स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर महिलाएं भी प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि एक तरफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर टॉफी बांटी जा रही है, दूसरी तरफ देश में पेट्रोल-डीजल, गैस, आटा-दाल सबके दाम आसमान छू रहे हैं। आम आदमी की जेब पर भार डाला जा रहा है।

### पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान के तहत आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण वर्ग

## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव पार्ढूणा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री छिंदवाड़ा में प्रशिक्षण वर्ग में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं।

जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल पांढूणा पहुंचे। यहां उन्होने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत पआयोजित जिला





प्रशिक्षण वर्ग में सत्र को संबोधित किया। वहीं भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने छिंदवाड़ा में आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग में सत्र को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को सिवनी में जिला पदाधिकारियों एवं जिला कोर ग्रुप की बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

## सिन्हा के निधन पर खंडेलवाल ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री व छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। खण्डेलवाल ने पन्ना जिले की अजयगढ़ विधानसभा के बिहरपुरवा गांव में निर्माणाधीन कुंआ धंसने से हुई दुर्घटना में 5 श्रमिकों के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरुण संभालेंगे कमान

## छत्तीसगढ़ राज्य का नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार पांडेय को राज्य का नया प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख नियुक्त किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। वह 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे वर्तमान पीसीसीएफ व्ही. श्रीनिवासन राव का स्थान लेंगे। सरकार द्वारा नए वन बल प्रमुख के चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की



बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के नामों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें अरुण कुमार पांडेय के नाम को अंतिम स्वीकृति दी गई। चयन प्रक्रिया में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी चर्चा में रहे, लेकिन अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए सरकार ने पांडेय पर भरोसा जताया। अरुण कुमार पांडेय वर्ष 1994 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वे सरगुजा संभाग के अंबिकापुर क्षेत्र से संबंध रखते हैं। प्रशासनिक और फील्ड स्तर पर उनके लंबे अनुभव को वन विभाग में विशेष महत्व दिया जाता है। उन्होंने अपने करियर के दौरान राजनांदगांव, कोरबा और जशपुर जैसे महत्वपूर्ण वन क्षेत्रों में डीएफओ के रूप में जिम्मेदारी निभाई है। इसके अलावा इंद्रावती टाइगर रिजर्व में वन्यजीव संरक्षण और वन प्रबंधन से जुड़े अहम पदों पर भी कार्य कर चुके हैं।

### हिन्दूवादी संगठन के लोगों के विरोध के बाद पुलिस ने लिया एक्शन

## फेक मैरिज पार्टी के आयोजन से पहले ही कोशी रिसॉर्ट का मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के एक रेस्टोरेंट संचालक द्वारा फेक मैरिज पार्टी का आयोजन करने की तैयारी की जा रही थी। लेकिन जैसे ही इस आयोजन की जानकारी आसपास के ग्रामीणों और हिंदूवादी संगठन के लोगों को हुई।

तो उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर नाराजगी जताई। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में कोशी रिसॉर्ट के मैनेजर को प्रतिबंधात्मक धारा के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। दुर्ग में फेक मैरिज पार्टी के आयोजन को लेकर हिंदूवादी युवा मंच के लोगों ने हिंदू धार्मिक भावना आहत होने के विरोध में मंगलवार को जेवरा सिरसा पुलिस चौकी




पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया और फेक मैरिज कार्यक्रम पर पूर्णतः प्रतिबंध किए जाने की मांग कर अपना ज्ञापन सौंपा। वहीं, इस मामले में को लेकर जेवरा सिरसा पुलिस चौकी ने कोसी रिसॉर्ट के मैनेजर ब्रह्मदत्त पांडेय के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। वहीं, पूरे मामले और आयोजन को लेकर कोशी रिसॉर्ट के संचालक से उनका पक्ष जानने की भी कोशिश की। लेकिन उन्होंने मीडिया से दूरी बनाए रखी।

## *भतीजे पर तीर चलाकर हत्या के दोषी चाचा को आजीवन कारावास की सजा*

जिले में जमीन विवाद के चलते एक ग्रामीण ने खेत से धान लेकर घर लौट रहे अपने ही सगे भतीजे पर तीर चला कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान अन्य लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास और जुर्माने से दंडित किया है। मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि रामप्रसाद राठिया निवासी कया ने घरघोड़ा थाने में सूचना देते हुए बताया कि उसके पिता की मौत के बाद उसके बड़े पिता जी कंवर सिंह राठिया 58 साल, के साथ उनका जमीन विवाद चला आ रहा है, कई बार लड़ाई झगड़ा हो चुका है। 28 अक्टूबर 2020 की दोपहर 3 बजे वह और उसका छोटा भाई पुरन राठिया गांव के संतोष राठिया और होम राठिया के साथ ट्रेक्टर में खेत से कटा हुआ धान लेकर गांव की तरह आ रहे थे। जैसे ही वे लोग मांझी डोंगरी जंगल के पास पहुंचे ही थे कि घात लगाए बैठे कंवर सिंह राठिया ने धनुष से तीन तीर पुरन राठिया को मारा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### अन्य लोगों ने यहां-वहां भागकर बचाई जान

इस दौरान अन्य लोगों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई और गांव वालों को घटना से अवगत कराया। रामप्रसाद राठिया की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के विद्वान न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी कंवर सिंह राठिया को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 1 हजार जुर्माने से दंडित किया।

### आरोपियों में 4 बालिग, एक-एक अपचारी बालक-बालिका

## पटाखा फेंककर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कबीर नगर थाना पुलिस ने घर पर पटाखा फेंककर दहशत फैलाने और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने माना थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम देना भी कबूल किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 4 बालिग, एक अपचारी बालक और एक अपचारी बालिका शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, 24 मई 2026 की रात करीब 1 बजे वीर सावरकर नगर, हीरापुर निवासी रिंकु तिवारी के घर पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पटाखा फेंककर हमला किया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में कबीर नगर थाना में अपराध क्रमांक 104/25 के तहत धारा 296, 351(2), 3(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कबीर नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुखबिरों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर कुल 6 आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू पटेल, आकाश पासवान, सूरज सिंह और शेख कलीम के रूप में हुई है। इनके अलावा एक अपचारी बालक और एक अपचारी बालिका को भी अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर माना थाना क्षेत्र के बोरियाकला स्थित एक खिलौने की दुकान में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त किया है।

## खबर संक्षेप



### डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ दो पैसे मजबूत

**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली तेजी के साथ 95.68 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव और बातचीत में हो रही देरी के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोर रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला। अब सबका ध्यान तीन से पांच जून के बीच होने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आगामी बैठक पर है।

### सेन्को गोल्ड के मुनाफे में 151 प्रतिशत का उछाल




**कोलकाता।** सेन्को गोल्ड लि. का मार्च, 2026 समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 151 प्रतिशत बढ़कर 157 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 62 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय भी 45 प्रतिशत बढ़कर 1,997 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,378 करोड़ रुपये थी। वहीं कर-पूर्व-आय (एबिटा) दोगुना से अधिक होकर 274 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### गेहूं उत्पादन 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के बावजूद गेहूं का उत्पादन फसल सत्र 2025-26 के दौरान 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन



रहने का अनुमान है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह अनुमान कृषि मंत्रालय के 2025-26 के मानसून की शुरुआत में लगाए गए 12.02 करोड़ टन उत्पादन के अनुमान के अनुरूप है। यह फसल सत्र 2024-25 में दर्ज 11.79 करोड़ टन गेहूं उत्पादन से अधिक है। मंत्रालय ने जुलाई 2025- जून 2026 सत्र के लिए प्रमुख कृषि फसलों का तीसरा अनुमान जारी करते हुए कहा, ''गेहूं का उत्पादन 12.06 करोड़ टन होने का अनुमान है।

# बीआईएस का अलर्ट, सिक्कों और गहनों में मिलाई जा रही है सस्ती धातु

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में चांदी की बढ़ती कीमत और निवेश की तेज डिमांड के बीच अब बाजार में नकली और लो-क्वॉलिटी की चांदी एक नई समस्या बनकर उभर रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बाजार में बिक रही कई सिल्वर बार, सिक्के और ज्वेलरी शुद्धता के तय मानकों पर खरी नहीं उतर रही हैं। इससे न केवल ग्राहकों को नुकसान हो रहा है, बल्कि पूरे सिल्वर मार्केट की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

देश में पिछले कुछ समय से चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। निवेशक सोने के साथ-साथ चांदी को भी सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं। यही वजह है कि सिल्वर बार, कॉइन और चांदी के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ी है। लेकिन, बढ़ती मांग का फायदा उठाकर कुछ कारोबारी और नकली उत्पाद बनाने वाले लोग बाजार में कम शुद्धता वाली चांदी बेच रहे हैं।

## बाजार में नकली और लो-क्वॉलिटी की चांदी नई समस्या बनकर उभर रही

### चांदी में निकेल, कैडमियम और लेड जैसे तत्व पाए गए

कीमती धातु उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में बड़ी मात्रा में ऐसी चांदी मौजूद है, जिसमें 999 प्योरिटी का मानक पूरा नहीं होता। कई मामलों में चांदी में निकेल, कैडमियम और लेड जैसे प्रतिबंधित तत्व भी पाए जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक माने जाते हैं। खास चिंता की बात यह है कि ऐसी धातुएं अक्सर स्क्रैप सिल्वर से बनी ज्वेलरी और अन्य वस्तुओं में मिल रही हैं।



### देश में मात्र चांदी के 286 हॉलमार्किंग सेंटर मौजूद

विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह सोने के लिए सख्त हॉलमार्किंग और लाइसेंसिंग सिस्टम लागू है, उसी तरह चांदी के लिए भी मजबूत व्यवस्था जरूरी है। फिलहाल भारत में सालाना करीब 7,000 टन चांदी की खपत होती है, लेकिन इसके लिए केवल 286 अस्सेइंग और हॉलमार्किंग सेंटर मौजूद हैं।

### ज्वेलर्स नियम का पालन नहीं कर रहे

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) ने सितंबर 2025 से चांदी की हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया है, लेकिन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि अभी भी बड़ी संख्या में ज्वेलर्स इस नियम का पूरी तरह पालन नहीं कर रहे। इससे ग्राहकों के लिए असली और नकली चांदी की पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

### चांदी की वस्तुओं के लिए ये बड़े केंद्र

देश के जयपुर, आगरा, राजकोट, कोल्हापुर, सलेम और कटक जैसे शहर चांदी के आभूषण और धार्मिक वस्तुएं बनाने के बड़े केंद्र माने जाते हैं। यहां बड़ी मात्रा में चांदी से बने बर्तन, पूजा सामग्री और सिक्के तैयार होते हैं। लेकिन, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि इनमें से कई उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली चांदी की गुणवत्ता संदिग्ध होती है।

## संघर्ष का प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा

# पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने पर बीमा की वृद्धि दर पड़ सकती नरम: एलआईसी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्रणी बीमा कंपनी एलआईसी के प्रमुख आर दुरईस्वामी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के लंबे समय तक बने रहने की स्थिति में देश के बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है, क्योंकि इससे लोगों की आय और बचत क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक दुरईस्वामी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया संकट लंबा चलता है तो इसका श्रृंखलाबद्ध प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थिति जल्द सामान्य होगी।

## बचत प्रभावित होने का असर बीमा क्षेत्र पर पड़ता है

### ऊर्जा समेत कई क्षेत्र प्रभावित

दुरईस्वामी ने कहा कि यदि अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है तो बीमा उद्योग भी इससे अछूता नहीं रह सकता है। लोगों की आय और बचत क्षमता पर असर पड़ने से बीमा क्षेत्र पर भी स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों पर असर पड़ा है। इससे आर्थिक वृद्धि में सुस्ती और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।




### आईपीओ पर अंतिम फैसला सरकार लेगी

एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी घटाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर दुरईस्वामी ने कहा कि कंपनी इस तरह के कदमों के लिए पहले से तैयार है। उन्होंने कहा, /''जब हमने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी शुरू की थी, तभी से हम आगे के ऐसे कदमों के लिए तैयार थे। इस पर अंतिम फैसला सरकार को लेना है।/''

### सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है

एलआईसी प्रमुख ने कहा कि जैसे ही समय और हिस्सेदारी के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा, एलआईसी सरकार के साथ मिलकर इसे सफल बनाने के लिए तैयार है। वर्ष 2022 में एलआईसी का आईपीओ आया था, जो उस समय आकार के लिहाज से देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम था। इसके जरिए सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 21,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने पर सरकार काम कर रही

दुरईस्वामी ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों के लिए निर्धारित मानकों के तहत न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है, लेकिन मौजूदा बाजार अस्थिरता के कारण अगले सार्वजनिक पेशकश के लिए उचित समय का इंतजार किया जा रहा है। आईपीओ के बाद शेयरधारकों को लाभ देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एलआईसी ने हाल में एक मौजूदा शेयर पर एक बोनस शेयर जारी किया और इसके बाद 67 प्रतिशत अधिक लाभांश देने की भी घोषणा की।

### दस रुपए अंतरिम लाभांश की सिफारिश

एलआईसी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों को अंतिम रूप देते समय 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 10 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसे शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन रखा गया है। एलआईसी ने हाल ही में जनवरी-मार्च तिमाही में 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,420 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो देश की किसी भी वित्तीय सेवा कंपनी का अब तक का उच्चतम स्तर है।

## अमेरिकी दल का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच करेंगे

# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को आएगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

- कई क्षेत्रों पर बातचीत आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया

अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस बातचीत में ''अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।''भारत और



अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा। इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था ।

### फरवरी की बैठक स्थगित की गई थी

यह शुल्क 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाए गए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इन बदलावों के मद्देनजर, भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों के बीच फरवरी में बैठक रखी गई थी, जो स्थगित कर दी गई थी।

### पुष्प ब्रांड का आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** इंदौर की मसाला विनिर्माता कंपनी पुष्प ब्रांड (इंडिया) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ का आकार 800 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

# सोना 1,100 रुपए गिरकर 1.61 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर, चांदी भी टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,100 रुपये गिरकर 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की बढ़ती मांग के कारण निवेशकों ने सोने को लेकर सतर्क रुख अपनाया।

- डॉलर की बढ़ती मांग से निवेशक सोने को लेकर सतर्क

अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। मंगलवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी भी



3,300 रुपये टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा।''उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में किसी समझौते की उम्मीदें कम होने से ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी और वैश्विक व्यापार प्रवाह में संभावित रुकावटों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

### डॉलर की मांग बढ़ने से डॉलर हुआ मजबूत

कोटक सिक्योरिटीज में सहायक उपाध्यक्ष (जिंस शोध) कायनात चैनवाला ने कहा, ''हाजिर सोना 4,500 डॉलर प्रति औंस से नीचे कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 75 डॉलर से नीचे आ गई है। दक्षिणी ईरान में अमेरिका के नए हमलों के बाद सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में डॉलर की मांग बढ़ने से डॉलर मजबूत हुआ है।


**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**प्रबंधन में स्नातक – बीबीए, बीएमएस, बीबीएम (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक - बीसीए (पूर्णकालिक 3/4 वर्षीय) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश (शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 17.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2026 से 19.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 01.06.2026 से 21.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 22.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 26.06.2026 से 02.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित)** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 03.07.2026 से 16.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 17.07.2026 से 18.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 04.07.2026 से 20.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 21.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 25.07.2026 से 01.08.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

  **प्रवेश निरस्त**
  - काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/126069/2026 **संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**



**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं**
**आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
प्रथम तल, टैगोर छात्रावास, क्रमांक-T2, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2026-27 (C-18)**

**बी. फार्मेसी/डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश (शासकीय, मध्यप्रदेश राज्य शासन द्वारा घोषित स्वशासी, अनुदान प्राप्त अशासकीय, स्वशासी एवं स्ववित्तीय (विश्वविद्यालयीन) एवं निजी संस्थान)**

| गतिविधियां | दिनांक/समय |
|---|---|
| **प्रथम चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 29.05.2026 से 14.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 15.06.2026 से 16.06.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 10.06.2026 से 18.06.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| **कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता** | 19.06.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 24.06.2026 से 30.06.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **द्वितीय चरण** | |
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 01.07.2026 से 15.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 16.07.2026 से 17.07.2026 सायं 5:30 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकताक्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 03.07.2026 से 19.07.2026 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता | 20.07.2026 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 24.07.2026 से 30.07.2026 सायं 6:30 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 02.08.2026 से 05.08.2026 | 06.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 07.08.2026 से 10.08.2026 | 11.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 12.08.2026 से 14.08.2026 अंतिम तिथि को रजिस्ट्रेशन दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा | 14.08.2026 प्रात: 10:30 बजे से सायं 06:30 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रातः 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तद्उपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

  **प्रवेश निरस्त :**
  - काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकताक्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अतिरिक्त संचालक**
म.प्र. माध्यम/126068/2026 **संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## रेलवे फाटक स्थायी रूप से होगा बंद, अब नए आरओबी से गुजरेंगे सभी वाहन

# 31 मई से शुरू होगा बालाघाट-गर्रा रोड ओव्हर ब्रिज पर यातायात

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी पुल के पहले निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) से 31 मई 2026 से यातायात शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के उप मुख्य अभियंता द्वारा जारी सूचना के अनुसार 31 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से उक्त रेलवे फाटक सभी प्रकार के सड़क



यातायात के लिए हमेशा के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद बालाघाट-गर्रा एवं वारासिवनी मार्ग से आने-जाने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन नव निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज से कराया जाएगा।

रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने से लंबे समय से लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। पहले ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी, जिससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता था। अब आरओबी बनने से यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो जाएगा।

आरओबी निर्माण के दौरान बस, ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों का यातायात डेंजर रोड से डायवर्ट किया गया था। इससे भारी वाहनों को शहर में प्रवेश और बाहर निकलने में अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने के बाद बड़े वाहनों को डेंजर रोड से होकर आने-जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बस, ट्रक और अन्य भारी वाहन सीधे रोड ओव्हर ब्रिज के माध्यम से बालाघाट शहर में प्रवेश कर सकेंगे तथा बाहर जा सकेंगे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि आरओबी शुरू होने से शहर और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन में सुविधा बढ़ेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। प्रशासन और रेलवे विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि 31 मई के बाद पुराने रेलवे फाटक मार्ग का उपयोग न करें तथा निर्धारित डायवर्ट मार्ग एवं यातायात संकेतों का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## रेत माफियाओं का आतंक - आरक्षक पर चढ़ाया ट्रैक्टर, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र के कामथी गांव में रेत से भरे ट्रैक्टर से प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले को कुचलने के कथित प्रयास का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है।**

इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य से पूछताछ जारी है। घायल प्रधान आरक्षक राजेश्वर राहंगडाले का इलाज गोंदिया के यूनाईटेड हॉस्पिटल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और अगले कुछ दिनों में स्वास्थ्य में सुधार की उम्मीद है। पुलिस ने उनके बयान भी दर्ज कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि रेत परिवहन की सूचना सीधे प्रधान आरक्षक को मिली थी। इसके बाद वे सूचना संकलन सुनील विश्वकर्मा के साथ मौके पर पहुंचे थे। घटनास्थल पर बनाए गए वीडियो में ट्रैक्टर में रेत भरी दिखाई दे रही है। पुलिस के अनुसार प्रधान आरक्षक कार्रवाई के दौरान अपना काम कर रहे थे। खनिज विभाग के मुताबिक कामथी क्षेत्र में कोई अधिकृत रेत घाट नहीं है। ग्राम सरपंच साहेबलाल देशमुख ने भी गारापुरी नाले से ट्रैक्टर द्वारा रेत लाने की जानकारी मिलने की बात कही है। पुलिस ने आकाश टेकाम, सुरजीत टेकाम और देवीसिंह कुमरे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य दो से पूछताछ की जा रही है।

# बंद कमरे में मिला दंपत्ती का शव, इलाके में सनसनी; पहले पत्नी का गला घोंटा, फिर पति ने लगाई फांसी!

सतना।

रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के तिवनी गांव में बुधवार की सुबह एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक घर के भीतर अंदर से बंद कमरे में पति-पत्नी के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पत्नी का शव जहाँ बिस्तर पर पड़ा था,वहीं पति का शव फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### ऐसे खुला खौफनाक वारदात का राज

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,मृतकों की पहचान रामनिवास कोरी उम्र 45 वर्ष और उनकी पत्नी शकुंतला कोरी उम्र 43 वर्ष के रूप में हुई है। इस खौफनाक घटना का पता तब चला जब रामनिवास के पिता मंगल कोरी बुधवार सुबह करीब 8 बजे खेत में काम करके वापस लौटे। पिता ने काफी देर तक अपने बेटे और बहू को आवाज लगाई,लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को इकट्ठा किया। इसके बाद मृतक के लड़के को खपरैल (छत) के ऊपर चढ़ाया गया। जब खपड़ा हटाकर अंदर देखा गया,तो कमरे का नजारा देखकर सबके होश उड़ गए। अंदर रामनिवास का शव फंदे से लटक रहा था और शकुंतला का शव बिस्तर पर निष्प्राण पड़ा था।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि कमरे का दरवाजा अंदर से पूरी तरह बंद था। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि मौके पर कहीं भी खून के धब्बे नहीं मिले हैं और न ही दोनों के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे पारिवारिक



विवाद या किसी अन्य कारण से उपजे तनाव में 'पति द्वारा पत्नी की गला घोंटकर हत्या और फिर खुदकुशी' का मामला मान रही है।

### दो दिन पहले ही रीवा से लौटा था पति

सूत्रों के मुताबिक, मृतक रामनिवास रीवा में एक व्यापारी के यहाँ ट्रक ड्राइवर का काम करता था और दो दिन पहले ही अपने घर लौटा था। परिजनों के अनुसार, फिलहाल परिवार में किसी बड़े विवाद की बात सामने नहीं आई है। ऐसे में रामनिवास ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी बारीकी से तफ्तीश कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और परिजनों व पड़ोसियों से पूछताछ कर मौत के असली कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## ब्राह्मण समाज की बेटियों पर विवादित वीडियो बनाने का मामला: चार माह पुरानी एफआईआर पर कार्रवाई, हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिलने के बाद पुलिस ने की गिरफ्तारी

# बघेली कलाकार मनीष पटेल गिरफ्तार

रीवा।

विंध्य क्षेत्र के चर्चित बघेली कलाकार एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष पटेल को पुलिस ने चार माह पुराने विवादित वीडियो प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा वीडियो कंटेंट प्रसारित किया था, जिसे लेकर ब्राह्मण समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि वीडियो में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक एवं विवादित टिप्पणी प्रस्तुत की गई थी, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुईं। मामले के सामने आने के बाद रीवा सहित पूरे विंध्य क्षेत्र में यह विषय चर्चा का केंद्र बना रहा था। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद ब्राह्मण समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपे थे तथा संबंधित कलाकार के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मनीष पटेल के खिलाफ



विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही मामले को लेकर लगातार सामाजिक संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों द्वारा कार्रवाई की मांग उठाई जा रही थी। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तारी से बचने के लिए मनीष पटेल ने न्यायालय की शरण ली थी और अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि उन्हें वहां से राहत नहीं मिली। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित किया गया उक्त कंटेंट सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला था तथा इससे एक वर्ग विशेष की महिलाओं की गरिमा और सम्मान को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया। मामले को लेकर समाज के विभिन्न संगठनों ने लगातार विरोध दर्ज कराया और प्रशासनिक अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए थे। इस बीच विवाद बढ़ने के बाद मनीष पटेल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से उक्त वीडियो हटाने की जानकारी दी थी। साथ ही सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी गई थी। बावजूद इसके शिकायतकर्ताओं ने कानूनी कार्रवाई जारी रखने की मांग की थी, गिरफ्तारी के बाद आरोपी न्यायालय पेश किया गया।

## रीवा में शराब माफियाओं का 'रिटर्न गिफ्ट' जहां हुई थी कार्रवाई वहीं फिर सज गई अवैध शराब की दुकान

रीवा। जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार को लेकर एक बार फिर माहौल गर्म हो गया है। हैरानी की बात यह है कि जिस जगह पर कुछ समय पहले पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की थी, उसी स्थान के सामने अब फिर खुलेआम शराब बिकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है कि आखिर कार्रवाई के बाद भी शराब कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा लग रहा है मानो कार्रवाई सिर्फ फोटो और कागजों तक सीमित रह गई हो, क्योंकि जमीनी हकीकत में शराब का कारोबार फिर उसी रफ्तार से दौड़ता दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर खुलेआम शराब बिक्री होती नजर आ रही है, जिसके बाद लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं। क्षेत्र में चर्चा इस बात की भी है कि बिछिया थाना क्षेत्र में आईपीएस अधिकारी की मौजूदगी के बावजूद यदि अवैध शराब कारोबार दोबारा उसी जगह शुरू हो गया, तो फिर बाकी इलाकों की स्थिति कैसी होगी। कई लोग तंज कसते हुए कह रहे हैं कि "रीवा में अवैध शराब कारोबारियों का आत्मविश्वास इतना मजबूत है कि कार्रवाई के बाद भी दुकानें फिर टाइम से खुल जाती हैं।" ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की सख्ती की खबरें तो खूब सुनाई देती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर शराब माफिया फिर सक्रिय हो जाते हैं। कुछ लोग यह सवाल भी उठा रहे हैं कि आखिर इतनी तेजी से दोबारा कारोबार शुरू होने के पीछे किसका संरक्षण है। हालांकि क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि संभव है थाना प्रभारी को इसकी जानकारी ही न हो और पर्दे के पीछे यह खेल संचालित किया जा रहा हो। वायरल वीडियो के बाद अब लोगों की निगाहें जिला पुलिस प्रशासन पर टिक गई हैं। आमजन यह जानना चाहते हैं कि क्या इस बार सिर्फ कार्रवाई की खबर बनेगी या वास्तव में अवैध शराब कारोबार पर स्थायी लगाम भी लगेगी। सोशल मीडिया पर लोग मजाकिया अंदाज में यह भी लिख रहे हैं कि "रीवा में शराब की दुकानें बंद कम और री-ओपन ज्यादा होती हैं।"

## मऊगंज को मिला नया आरटीओ कोड, अब MP-72 से होगी वाहनों की पहचान

**मऊगंज।** मध्य प्रदेश शासन ने मऊगंज जिले को नया आरटीओ कोड जारी कर दिया है। अब मऊगंज जिले में खरीदे जाने वाले नए वाहनों का पंजीयन **MP**-72 सीरीज से किया जाएगा। इस फैसले के बाद जिले के वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों पर अलग पहचान मिलेगी और जिले की प्रशासनिक पहचान भी और मजबूत होगी। हालिया स्थानीय रिपोर्ट्स में **MP**-72 को मऊगंज के लिए आवंटित किए जाने की जानकारी सामने आई है। अब तक मऊगंज जिले के वाहन रीवा या अन्य संबंधित आरटीओ कोड से पंजीकृत होते थे, लेकिन अब जिले के लिए अलग कोड जारी होने से वाहन पंजीयन प्रक्रिया में सुविधा मिलेगी। नई बाइक, कार या अन्य वाहन खरीदने वाले लोगों को अब **MP**-72 नंबर आवंटित किया जाएगा।

## कचरा वाहन पलटने से सफाई कर्मी की मौत, मर्चुरी के बाहर 4 घंटे चला धरना

### पत्नी एक किडनी के सहारे, बेटा दिव्यांग; आश्वासन के बाद माना पीड़ित परिवार

**सतना।** नगर निगम के कचरा कलेक्शन वाहन के पलटने से 38 वर्षीय सफाई कर्मचारी भैयालाल बसोर की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और मर्चुरी के बाहर ही धरने पर बैठ गए। पीड़ित परिवार ने मृतक के आश्रितों के लिए 50 लाख रुपए मुआवजा और एक सदस्य को नियमित सरकारी नौकरी देने की मांग रखी। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन शाम 4:30 बजे तक चला। इस दौरान कोलगवां टीआई सुदीप सोनी और तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया भी मौके पर पहुंचे। कचरा प्रबंधन कंपनी 'रेमकी' के प्रतिनिधियों और बसपा नेता सुभाष शर्मा की मौजूदगी में लंबी वार्ता हुई। करीब चार घंटे चली गहमा-गहमी के बाद प्रशासन और कंपनी की ओर से आर्थिक सहायता व नौकरी का ठोस आश्वासन मिलने पर परिजन माने और शव लेकर रवाना हुए। भैयालाल बसोर निवासी बड़खेरा,थाना सभापुर,हाल मुकाम घूरडांग का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। घर में कमाने वाले वे अकेले थे। उनकी मौत के बाद अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मृतक की पत्नी एक ही किडनी के सहारे जिंदगी की जंग लड़ रही हैं, जबकि उनका बेटा दिव्यांग है।

### ड्यूटी के दौरान हुआ था हादसा

जानकारी के मुताबिक,भैयालाल लंबे समय से नगर निगम के कचरा वाहन में हेल्पर के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे टिकुरिया टोला ईंट भट्टा के पास चालक की लापरवाही के कारण कचरा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में भैयालाल गाड़ी के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां से गंभीर हालत में उन्हें जबलपुर रेफर किया गया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

## रेलवे स्टेशन के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**सतना।** जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है,जहाँ लगरगवां रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव मिलने की खबर फैलते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी शासकीय अस्पताल भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों से पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान की जा सके। साथ ही आस-पास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी खंगाली जा रही है।

## बेकाबू कार ने 9 वर्षीय मासूम को रौंदा, मौत से पसरा मातम!

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भमरहा में तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। कैथा चौराहा स्थित महेंद्र सिंह की किराना दुकान में बैठे उनके 9 वर्षीय मासूम पुत्र दीपक सिंह को एक अनियंत्रित और बेकाबू कार ने अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण और भयावह थी कि कार सीधे सडक़ किनारे बनी दुकान को तोड़ती हुई भीतर जा घुसी, जिससे दुकान में अकेला बैठा बालक गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। परिजनों द्वारा तत्काल उसे चिकित्सालय ले जाया गया, जहां नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रीवा के लिए प्रेषित (रेफर) कर दिया, परंतु विधि का विधान इतना क्रूर था कि रास्ते में ही इस मासूम ने दम तोड़ दिया। क्षेत्र में यह कोई पहली घटना नहीं है। रविवार को भी ब्यौहारी में ही गैस सिलेंडरों से लदे एक भारी वाहन (ट्रक) ने एक अन्य मासूम को बेरहमी से कुचल दिया था। लगातार दो दिनों के भीतर दो अबोध बच्चों की सडक़ पर असमय मौतों से पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश और घोर दहशत का माहौल है।

# कुपोषण का कलंक, 5 साल की उम्र में हड्डियों का ढांचा बना पवन कटनी से मैहर अस्पताल पहुंचा मासूम, डॉक्टर बोले: जन्मजात विकृति

मैहर।

मध्य प्रदेश में महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग की तमाम योजनाओं को धता बताती एक बेहद संवेदनशील और चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। 5 साल का एक मासूम बच्चा भूख और बीमारी के कारण हड्डियों का ढांचा बनकर रह गया है। उसके शरीर का मांस पूरी तरह सूख चुका है और पसलियां साफ दिखाई दे रही हैं। अत्यधिक कमजोरी और सूखा रोग (कुपोषण) से पीड़ित इस बच्चे को जब मंगलवार को मैहर सिविल अस्पताल लाया गया,तो उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे तुरंत भर्ती कर लिया।

### कटनी से इलाज के लिए मैहर आया परिवार

जानकारी के अनुसार,5 वर्षीय मासूम पवन सिंह,पिता रमेश सिंह,मूल रूप से कटनी जिले की बरही तहसील के खतौली बंजारिया गांव का निवासी है। बच्चे की हालत लगातार बिगड़ने पर उसकी मां उषा सिंह और मामी संजू सिंह



उसे लेकर मैहर सिविल अस्पताल पहुँचीं। मामी संजू सिंह ने बताया कि पवन का शरीर लगातार सूखता जा रहा है,उसकी हड्डियां बाहर निकल आई हैं और शरीर टेढ़ा हो गया है। बच्चे के गले और कंधे में हमेशा तेज दर्द रहता है। कई जगह देसी-विदेशी इलाज कराने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ,तो वे उसे मैहर लेकर आए।

### विभागों में समन्वय की कमी, मासूमों पर आफत

सतना और मैहर अंचल के ग्रामीण इलाकों में लगातार सामने आ रहे कुपोषित बच्चों के मामलों के बीच मैहर में यह अपनी तरह का पहला मामला है,जो पड़ोसी जिले कटनी से सामने आया है। इस घटना ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी तालमेल की पोल खोल दी है। जानकारों का कहना है कि यदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,आशा कार्यकर्ताओं और कुपोषण उन्मूलन योजनाओं की नियमित निगरानी होती,तो मासूम पवन की हालत इतनी बदतर नहीं होती।

### डॉ बोले 'जन्मजात विकृति' है मुख्य कारण

इस पूरे मामले में मैहर सिविल अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह चेस्ट वॉल डिफॉर्मिटी सिंड्रोम का मामला है। उन्होंने कहा,बच्चे में जन्मजात शारीरिक विकृति है, जिसके कारण उसकी गर्दन टेढ़ी है और हड्डियां उभरी हुई दिख रही हैं। ऐसी विकृति वाले बच्चों में कुपोषण के लक्षण अपने आप दिखने लगते हैं। फिलहाल उसे जनरल वार्ड में भर्ती कर जांच शुरू कर दी गई है। विस्तृत पैथोलॉजिकल टेस्ट के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।फिलहाल मासूम पवन डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में है।

# मेहंदवानी में गहराया जल संकट

## बूंद-बूंद पानी को तरसे वनग्राम खमरिया के ग्रामीण

### "हर घर जल" के दावों की खुली पोल, दो किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर ग्रामीण

**डिंडौरी/शहपुरा। भीषण गर्मी के बीच मेहंदवानी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुखलोडी के वनग्राम खमरिया में पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। पंचायत विभाग की लापरवाही और उदासीनता के चलते गांव के सैकड़ों ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को प्रतिदिन करीब दो किलोमीटर दूर पहाड़ी और घाट पार कर पानी लाना पड़ रहा है।**

गांव के कुएं, बावड़ियां और अन्य प्राकृतिक जल स्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं। इसके बावजूद पंचायत और जिम्मेदार विभाग द्वारा समय रहते कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो नियमित रूप से टैंकर भेजे गए और न ही खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत कराई गई।ग्रामीणों ने पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत और आवेदन देने के बावजूद केवल आश्वासन मिलता रहा, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पानी की समस्या के कारण पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। दिनभर ग्रामीण पानी की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं, जबकि छोटे बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। मामले में सबसे बड़ा



सवाल तब खड़ा होता है जब यह जानकारी सामने आई कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वनग्राम खमरिया की पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए ग्राम पंचायत को करीब 10 लाख 66 हजार रुपए की राशि वर्षों पहले स्वीकृत की गई थी। इसके बावजूद गांव में आज तक स्थायी जल व्यवस्था नहीं बन पाई। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि स्वीकृत राशि का सही उपयोग और समय पर कार्य कराया गया होता तो आज गांव को इस गंभीर संकट का सामना नहीं करना पड़ता।जल संकट से परेशान ग्रामीण बड़ी संख्या में जनपद पंचायत मेहंदवानी पहुंचे और पंचायत विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने तत्काल पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# बकरीद आज, शालीनता और भाईचारा से मनाने की अपील

**जबलपुर**। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व आज 28 मई, गुरूवार को पूरे मुल्क में अकीदत, उल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग ईद की नमाज अदा करेंगे और मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगेंगे। रानीताल ईदगाह में ईद-उल-अजहा के मौके पर मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी मुस्लिम समुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे नायब मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना सूफी जियाउल हक कादरी ईद की नमाज अदा कराएंगे।



### शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं ईद-उल-अजहा

ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रिजवान अली कोटी, छात्र नेता शफी खान, अदनान अंसारी, एजाज अंसारी, शाहनवाज अंसारी, वकार खान, जफर खान आदि ने समस्त मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि कुर्बानी के दौरान साफ-सफाई एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विशेष ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी के जो अवशेष उपयोग में नहीं आते, उन्हें सड़कों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंका जाए, बल्कि नगर निगम की गाड़ियों अथवा निर्धारित स्थानों पर उचित तरीके से पैक कर डालें। साथ ही पर्व को शालीनता, अदब-ए-एहतराम तथा आपसी भाईचारे के साथ मनाएं एवं जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

### आम रास्तों पर कुर्बानी कतई न करें

प्रवक्ता रिजवान अली कोटी एवं छात्र नेता शफी खान ने कहा कि जबलपुर संस्कारधानी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते हैं। इसलिए हमारी यह जिम्मेदारी है कि हमारे किसी भी कार्य से किसी अन्य व्यक्ति को असुविधा या ठेस न पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समाज से यह भी आग्रह किया कि कुर्बानी से संबंधित फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें, ताकि समाज में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण कायम रहे।



# लघु उद्योग भारती ने शुरू किया वृहद वृक्षारोपण अभियान

**जबलपुर**। पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र (डीआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत विभिन्न औद्योगिक परिसरों में 50 पौधों का रोपण कर हरित भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था पदाधिकारियों ने उद्यमियों से अपने-अपने औद्योगिक परिसरों में कम से कम दो पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सामाजिक दायित्व नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन संस्कृति हमें पृथ्वी, मानवता और राष्ट्रहित के संरक्षण की प्रेरणा देती है तथा वृक्षारोपण उसी भावना का प्रतीक है। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान लगभग 10 उद्योगों एवं फैक्ट्रियों में चलाया गया, जिनमें सतनाम इंडस्ट्री, एपी मेटाफेब इंडस्ट्री, रेवा बेकरी और गोविंद इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर रवि गंगवानी, अर्जुन समतानी, इंद्र तेजवानी, प्रेम शरण पटेल, महेश पुरसवानी, प्रवीण यादव, राजेश परवानी सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## जबलपुर विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन का स्वागत किया

**जबलपुर**। जबलपुर विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन का स्वागत माँ नर्मदा मण्डल के मंत्री वीरेन्द्र दुबे (गुड्डा) एवं पश्चिम विधानसभा के बूथ अध्यक्ष राजेश कुमार राजपूत लक्ष्मी कालोनी निवासी द्वारा माला पहनाकर एवं मिष्ठान वितरण कर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने अपना आशीर्वाद प्रदान कर उन्नत भविष्य की कामना की।

# भंवरताल में आयोजित हुई 47वीं जिला स्तरीय तैराकी एक्वेटिक प्रतियोगिता

**जबलपुर**। जिला तैराकी संघ जबलपुर के तत्वावधान में नगर निगम स्वीमिंग पूल भंवरताल में "47वीं जिला स्तरीय तैराकी एक्वेटिक प्रतियोगिता 2026" का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ तैराकों एवं संघ पदाधिकारियों वेद प्रकाश चौबे और मुईन रजा द्वारा स्वीमिंग पूल पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर नीरज सिंह तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील बहल उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष संजय पटेल, आयोजन समिति संयोजक डॉ. दीपक साहू, सचिव सुनील कुमार पटेल, उमेश पटेल, नवराज सिंह, नीतेश कछवाहा, सिमोन पटेल एवं आयोजन सचिव पं. रामदत्त शुक्ला ने किया। इस अवसर पर भगवान सिंह ने तैराकी को व्यायाम एवं जीवन रक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण खेल बताते हुए प्रतिभागी बालक-बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी 54वीं राज्य स्तरीय एक्वेटिक चैम्पियनशिप रीवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना भी की। प्रतियोगिता में रेफरी एवं निर्णायक की जिम्मेदारी नवराज सिंह एनआईएस, नीतेश कछवाहा, जमना प्रसाद पटेल, सार्थक पटेल एनआईएस, शिवम पटेल, विशाल सिंह, अमन लोधी, आशीष पटेल, दीपांशु शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, सिद्धांत पटेल, आदित्य लोधी, आशीष सोनी, नंदन बर्मन, अजीत सिंह, अनुराग नामदेव, सत्यम तिवारी, अमित शर्मा, नेमीचंद रजक एवं माही द्विवेदी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव मध्यप्रदेश तैराकी संघ सुनील कुमार पटेल ने किया। प्रतियोगिता के दौरान इंदौर में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स तैराकी प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले जबलपुर के तैराक बालक-बालिकाओं को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

# जबलपुर आगमन पर केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक का आत्मीय स्वागत

**जबलपुर**। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के जबलपुर आगमन पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. अजय वाधवानी के निवास पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक, स्वास्थ्य एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में राजेंद्र ठाकरे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के सरल एवं सादगीपूर्ण व्यक्तित्व ने सभी को प्रभावित किया। उनके पूरे जबलपुर प्रवास के दौरान केवल इलेक्ट्रिक स्कूटर के उपयोग को लेकर शहर में विशेष चर्चा रही। पर्यावरण संरक्षण और सादगी का यह संदेश लोगों के लिए प्रेरणादायक माना गया। उपस्थित नागरिकों ने केंद्रीय मंत्री के विनम्र व्यवहार एवं जनसंपर्क शैली की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का आमजन के बीच सहज रूप से



रहना समाज में सकारात्मक संदेश देता है। अंत में डॉ. अजय वाधवानी एवं अन्य नागरिकों ने केंद्रीय मंत्री का अभिनंदन करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल सार्वजनिक जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

# रेलवे स्टेशन मदन महल में जीआरपी द्वारा चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान

**जबलपुर**। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के पालन में चलाए जा रहे सायबर जागरूकता अभियान के तारतम्य में जीआरपी चौकी मदन महल एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 27 मई 2026 को रेलवे स्टेशन मदन महल में सायबर जागरूकता अभियान का संचालन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र यात्रीगण, महिला यात्री एवं छोटे बच्चों को साइबर अपराधों से संबंधित ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी को नहीं देने का परामर्श देकर सोशल मीडिया पर साइबर के माध्यम से होने वाली घटनाओं से अवगत कराते हुए। 'डिजिटल अरेस्ट' के विषय में उदाहरण




सहित विस्तृत जानकारी दी गई एवं ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए इसके लिए निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया अकाउंट में 'मजबूत पासवर्ड' रखने और उसे समय समय पर बदलने हेतु जागरूक किया गया। ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सस्ते सामान के लालच में किसी भी वेबसाइट से सामान न खरीदते हुए केवल प्रामाणिक वेबसाइट जिनका url 'https' हो उनसे शॉपिंग करने हेतु निर्देश दिया गया। साइबर अपराध होने पर 1930 टोल फ्री नंबर या नजदीकी साइबर थाना में शिकायत करनी चाहिए। जीआरपी एमपी हेल्प ऐप डाउनलोड करने आदि जानकारी सहित अभियान के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा कर जागरुक करते हुए अभियान का संचालन किया गया है। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी जगन्नाथ सिंह, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सागर उपाध्याय, आरक्षक पिंटू पाल एवं चौकी का स्टाफ उपस्थित रहे।



## कांग्रेसजनों ने पं. जवाहरलाल नेहरू का पुण्यतिथि पर किया स्मरण

**जबलपुर**। नगर निगम उद्यान में स्थापित आधुनिक भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा पं. जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के संयोजन में माल्यार्पण किया गया। आयोजन में मप्र कांग्रेस कमेटी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, शहर कांग्रेस के सिद्धांत जैन, मीनाक्षी स्वामी, रीना विश्वकर्मा, राकेश चक्रवर्ती, विष्णु विनोदिया, अवधेश गुप्ता, भगत रामसिंह, आलोक गुप्ता, रमेश बेन, रीतेश नोतवानी, उमेश पटेल, श्याम सोलंकी, अशोक यादव सहित अनेक कांग्रेसजनों ने पं. जवाहरलाल नेहरू प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन रीतेश बंटी गुप्ता ने किया। सौरभ नाटी शर्मा ने पं. नेहरू के जीवन संघर्षों पर प्रकाश डाला। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि समर्पित की।

## पश्चिम मध्य रेल के 43 स्टेशनों पर सिग्नलिंग आधुनिकीकरण को मिली मंजूरी

**जबलपुर**। भारतीय रेल ने रेल सुरक्षा एवं परिचालन दक्षता को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत 43 स्टेशनों पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग आधुनिकीकरण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं पर कुल ₹665.14 करोड़ खर्च किए जाएंगे। परियोजना के तहत वर्तमान पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (**Electronic Interlocking**) प्रणाली से प्रतिस्थापित किया जाएगा। साथ ही ट्रैक सर्किट के समानांतर मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (**MSDAC**) प्रणाली भी स्थापित की जाएगी, जिससे रेल संचालन और अधिक सुरक्षित एवं विश्वसनीय बन सकेगा। स्वीकृत कार्यों में इटारसी-जबलपुर रेलखंड के 19 स्टेशनों पर ₹271.31 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं **MSDAC** प्रणाली स्थापित की जाएगी। वहीं जबलपुर-मानिकपुर रेलखंड के 24 स्टेशनों पर ₹393.83 करोड़ की लागत से इसी प्रकार का आधुनिकीकरण कार्य किया जाएगा। भारतीय रेल की व्यापक आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत उच्च घनत्व एवं अत्यधिक व्यस्त रेल मार्गों पर कवच (**Kavach**), ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (**ABS**) तथा सेंट्रलाइज्ड ट्रैफिक कंट्रोल (**CTC**) जैसी उन्नत सुरक्षा प्रणालियों को भी लागू किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, RATHOD RAVIRAJSINH RAMSINH of ARMY NO-15219674H. Rank-HAV(DS). Name-RATHOD RAVIRAJSINH RAMSINH, UNIT 332 FD REGT presently residing at Vill-SIMAR, POST-SANAKHDA, Teh-UNA, Distt-JUNAGADH, State-GUJRAT, PIN-362550 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे बेटे का नाम MANVEER SINH दर्ज है। जो कि गलत है। मेरे बेटे के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरे बेटे का नाम MANVEERSINH RAVIRAJSINH RATHOD दर्ज है। जो कि सही है मेरे बेटे के नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथपत्र नं. 38AA 580954 दिनांक 27/05/2026 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम
MANVEER SINH
सही नाम
MANVEERSINH RAVIRAJSINH RATHOD

कार्यालय संभागीय अधिकारी,
संभाग क्र. 03, रामपुर (शक्ति भवन रोड)
नगर पालिक निगम, जबलपुर
पत्रांक: सं. क्रं. 03/एम./2026-27/95
जबलपुर, दिनांक :26/05/2026

**भवन नामान्तरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उत्कर्ष अग्निहोत्री पिता श्री हेमंत कुमार अग्निहोत्री (संपत्ति पिन नं. 1000456918) ने भवन क्रमांक 2783/ एफ-43 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर प्लाट 1500 व.फु. तलघर- भूतल 1010 व.फु. मेजनाईन- प्रथम तल 360 व.फु. द्वितीय तल- तृतीय तल- विक्रय पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र/ खसरा प्रपत्र/ दानपत्र/ सहमति पत्र/ वसीयत नामा/ हक त्याग पत्र/ लीज डीड/ रिलीज डीड/ बंटवारा नामा/ फौती/ न्यायालय निर्णय की प्रति पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्र. 2783/एफ-43 वार्ड गिरिराज किशोर कपूर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्रीमति इन्दु मिश्रा पति एल. के. मिश्रा के स्थान पर नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय, संभाग क्र. 03, शक्ति भवन रोड, रामपुर, नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र. 03, रामपुर, नगर निगम, जबलपुर

**सार्वजनिक सूचना**
**PUBLIC NOTICE**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंनें, श्रीमती रजिया बेगम, पति स्व. श्री हाजी अख्तर खान नैयर, आयु लगभग 80 वर्ष, निवासी- जैसवाल मोहल्ला, आजाद चौक, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा हुमेरा शकील खान, पिता स्व. श्री हाजी अख्तर खान नैयर, पति शकील खान, उम्र लगभग 53 वर्ष, निवासी जैसवाल मोहल्ला, आजाद चौक, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.) के पक्ष में निष्पादित आम मुख्तारनामा दिनांक 10/01/2024, जो नोटरी रजिस्टर क्र. 25/2024, पृष्ठ क्र. 08 तथा रसीद क्रमांक 1363 में विधिवत नोटरीकृत किया गया था, को मैंने आज दिनांक 26/05/2026 से पूर्णतः निरस्त, रद्द, प्रभावहीन एवं समाप्त कर दिया है।

अतः उक्त मुख्तार पावर ऑफ अटार्नी धारक को अब मेरी तरफ से अथवा मेरे प्रतिनिधि के रूप में किसी भी प्रकार का विक्रय, क्रय, बंधक, अनुबन्ध, हस्तान्तरण, कब्जा देना अथवा प्राप्त करना, किरायेदारी संबंधी कार्यवाही, बैंकिंग कार्यवाही, शासकीय अथवा अर्ध शासकीय कार्यालयों में प्रस्तुतीकरण, बैंकिंग लेन-देन, न्यायलीन कार्यवाही अथवा अन्य किसी भी प्रकर का वैधानिक अथवा वित्तीय कार्य संपादित करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा।

यह भी स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त निरस्त एवं प्रभावहीन मुख्तारनामा / पावर ऑफ अटार्नी के आधार पर किसी प्रकार का लेन-देन, व्यवहार, अनुबंध अथवा कार्यवाही करता है, तो उसका उत्तरदायित्व स्वयं संबंधित व्यक्ति का होगा तथा उसके लिए मैं किसी भी प्रकार से उत्तरदायी अथवा बाध्यकारी नहीं रहूँगी।

यह सार्वजनिक सूचना जनसाधारण की जानकारी, सावधानी एवं अभिलेख हेतु प्रकाशित की जाती है।

दिनांक 26/05/26

निष्पादक
श्रीमती रजिया बेगम,
पति स्व. श्री हाजी अख्तर खान नैयर,
आयु लगभग 80 वर्ष,
निवासी- जैसवाल मोहल्ला, आजाद चौक,
गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.)

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु भागवत कथा में गूंजे भजन

**जबलपुर**। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर पुलिस कॉलोनी गढ़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उल्लासपूर्ण आयोजन हुआ। कथा व्यास स्वामी राम प्रपन्नाचार्य महाराज ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है और कलयुग में इसके श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार और अनाचार बढ़ा, तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के घर जन्म लेकर अधर्म का नाश किया। कथा के दौरान जैसे ही बाल स्वरूप श्रीकृष्ण का आगमन हुआ, श्रद्धालुओं ने जयकारों और पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया। भजन गायक ललित अग्रहरि द्वारा प्रस्तुत "नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की" भजन ने



श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा प्रारंभ से पूर्व व्यासपीठ का पूजन शिवचरण दुबे एवं निशा दुबे ने किया। आयोजन समिति प्रमुख राजेश पटेल ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित की जा रही है तथा 31 मई को हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ इसका समापन होगा। इस अवसर पर एडवोकेट अमोल सिंह राजपूत, राजकुमार अवस्थी, डॉ. अजय फौजदार, डॉ. अरुण मिश्रा, गोविंद सिंह, अभय तिवारी, जवाहर पटेल, भानु प्रताप सिंह, डीएस रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## "नारी केवल शक्ति नहीं, महाशक्ति है" सिद्धेश्वरी सराफ की कृति का विमोचन

**जबलपुर**। कला, साहित्य और संस्कृति के लिए समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवयित्री एवं कथाकार सिद्धेश्वरी सराफ की दोहा कृति "आर्यावर्त की अनुपमाएं—मां से चंद्रमा तक" का विमोचन नूतन मराठी स्कूल में आयोजित समारोह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नारी केवल शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि महाशक्ति है। मुख्य अतिथि डॉ. स्वाति गोडबोले ने महिलाओं के तप, त्याग और समर्पण पर प्रकाश डाला। अतिथि गीताशरत तिवारी ने कहा कि नारी ने हर दायित्व का निर्वहन करते हुए संघर्ष और सफलता दोनों प्राप्त किए हैं। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिशंकर दुबे ने पौराणिक काल से वर्तमान तक महिलाओं के योगदान की चर्चा की।संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि कृति में 101 महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों को दोहा छंद के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। विशिष्ट अतिथि प्रतुल श्रीवास्तव, विजय नेमा एवं संतोष नेमा ने इसे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वरी सराफ का विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मान किया गया। प्रारंभ में डॉ. संध्या श्रुति ने वंदना प्रस्तुत की। विशिष्ट कार्यों के लिए गणेश प्यासा एवं संगम त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। आभार यशोवर्धन पाठक ने व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्यकार, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### कमजोर पड़ी सब्जियों की आवक

# भीषण गर्मी से सब्जियों के दाम को लगी 'महंगाई की लू', किलो में नहीं पाव में बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी से सब्जियों के भाव को महंगाई की लू लग गई है। जिससे थोक मंडी सहित शहर विभिन्न हाट बाजारों में सब्जियों की आवक पहले की अपेक्षा कम पड़ गई है। आवक कमजोर पड़ने के साथ ही सब्जियों के भाव में 30 फीसदी तक उछाल आ गया है। जिसका असर आमजनों की रसोई पर दिखने लगा है।

राजधानी की स्थानीय थोक मंडी और फुटकर बाजारों में सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। आलू , टमाटर, भिंडी और हरी मिर्च के दाम के साथ टमाटर सहित अन्य हरी सब्जियां महंगी हो गई है। हाट बाजारों में सब्जी विक्रेता जो पहले भाव किलो में बता रहे थे वह पाव में भाव बताने लग गए है। विक्रेताओं का कहना है कि भीषण गर्मी से हरी सब्जियां देखते-देखते सूख रहीं है। आलू भी भारी मात्रा में खराब हो रहे हैं। इससे ट्रांसपोर्ट और भंडारण का खर्च बढ़ गया है। जिसके कारण हम लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। इसी कारण सब्जियों के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि यदि अगले एक सप्ताह तक गर्मी और लू का असर बना रहा तो कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

### परिवहन खर्च वृद्धि से सब्जियों की आपूर्ति पर पड़ा असर



सब्जी व्यापारी राजेंद्र सैनी और मो.वसीम के अनुसार पिछले एक सप्ताह में सब्जियों की कीमतों में 8 से 10 रुपए प्रति किलो तक की सीधी वृद्धि दर्ज की गई है। इस बढ़ोतरी के पीछे प्रमुख कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के चलते परिवहन भाड़े का महंगा होना बताया जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट खर्च बढ़ने से मंडियों तक सब्जियों की आपूर्ति पर सीधा असर पड़ा है, जिससे खुदरा बाजार में दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके अलावा स्थानीय उत्पादन में कमी और अन्य राज्यों पर बढ़ती निर्भरता ने भी स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। आने वाले दिनों में राहत की संभावना फिलहाल कम नजर आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ सकती है।

### नींबू और रोजमर्रा की सब्जियां भी महंगी

व्यापारियों के अनुसार इन दिनों नींबू की मांग खूब बनी हुई हैं लेकिन इसके दाम हाई फाई है। थोक में नींबू 2 से 4 रुपए नग वैरायटीनुसार है लेकिन फुटकर में यह 5 से 10 रुपए प्रति नग तक पहुंच गए हैं। आलू और प्याज जैसे सामान्य सब्जियां भी अब 20 से 25 रुपए प्रति किलो बिक रही हैं। थोक मंडी में रोजाना 25 से 30 गाड़ियों की आवक हो रही है, लेकिन स्थानीय उत्पादन लगभग खत्म हो चुका है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक स्थानीय बाड़ियों में नई फसल नहीं आती, तब तक सब्जियों के दामों में राहत की संभावना नहीं है। आवक कम रहने और परिवहन लागत बढ़ने से कीमतें और बढ़ सकती हैं। सब्जी व्यापारियों के अनुसार तेज गर्मी के कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं बाहर से आने वाली सब्जियों की सप्लाई भी कम हो गई है।

### कई कंपनियों ने बढ़ाया अतिरिक्त बोझ

## अब आम उपभोक्ता के लिए फ्रिज टीवी और गाड़ियों हो जाएंगी महंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मशहूर रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी ताजा 'क्विकोनॉमिक्स' रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब केवल पेट्रोल-डीजल की कीमतों तक सीमित नहीं रहा है। इस संकट के कारण उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल की लागत तेजी से बढ़ रही है, जिसका असर जल्द ही आम उपभोक्ताओं पर दिखाई दे सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक कंपनियों के लिए उत्पादन लागत लगातार बढ़ रही है। अब तक कई कंपनियां इस अतिरिक्त बोझ को खुद वहन कर रही थीं, लेकिन आने वाले समय में वे इसकी भरपाई के लिए अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ा सकती हैं। इसका सीधा असर फ्रिज, टीवी, एसी, मोबाइल, वाहन और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों

### 44 महीनों में पहली बार बढ़ी उत्पादन लागत

क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक आधारित कंपनियों का लागत-उत्पाद अनुपात अप्रैल 2026 में बढ़कर 1.02 पर पहुंच गया है। पिछले 44 महीनों में यह पहली बार है जब यह आंकड़ा 1.0 के स्तर को पार कर गया है। इसका मतलब है कि कंपनियां फैक्ट्री में सामान तैयार करने के लिए पहले की तुलना में अधिक खर्च कर रही हैं, जबकि ग्राहकों तक कीमतों में बढ़ोतरी अभी सीमित रखी गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी और जल्द ही कंपनियां कीमतें बढ़ाने का फैसला ले सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार औद्योगिक कच्चे माल, ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ने से कई सेक्टर फ्रिज, टीवी और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, कार और दोपहिया वाहन, टायर और ऑटो पार्ट्स, घरेलू उपकरण, निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर सामग्री प्रभावित हो सकते हैं। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, यदि कंपनियां लगातार बढ़ती लागत को खुद वहन करती रहीं तो उनके मुनाफे पर असर पड़ेगा। ऐसे में आने वाले महीनों में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में चरणबद्ध बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

### रोजमर्रा के सामान और महंगे

## महंगाईः चना-अरहर के बढ़ते दामों ने बिगाड़ दिया अब रसोई का बजट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई पर दिखने लगा है। चना और अरहर दाल की कीमतों में तेजी आने से घरेलू बजट बिगड़ने लगा है। वहीं डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और माल ढुलाई महंगी होने से खाने-पीने की वस्तुओं समेत रोजमर्रा के सामान के और महंगे होने की आशंका बढ़ गई है। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की संभावना ने बाजार की चिंता और बढ़ा दी है।

### दालों की आवक घटी कीमतों में तेजी

इंडिया पल्सेज एंड ग्रेंस एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार देश में चना और अरहर की आवक कम हो रही है, जबकि विदेशों से आयात भी घटा है। इसी वजह से बाजार में दालों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। बीते वित्त वर्ष में कुल दाल आयात घटकर 57.76 लाख टन रह गया, जो इससे पहले 69.3 लाख टन था। चने का आयात करीब पांच लाख टन कम हुआ है। मसूर और मटर के आयात में भी गिरावट दर्ज की गई है। यदि मौसम खराब रहा और उर्वरकों की कमी बनी रही, तो आने वाले महीनों में दालों के दाम और बढ़ सकते हैं।

### अल-नीनो और कमजोर मानसून से बढ़ी चिंता

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अल-नीनो के असर से इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। यदि मानसून कमजोर रहा तो खरीफ सीजन में अरहर जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटने और कीमतों में और तेजी आने की संभावना है। डीजल की किल्लत और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दबाव बढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुताबिक कई राज्यों में करीब 20 फीसदी ट्रक सड़कों से बाहर हो गए हैं। इससे माल ढुलाई की लागत 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है। ढुलाई महंगी होने का असर सीधे खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है।

# वीआईटी भोपालः मिला 70 लाख रुपए तक का पैकेज

### 1,550 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट, 630 से अधिक को ड्रीम और सुपर ड्रीम ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने 2026 बैच के प्लेसमेंट सीजन में मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया है, जिससे एक फ्यूचर-रेडी संस्थान के रूप में उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। साथ ही देश और विदेश की प्रमुख कंपनियों के बीच विश्वविद्यालय के प्रति बढ़ते भरोसे और लगातार बढ़ती भागीदारी को भी बल मिला है। मजबूत होते प्लेसमेंट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा अंडरग्रेजुएट पैकेज 70 लाख रुपए वार्षिक रहा, जबकि पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए सबसे बड़ा पैकेज 56 लाख रुपए वार्षिक दर्ज किया गया। लगातार बेहतर प्रदर्शन की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए, वीआईटी भोपाल ने 2023 से 2026 तक लगातार चार वर्षों तक 50 लाख रुपए से अधिक के पैकेज हासिल किए हैं। अब तक 2026 बैच के 1,550 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट हो चुका है, जबकि प्लेसमेंट के लिए रजिस्टर छात्रों में 80 प्रतिशत से अधिक को अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा, 630 से अधिक छात्रों को ड्रीम और सुपर ड्रीम ऑफर्स मिले हैं, जिनमें इंटर्नशिप और फुल-टाइम अवसर दोनों शामिल हैं।इस वर्ष प्लेसमेंट प्रक्रिया में टेक्नोलॉजी, कंसल्टिंग, सेमीकंडक्टर, फाइनेंस, एनालिटिक्स, हेल्थकेयर, रिसर्च और कोर इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों की कई बड़ी कंपनियों ने भाग लिया।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (जल )नगर पालिक निगम जबलपुर

पत्र क्र./का.पा.यं./जल/2026/PRO-227 **निविदा सूचना** जबलपुर, दिनांक 27/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_510906_1 | Jabalpur Municipal Corpotation invites Tender for Providing Laying of 300 mm. Dia Distribution Network From Sharda Nagar OHT to Raksha Colony Jabalpur. Details of tender can be obtained from our Website www.mptenders.gov.in | 03 माह एवं 7429516/- (GST Extra) | 10,000/- एवं 55721/- | 29/06/2026 |

नोट – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (जल)
नगर पालिक निगम जबलपुर

### कार्यालय नगरपालिका परिषद मण्डला (म. प्र. )

क्रमांक/लो.नि.शा./2026/725 मण्डला, दिनांक 27/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एव लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं ईएमडी राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_493207_2 दिनांक 27/05/2026 | वार्ड क्रमांक 18 रानी अवंती बाई वार्ड में सत्यम होटल के पीछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (तृतीय सूचना) | 02 माह राशि रू. 263837.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 5277.00 | 12/06/2026 |
| 2 | 2026_UAD_510973_1 दिनांक 27/05/2026 | वार्ड क्रमांक 21 ज्वाला जी वार्ड में सतबहनी माता मंदिर के पासतक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 01 माह राशि रू. 85824.00 | राशि 1000.00 ईएमडी राशि 1716.00 | 12/06/2026 |
| 3 | 2026_UAD_493207_2 दिनांक 27/05/2026 | वार्ड क्रमांक 24 दादा धनीराम वार्ड पचली विश्वकर्मा से ममता झारिया के मकान तक सी.सी. रोड, रिटेनिंग वॉल एवं स्टेयर निर्माण कार्य। | 02 माह राशि रू. 371300.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 14626.00 | 12/06/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में ऑन-लाईन https://mpteders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

### कार्यपालन यंत्री
### लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग साउथ सिविल लाईन जबलपुर

एनआईटी नं.- 03/2026 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण / 2026 दिनांक 21.05.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2026_PWDRB_509309_1 | छिन्दवाडा जिला | मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा उपसंभाग के अंतर्गत वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | Rs. 16.76 Lacs | समस्त दस्तावेज ऑन लाईन जमा किये जावेगे। |
| 2 | 2026_PWDRB_509313_1 | छिन्दवाडा जिला | मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न कार्या के वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | Rs. 16.84 Lacs | |
| 3 | 2026_PWDRB_509319_1 | पाण्डुर्ना जिला | मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा उपसंभाग के अंतर्गत पाण्डुर्ना जिले के वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | Rs. 16.82 Lacs | |
| 4 | 2026_PWDRB_509319_1 | पाण्डुर्ना जिला | मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा उपसंभाग के अंतर्गत पाण्डुर्ना जिले के वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | Rs. 16.93 Lacs | |
| 5 | 2026_PWDRB_509573_1 | पाण्डुर्ना जिला | मरम्मत कार्य | छिन्दवाडा उपसंभाग के अंतर्गत पाण्डुर्ना जिले के वार्षिक मरम्मत का कार्य। | प्रथम | Rs. 16.88 Lacs | |

उपरोक्त बेबसाईड ऑन लाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) बेबसाईड के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 05/06/2026 शाम 18.00 बजे निर्धारित है। विस्तुत एन.आई.टी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेबसाईड में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेबसाईड पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑन लाईन प्राप्त की जावेगी।

कार्यपालन यंत्री
G-13498/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग जबलपुर

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## जेके टायर का नेट प्रॉफिट 83 फीसदी बढ़कर 188 करोड़ रुपए पहुंचा, 200 फीसदी डिविडेंड का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के ऑडिटेड स्टैंडअलोन एवं कंसोलिडेटेड वित्तीय नतीजों की घोषणा करते हुए शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का चौथी तिमाही का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 83 प्रतिशत बढ़कर 188 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शेयरधारकों के लिए 200 प्रतिशत यानी 4 रुपये प्रति इक्विटी शेयर डिविडेंड की सिफारिश भी की है।कंपनी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 जेके टायर के लिए उपलब्धियों से भरा साल रहा।

### पूर्व रेलवे

**हावड़ा मंडल के तहत**
**पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई-नीलामी**

सं. : कॉम/पार्सल/लीजिंग/लॉग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी-III दिनांक 25.05.2026 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पिन-711101 द्वारा तीन वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 08 यात्रीवाही ट्रेनों के 10 एसएलआर की लीजिंग के लिए दो चरणों में आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई-नीलामी के लिए बोली ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-6ए। **कम्पार्टमेंट :** 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 एसएलआर, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 01.06.2026, 14.00 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-26-6बी। **कम्पार्टमेंट :** 06 यात्रीवाही ट्रेनों के 07 एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.06.2026, 14.00 बजे।

HWH-102/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म. प्र. )

क्रमांक/20/वाहन विभाग/2026-27 कटनी, दिनांक 25-5-26

**निविदा आमंत्रण सूचनां**


निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ऐजेंसी / एथराइज्ड डीलरो से गाड़ी क्रय किये जाने हेतु ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्ते आदि वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | मारुति वाहन का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_510009_1 | 01 नग मारूति EECO-EECO AMBULANCE 1.2 L 5MT-SUPERIOR WHITE (शव वाहन) | 1. रू. 2000-00 2. रू. 7590.00 | 22/06/2026 |

नोट- निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त नगरपालिक निगम, कटनी

## शब्द पहेली - 6239



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6238 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | प्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्रा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6249
***** कठिनाम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6248 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |



डॉक्टर्स सजेशन

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## हीट स्ट्रोक-सन बर्न से बचने के कारगर उपाय



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं फील्ड जॉब करता हूं। कृपया बताएं कि हीट स्ट्रोक और स्किन सन बर्न से बचने के लिए मुझे क्या उपाय अपनाने चाहिए?**

**-हेमंत, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप फील्ड जॉब करते हैं, इसलिए आपको इन दिनों अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। दिन के समय घर से बाहर निकलने से पहले पानी पीकर निकलें। साथ में अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हर घंटे में पानी पीते रहें। बेहतर होगा कि सुबह शिकंजी या छाछ पीकर निकले। साथ ही संभव हो तो जब आप फील्ड में हों तब दोपहर में भी शिकंजी या छाछ पी लें। इसके अलावा सन बर्न से बचने के लिए पूरी स्किन को ढंक कर रखें। अगर पैदल जा रहे हैं तो छाते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरा बीपी कभी हाई तो कभी लो हो जाता है। इसकी क्या वजह हो सकती है? बीपी नॉर्मल रखने के लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-अविनाश, महासमुंद**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, जिससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। इसलिए आप अपना बीपी मॉनिटर करते रहें। पानी का सेवन अधिक करें। अगर बीपी लो हो रहा है तो बीच-बीच में इलेक्ट्रॉल भी पी सकते हैं। अगर बीपी हाई भी हो रहा है तो आप एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कहीं यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुब्रत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो रही है, क्योंकि सर्वाइकल में ही गर्दन में दर्द होता है और कई बार चक्कर भी आने लगते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच कर बीमारी का पता लगाएंगे और उसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप तकिए का इस्तेमाल बंद कर दें और मोबाइल या लैपटॉप वर्क करते समय गर्दन सीधी रखें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। मुझे गर्मी के मौसम में सामान्य से बहुत अधिक पसीना आता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-विकास, दुर्ग**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है, जिन्हें थोड़ी-सी गर्मी में पसीना निकलने लगता है, हाथों में पसीना आ जाता है। इसके लिए आप जरूर ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी अधिक पिएं। साथ ही कोशिश करें कि धूप में कम से कम बाहर निकलें। अगर निकल रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। इस तरह ही बचाव किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता रहता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-संचित, भोपाल**

आप बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ऐसे मामले में बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह आपको गाइड करेंगे कि कौन-सी जांच करानी है या आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्र, रोहतक**

आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए आपको ऐसा लगता है। सबसे पहले अपना खान-पान सुधारना होगा। सुबह नाश्ते में जूस लेना चाहिए, दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही लें। शाम को हल्का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा बाजार का बना या घर में बना अधिक ऑइली खाने से फिलहाल परहेज करना चाहिए। रात में सोने से 3 घंटे पहले आपको खा लेना चाहिए। इस तरह बदलाव करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है नहीं तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूरी दुनिया में वर्ल्ड नो टोबैको-डे मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन और स्मोकिंग करने से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक करना है। आंकड़े बताते हैं कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन कैंसर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों की बीमारी और समय से पहले मौत की बड़ी वजह बन चुका है। सिर्फ स्मोकिंग करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोग भी इसके धुएं से प्रभावित होते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है और लगातार सेवन करने से सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

### हार्ट पर पड़ता है बुरा असर

स्मोकिंग करने या तंबाकू के सेवन से हार्ट पर क्या असर पड़ता है, इस बारे में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एंड चैयरमेन मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स **डॉ. पुरुषोत्तम लाल** बताते हैं, 'स्मोकिंग और तंबाकू का सीधा असर हार्ट और ब्लड वेसल्स पर पड़ता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन धीरे-धीरे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ब्लड फ्लो प्रभावित होने लगता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धमनियां संकरी हो सकती हैं और हार्ट अटैक के साथ ही स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना और हार्ट की कार्यक्षमता कम होने जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र के लोगों में भी हार्ट डिजीज तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी बड़ी वजह तंबाकू सेवन और खराब लाइफस्टाइल है। अगर समय रहते तंबाकू छोड़ दिया जाए, तो हार्ट पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है और गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को घटाया जा सकता है।'

### लंग्स के लिए बहुत खतरनाक




तंबाकू का सेवन और खासतौर पर स्मोकिंग का हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लंग्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देते हैं। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कौर** डिटेल में बताती हैं, 'स्मोकिंग के दौरान निकलने वाला धुआं फेफड़ों की नलियों और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम बनना, अस्थमा और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों में बार-बार संक्रमण हो सकता है और लंग कैंसर का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। कई बार लोगों को शुरुआती लक्षणों का पता ही नहीं चलता और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। यही वजह है कि जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक फेफड़े काफी प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए फेफड़ों को स्वस्थ रखने और बेहतर जीवन के लिए तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन छोड़ना बेहद जरूरी है।'

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

हम सभी जानते हैं कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से कई तरह की गंभीर शारीरिक बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। बावजूद इसके लोग इसकी लत से खुद को मुक्त नहीं करते हैं। तंबाकू सेवन से किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इसकी लत से बचे रहना कितना आवश्यक है, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स दे रहे हैं महत्वपूर्ण जानकारियां।

## धूम्रपान-तंबाकू के सेवन से बढ़ती है गंभीर बीमारियों की आशंका





### बढ़ता है कैंसर का रिस्क

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना कैंसर की आशंका को बहुत बढ़ा देता है। इस बारे में मैनेजिंग डायरेक्टर-कैंसर हीलर सेंटर **डॉ. तरंग कृष्णा** कहते हैं, 'तंबाकू शरीर में कैंसर पैदा करने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक माना जाता है। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा या किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन शरीर की कोशिकाओं को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, जीभ, फेफड़े, भोजन नली, पेट और ब्लैडर कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। कई बार लोग सिर्फ स्मोकिंग को ही खतरनाक मानते हैं, लेकिन बिना धुएं वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही नुकसानदायक होते हैं। मुंह में लंबे समय तक तंबाकू रखने से सफेद दाग, छाले, मुंह कम खुलना और बार-बार घाव होना जैसे शुरूआती संकेत दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें लोग अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटे लक्षण आगे चलकर गंभीर कैंसर का रूप ले सकते हैं। चिंता की बात यह है कि आज युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी तंबाकू से जुड़े कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर शुरूआती स्टेज में बीमारी पकड़ में आ जाए तो इलाज की संभावना बेहतर रहती है, लेकिन देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर खुद को धीरे-धीरे रिपेयर करना शुरू कर देता है और कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होने लगता है।'

### तंबाकू छोड़ना है जरूरी



अगर आप किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं तो न भूलिए कि आप यहां बताई गई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में तंबाकू सेवन छोड़ने का फैसला आपके जीवन का सबसे बड़ा और सकारात्मक कदम हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के कुछ ही समय बाद शरीर में अच्छे बदलाव दिखने शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे फेफड़ों और हार्ट पर पड़ने वाला दबाव कम होने लगता है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी घटने लगता है। तंबाकू छोड़ने से शरीर ज्यादा सक्रिय महसूस करता है, सांस लेने में आसानी होती है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी बेहतर महसूस करता है। हालांकि लंबे समय से तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए यह आदत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और सही सलाह से यह संभव है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और तनाव कम करने वाली गतिविधियां तंबाकू की लत छोड़ने में काफी मदद कर सकती हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी फायदेमंद हो सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### जागरूकता और संकल्प का दिन



**विश्व तंबाकू** निषेध दिवस केवल जागरूकता फैलाने का अभियान नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का अवसर भी है। यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि तंबाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर पर युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर सही समय पर लोग इस आदत से दूरी बना लें, तो वे अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।

अवेयरनेस

**डॉ. मोहसिन वली**

सीनियर फिजिशियन

सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों अफ्रीका के कांगो, सुडान और युगांडा देशों में इबोला वायरस संक्रमण की खबरें आ रही हैं। यह जानलेवा संक्रामक रोग है। हालांकि अपने देश में अभी इसका कोई मामला नहीं आया है लेकिन इस बारे में सही जानकारी और सावधानी बरतना जरूरी है।

## इबोला वायरस का संक्रमण सही जानकारी-सावधानी है जरूरी



इबोला वायरस का बुंडी बुग्यो स्ट्रेन बेहद संक्रामक और घातक है, जिसके चलते अफ्रीका के कुछ देशों में सैंकड़ों लोग संक्रमित ही नहीं, मौत का शिकार भी हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इसे ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। यानी यह लोगों की सेहत से जुड़ी ऐसी इमरजेंसी है, जिस पर पूरी दुनिया को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**सरकार ने जारी किए निर्देशः** हालांकि भारत में फिलहाल इबोला का कोई प्रकोप नहीं है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने भी अफ्रीका के कांगो, युगांडा और साउथ सूडान देशों को हाई रिस्क कंट्री की कैटेगरी में रखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और वैश्विक संपर्क के कारण सतर्कता बढ़ा दी है। एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग, संदिग्ध यात्रियों की निगरानी और स्वास्थ्य विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने देश के नागरिकों को हालात सामान्य होने तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा न करने की भी अपील की है।

**क्या है इबोला वायरसः** अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला जानलेवा और यह बेहद संक्रामक ऑर्थोवायरस है। सन् 1976 में पहली बार पहचाने गए इबोला वायरस के अब तक कुल पांच मुख्य स्ट्रेन आए हैं। इनमें से बुंडी बुग्यो भी एक है जो इन दिनों कांगो और युगांडा में कहर बरपा रहा है। इबोला वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर में ब्लीडिंग और ऑर्गन फेलियर होने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक इबोला वायरस से संक्रमित मरीजों में औसतन 50 प्रतिशत की मौत हो सकती है। इसलिए वैश्विक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

**कैसे फैलता है वायरसः** इबोला वायरस इंसानों और प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी और गोरिल्ला) को अपना शिकार बनाता है। यह वायरस डायरेक्ट कॉन्टेक्ट यानी संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे- रक्त, आंसू, पेशाब, पसीना, लार, उल्टी, मल-मूत्र, वीर्य और सेक्सुअल इंटरकोर्स, कई मामलों में ब्रेस्ट मिल्क से भी। इसके अलावा संक्रमित कपड़े, बिस्तर और दूसरे सामान छूने से भी इबोला वायरस का इंफेक्शन हो सकता है।

**इन्क्यूबेशन पीरियडः** बुंडी बुग्यो इबोला वायरस शरीर में पहुंचने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने में 2-21 दिन तक लग सकते हैं। जब तक संक्रमित व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आते, तब तक वह बीमारी नहीं फैलाता।

**प्रमुख लक्षणः** शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य बुखार जैसे लग सकते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। पहले हल्का फिर तेज बुखार, थकान, बेचैनी, कमजोरी, मसल्स क्रैंप, बदन दर्द, सिर दर्द, गला खराब या खराश होना। संक्रमण बढ़ने पर किडनी-लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। जिससे मरीज को उल्टी, डायरिया, पेट दर्द, त्वचा में रैशेज या जॉन्डिस होना, आंखों में लालिमा, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एडवांस या गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक और बाहरी ब्लीडिंग हो सकती है। आंखों में ब्लीडिंग होने से सडेन लॉस ऑफ विजन हो सकता है, रैटिनल हैमरेज हो सकता है। यूरिन में ब्लड आ सकता है यानी हैमिचुरया हो सकता है। इंजेक्शन लगाने वाली जगह से, मसूड़ों से, उल्टी या मल में भी ब्लड आ सकता है। लिवर फेलियर, किडनी फेलियर या मल्टी-ऑर्गन फेलियर की वजह से मरीज की मौत भी हो सकती है। संक्रमण के लक्षण सामान्य बुखार से मिलते-जुलते होते हैं। इसीलिए इसे पहचानना मुश्किल होता है। किसी क्षेत्र में संक्रमण आउटब्रेक चल रहा हो, तो मरीज का इबोला संक्रमित होने के अंदेशे और लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है।


**कैसे होता है डायग्नोजः** मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन किया जाता है। लक्षणों पर गौर कर आरटीपीसीआर टेस्ट से होती है। ब्लड प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। आईजीजी, आईजीएम टेस्ट भी किए जाते हैं।

**कैसे होता है उपचारः** इबोला के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। मेडिकल इंटरवेंशन से मरीज को आइसोलेट करके मैनेज किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। मरीज को जाइरेनसी ऑर्थो-इबोला वैक्सीन भी दी जा सकती है, जो एफडीए प्रूव है और इबोला स्ट्रेन के उपचार में काफी प्रभावी है। इबोला संक्रमण होने की स्थिति में आम तौर पर सपोर्टिव केयर की जाती है। डिहाइड्रेशन या मरीज के शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए मुंह या फिर नसों के जरिए लिक्विड दिए जाते हैं। फेफड़ों को नुकसान होने पर सांस लेने में दिक्कत होने की स्थिति में ऑक्सीजन दी जाती है। चेस्ट इंफेक्शन होने पर एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। लो ब्लडप्रेशर को मेंटेन करने के लिए फ्ल्यूड दिए जाते हैं। *




**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### कैसे करें बचाव



**इससे बचाव** के इन उपायों पर अमल करें।

- संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड से बचें।
- सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें।
- हाथ न मिलाएं। मास्क पहनें।
- संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को छूते समय एहतियात बरतें। यथासंभव ग्लव्स पहनें या अच्छी तरह हाथ धोएं।
- अगर किसी बच्चे को संक्रमण हो रहा है, तो मां के पास ही रखें, दूसरे लोगों के पास न जाने दें।
- संक्रमित व्यक्ति कफ-एटीकेट, हैंडवॉश प्रोटोकॉल अपनाएं।
- जंगली जानवरों के संपर्क से बचें। कच्चे मांस का सेवन बिल्कुल न करें।
- स्वास्थ्यकर्मी पर्सनल प्रोटेक्टिव गेयर यानी पीपीई किट (दस्ताने, मास्क और सुरक्षात्मक कपड़े) पहनें।
- इबोला संक्रमित मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करते हुए पूरी एहतियात बरतें क्योंकि विशेषज्ञ मानते हैं कि मृत शरीर भी संक्रामक होता है।
- इबोला वायरस के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी तरह की आशंका हो तो यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करें।



ऑरेंज कैप



साईं सुदर्शन

652 रन

गुजरात

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार

26 विकेट

बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### एशियाई रिले की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** चंडीगढ अगले साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स रिले और भुवनेश्वर 2028 एशियाई इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) की कार्यकारी परिषद की हांगकांग में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। यह बैठक 28 से 31 मई तक होने वाली एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप से पहले आयोजित की गई थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और हांगकांग में एएए की बैठक में भाग लेने वाले आदिले सुमरिवाला ने कहा,' भारत को एशियाई रिले की मेजबानी मिली है, जो चंडीगढ़ में 2027 में होगी। वहीं एशियाई इंडोर चैंपियनशिप 2028 में भुवनेश्वर में होगी।' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पिछले साल दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिये दावा किया था ।

### सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप में किया क्वालीफाई



**मुंबई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए। इस साल 11 से 15 अगस्त तक चलने वाली ईडब्ल्यूसी शतरंज प्रतियोगिता में 14.3 करोड़ रुपए (15 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि होगी। ईडब्ल्यूसी कुल मिलाकर 6 जुलाई से 23 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 100 से ज्यादा देशों के 200 क्लबों के 2 हजार से ज्यादा खिलाड़ी 718 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे। सीसीटी सत्र की दो मुख्य स्पर्धा स्पीड शतरंज चैंपियनशिप 2025 और शतरंज डॉट ओपन 2026 शामिल हैं।

### दिग्गज शूटर रणधीर सिंह का निधन



**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया, जिससे भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 79 वर्ष के सिंह नेअपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 2024 में चार साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था जबकि वह 1991 से 2015 तक इस संस्था में महासचिव रह चुके थे।

# आईसीसी रैंकिंग : बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लगाई जबरदस्त छलांग

**एजेंसी ▶▶| दुबई**

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट रैंकिंग में काफी सुधार किया है। अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम उन खिलाड़ियों में से एक रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा फायदा हुआ।

दाएं हाथ के 39 वर्षीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के विरुद्ध टेस्ट सीरीज की चार पारियों में सर्वाधिक 259 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मुशफिकुर रहीम ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से 16वां स्थान हासिल कर लिया है। इनके अलावा, बांग्लादेशी बल्लेबाज लिटन दास को भी जबरदस्त फायदा मिला, जिन्होंने सीरीज के दौरान 239 रन बनाकर 14 स्थान की छलांग लगाई और 24वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने का मिला फायदा



### बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने मारी छलांग

इतना ही नहीं बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने भी 14 स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 650 की रेटिंग के साथ नंबर 24 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी केवल एक ही स्थान का फायदा मिला है, वे 22वें नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 663 की है। सलमान अली आगा को भी दो स्थानों का हल्का सा फायदा हुआ है। वे अब 27वें स्थान पर हैं। इनके आगे जाने से कई बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा

इस सीरीज के बाद बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा मिला, जिन्होंने 11वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग भी हासिल कर ली। ऑफ-स्पिनर मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 54वां स्थान हासिल किया। तैजुल इस्लाम ने आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 3 पायदान की छलांग लगाते हुए 29वां स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ, सीरीज में हार के बावजूद, पाकिस्तानी तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वापसी के बाद आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 49वें स्थान पर फिर से शामिल हो गए।



### टेस्ट के नंबर एक बल्लेबाज रूट

इस बीच इंग्लैंड के जो रूट अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग 880 की है। 857 की रेटिंग के साथ हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। ट्रेविड हेड की रेटिंग 853 है और वे नंबर तीन पर हैं। स्टीव स्मिथ 831 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। केन विलियमसन नंबर 5 पर हैं। टॉप 5 में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए बेस्ट रैंकिंग वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी रेटिंग अभी 750 की है और वे आठवें नंबर पर हैं। शुभमन गिल 730 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं।

वुमेंस टी-20 क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ आज से 3 मैचों की श्रृंखला

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में लय हासिल करने पर भारत की निगाहें

**एजेंसी ▶▶| चेम्सफोर्ड**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले महीने होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम तैयारी के तौर पर गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैच की श्रृंखला में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अपनी निरंतरता दोबारा हासिल करने और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन तय करने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप 12 जून से शुरू हो रहा है और इस वैश्विक टूर्नामेंट को देखते हुए हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए यह दौरा और भी ज्यादा अहम हो जाता है। भारतीय टीम ने पिछले एक साल में कई बार शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन लगातार लय बनाए रखने में उसे संघर्ष करना पड़ा है।



### टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली

टी20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारियां मिली-जुली रही हैं। टीम ने पिछले साल दिसंबर में घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ 5-0 से शानदार जीत के साथ शुरुआत की थी। इसके बाद टीम ने ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचते हुए 2-1 से टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती, इस तरह उसने एक दशक में वहां पहली द्विपक्षीय सीरीज जीती। ऑस्ट्रेलिया में मिली यह जीत उस टीम के लिए एक बड़ा कदम मानी गई, जिसे अक्सर विदेशों में खासकर दबाव वाले हालात में संघर्ष करना पड़ता था। बल्लेबाजों का आक्रामक रवैया और गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अच्छे संकेत थे। हालांकि इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम की लय बिगड़ गई और भारत को 1-4 से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा।

### तेज गेंदबाजी का जिम्मा रेणुका क्रांति और अरुंधति पर

तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़ और अरुंधति रेड्डी के संभालने की उम्मीद है। इसके अलावा टीम प्रबंधन युवा खिलाड़ी नंदिनी शर्मा को भी कुछ मैच खेलने का मौका दे सकता है क्योंकि इस युवा गेंदबाज ने महिला प्रीमियर लीग में अपनी तेज गेंदबाजी के कौशल से सभी को प्रभावित किया था। भारत की तेज गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष करना पड़ा था और इंग्लैंड के हालात में सीम गेंदबाजी को मदद मिलने की उम्मीद है। ऐसे में मेहमान टीम की तेज गेंदबाजों को शुरुआत से ही ज्यादा अनुशासित और सतर्क रहना होगा। हालांकि राधा यादव और यास्तिका भाटिया की अब वापसी हुई है, जो दक्षिण अफ्रीका सीरीज में नहीं खेल पाई थीं, जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है।

### हमारी चुनौती पिच के अनुरूप ढलने की

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय टीम के लिए चुनौती हालात नहीं बल्कि पिच के अनुरुप ढलने की होगी। उन्होंने कहा,' हमें इंग्लैंड के हालात में खेलना पसंद है क्योंकि मौसम की वजह से हमें आसानी होती है। यहां चुनौती इन पिचों पर खेलने की है क्योंकि हमें इसकी आदत नहीं है। इस श्रृंखला से हमें टी20 विश्व कप से पहले आत्मविश्वास और अनुभव मिलेगा।'

### टीमें इस प्रकार

**भारत** : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फूलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

**इंग्लैंड** : एम ओर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट, पेज स्कोफील्ड, लिन्से स्मिथ, डैनी वाट हॉज, इसी वोंग।

मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजे से शुरू।

महिला टी20 विश्व कप

# ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेगी 'विकेड' की कास्ट



**एजेंसी ▶▶| दुबई**

महिला टी20 विश्व कप 2026 का पहला मुकाबला श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच 12 जून को खेला जाएगा। इस मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी होगी। ओपनिंग सेरेमनी में 'विकेड' की कास्ट लाइव परफॉर्म करेगी। इसकी घोषणा आईसीसी ने की है। वैश्विक खेल इतिहास में पहली बार, विकेड स्टार्स एमा किंग्स्टन और जिजी स्ट्रेलन एल्फाबा और ग्लिंडा के तौर पर कंपनी को लीड करेंगी। वे पहली गेंद फेंके जाने से पहले दुनिया भर में सबसे सफल म्यूजिकल शो में से एक के मशहूर गाने गाएंगी।

### प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाने का मकसद

आईसीसी ने कहा, यह कोलेबोरेशन उस मकसद का हिस्सा है, जिसके तहत आईसीसी महिला टी20 विश्व कप को खेल से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे संस्कृति से जुड़े पल बनेंगे, जो एलीट प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाएंगे और टूर्नामेंट को सबसे बड़े वैश्विक लाइव-इवेंट अनुभव में से एक बनाएंगे। लंदन के वेस्ट एंड में 'विकेड' की 20वीं सालगिरह पर, यह परफॉर्मेंस एजबेस्टन को लाइव थिएटर और एलीट स्पोर्ट के एक रात के मैच में बदल देगा, जो अब तक की सबसे बड़ी महिला टी20 विश्व कप की ओपनिंग नाइट के लिए दो वैश्विक स्टेज के ड्रामा और तमाशे को एक साथ लाएगा।

फ्रेंच ओपन

# सिनर की 30वीं जीत, दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री



**एजेंसी ▶▶| पेरिस**

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी यानिक सिनर पिछले साल की निराशा वाली जगह पर एक शानदार प्रदर्शन के साथ लौटे और फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में धमाकेदार एंट्री की।

इटैलियन खिलाड़ी सिनर ने अपने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रेंच वाइल्ड कार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर एक जबरदस्त प्रदर्शन किया। लाल बजरी पर सिनर की इस पहली जीत ने उन्हें इस सदी में लगातार 30 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुषों की एक छोटी सी लिस्ट में शामिल कर दिया है, जिसमें रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच भी शामिल हैं।

### एक साल पहले इसी कोर्ट में हारे थे सिनर

सिनर के लिए, फ्रेंच ओपन में वापसी सिर्फ एक आम पहले राउंड के मुकाबले से कहीं ज्यादा मायने रखती थी। 12 महीने पहले, इसी कोर्ट पर उन्हें अपने करियर की सबसे दर्दनाक हार में से एक का सामना करना पड़ा था, जब फाइनल में कार्लोस अल्काराज के खिलाफ उन्होंने तीन चैंपियनशिप पॉइंट गंवा दिए थे। लेकिन अगर उस हार के कोई जख्म बाकी भी थे, तो टैबुर के खिलाफ उनके शांत और सधे हुए प्रदर्शन में उनका कोई निशान नहीं दिखा।

### वापस आकर बहुत खुश हूं : सिनर

सिनर ने कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले राउंड के मैच कभी आसान नहीं होते, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है।

# कपिल देव की पहल से भारतीय गोल्फ में हो रहा बदलाव : जोहल



**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा है कि पूर्व क्रिकेटर कपिल देव की भारतीय गोल्फ में बड़े प्रायोजक लाने और इनामी राशि बढ़ाने की कोशिश से देश के खिलाड़ियों के लिए ओलंपिक में क्वालीफाई करने और दुनिया भर में मुकाबला करने के बेहतर रास्ते बन रहे हैं। जून 2024 में भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) का अध्यक्ष बनने के बाद से कपिल ने भारत में गोल्फ के क्षेत्र में बड़ा वित्तीय और संचालन बदलाव किया है।

### इनामी राशि में 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी

जोहल ने कहा, 'कपिल देव के नेतृत्व में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई भारत में पेशेवर गोल्फ खेलने के तरीके को बदल रहा है। सबसे पहले यह इनामी राशि बढ़ाकर और पूरे देश में होने वाले टूर्नामेंट की संख्या बढ़ाकर ऐसा कर रहा है। पिछले एक साल में हमने प्रतियोगिताओं की संख्या के साथ-साथ इनामी राशि में भी लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाई है।' उन्होंने कहा, 'गोल्फ समुदाय कपिल देव का आभारी है कि उन्होंने अपना नाम इस खेल से जोड़ा और इसके विकास में अपना पूरा जोर लगाया।

अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले अहम टूर्नामेंट

# एफआईएच प्रो लीग में हरमनप्रीत की वापसी

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

कप्तान और शानदार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगले महीने होने वाली एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करने के लिए वापसी हुई। एफआईएच प्रो लीग अगस्त में होने वाले विश्व कप से पहले तैयारी के लिए एक अहम टूर्नामेंट होगा।

हरमनप्रीत ने निजी कारणों का हवाला देते हुए फरवरी में प्रो लीग का होबार्ट चरण नहीं खेला था। भारतीय टीम 7 से 9 जून तक ट्रेनिंग और एक मैत्री मैच के लिए ब्रसेल्स जाएगी। इस संक्षिप्त शिविर के बाद भारतीय टीम प्रो लीग के मुकाबलों के लिए 10 जून से नीदरलैंड के रॉटरडैम में रहेगी, जहां उसे उसे 14 से 21 जून के बीच जर्मनी और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसके बाद भारतीय टीम लंदन जाएगी, जहां 23 से 28 जून तक प्रो लीग में उसका मुकाबला पाकिस्तान और इंग्लैंड से होगा। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का एक अच्छा मिश्रण है ताकि 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले मुख्य टीम को और मजबूत बनाया जा सके।



प्रज्ञानानंदा और कार्लसन 1.5-1.5 अंक से निचले पायदान पर

# नॉर्वे चेस : भारतीय चुनौती कमजोर, गुकेश-प्रज्ञानानंदा निराश

**एजेंसी ▶▶| ओस्लो**

भारतीयों के लिए नॉर्वे शतरंज का दूसरा दिन निराशाजनक रहा, जिसमें विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने आर्मागेडन दौर में वेस्ली सो के सामने घुटने टेक दिए तो वहीं आर.प्रज्ञानानंदा को शानदार फॉर्म में चल रहे फ्रांसीसी खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा से हार मिली। फिरोजा ने लगातार दो जीत से 6 अंक से टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन को एक बार फिर जर्मन के विंसेंट कीमर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन सात बार के चैंपियन ने आखिरकार आर्मागेडन में जीत हासिल कर ली। दूसरे दौर के आर्मागेडन दौर में निराशाजनक नतीजे के बावजूद गुकेश 2.5 अंक से वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने रहे। प्रज्ञानानंदा और कार्लसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 1.5-1.5 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर रहे।



### आर्मागेडन हार से काफी निराश गुकेश

गुकेश आर्मागेडन हार से काफी निराश थे, जो उनके चेहरे से साफ झलक रहा था। वह मैराथन क्लासिकल मुकाबले में दबाव बनाए हुए थे और ऐसा लग रहा था कि वह जीत की ओर आसानी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सो किसी तरह 116 चाल में मैच ड्रॉ कराने में कामयाब रहे। इसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने आर्मागेडन में भारतीय खिलाड़ी को पूरी तरह से पछाड़ दिया और 1.5 अंक हासिल किए और विश्व चैंपियन को निराश कर दिया।

### 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा



दिव्या ने कहा, 'मुझे यहां 'आर्मागेडन' के खेलने में बहुत मजा आ रहा है मुझे 'क्लासिकल' भी पसंद आ रहे हैं क्योंकि उनमें समय की कोई अतिरिक्त बढ़त नहीं मिलती। यह मेरा पहला नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट है, इसलिए यह अनुभव सचमुच बहुत रोमांचक रहा है।

### जीत से हम्पी का मनोबल और बढ़ा

महिलाओं की स्पर्धा में दिव्या देशमुख अपने पहले 'नॉर्वे शतरंज' अनुभव का भरपूर आनंद लेती हुई नजर आईं। पिछले साल के महिला विश्व कप में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी पर अपनी यादगार जीत की तरह ही उन्होंने एक बार फिर आर्मागेडन दौर में इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी को मात दी। इस जीत से उनका मनोबल और बढ़ा और तीन अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।

**सीबीआई की तरफ से पेश किया गया इंटरविनर बनने का आवेदन हाई कोर्ट ने किया स्वीकार**

# ट्विशा सिंह कांड : पूर्व न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा सिंह की दहेज हत्या के अपराध में आरोपी सास पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश, भोपाल गिरिबाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत के विरुद्ध प्रदेश सरकार व मृतिका के पिता की तरफ से दायर की याचिकाओं पर हाईकोर्ट में बुधवार को लगभग पौने तीन घंटे तक सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस देवनारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।



उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार की तरफ से भोपाल की पूर्व जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को दहेज हत्या के अपराध में मिली अग्रिम जमानत अर्जी को निरस्त किए जाने की मांग करते हुए राज्य सरकार व ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से उक्त याचिकाएं दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से तर्क दिया गया कि गिरिबाला सिंह अग्रिम जमानत की शर्तों का पालन नहीं कर रही है। पुलिस ने उन्हें 13 मई से 23 मई के बीच पांच नोटिस दिये थे। इसके अलावा उन्होंने 18 मई को प्रेस कांफ्रेंस कर मृतिका के चरित्र पर गंभीर आरोप लगाये थे। वह भौतिक साक्ष्य जांच एजेन्सी को उपलब्ध नहीं करवा रही है। जमानत मिलने के बाद भौतिक साक्ष्य को नष्ट कर रही है। सीबीआई की तरफ से इंटरविनर बनने का आवेदन पेश करते हुए अग्रिम जमानत याचिका निरस्त करने मांग की गयी। सीबीआई के ओर से तर्क दिया गया कि ट्विशा के पहले पोस्टमार्टम के दौरान गिरिबाला सिंह की रिश्ते में लगने वाली बहन व एक अन्य व्यक्ति मौजूद था। जिन्हें उपस्थित नहीं रहना चाहिए था और यह जांच का विषय है। इसके अलावा दोनों आरोपियों को क्रास एग्जामिनेशन के लिए उनकी पुलिस रिमांड आवश्यक है। अनावेदिका गिरिबाला सिंह की ओर से तर्क दिया गया कि डाक्टरों ने एंजायटी, ड्रग्स के कारण उसकी स्थिति को देखते हुए ट्विशा को गर्भपात की गोलियां दी थी। वह अकेले रहना चाहती थी और जिस मंजिल में उसने फांसी लगाई वहीं उसका किचन, बाथरूम व बेडरूम था। घटना के दूसरे दिन 13 मई को पुलिस ने उसे सीज कर दिया था। तर्क दिया गया कि गिरिबाला सिंह तथा उसके बेटे ने यूपीआई के माध्यम से शादी के बाद ट्विशा को सात लाख रुपये से अधिक दिये है। उसने कभी भी अपनी सास पर दहेज मांगने तथा प्रताड़ित करने की बात मायके पक्ष वालों से नहीं कही थी। ट्विशा के सभी आरोप अपने पति के खिलाफ है सास के खिलाफ नहीं। इसके अलावा वह जांच में पूरा सहयोग कर रही है।

प्रदेश सरकार की तरफ से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लुथरा तथा अनावेदिका की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता रामा कृष्णन पैरवी के लिए हाजिर हुए।

## हिंदूवादी नेता टी राजा सिंह की सभा के लिए अनुमति का आवेदन लंबित, धर्मरक्षक हाईकोर्ट की शरण में

**जबलपुर।** भोपाल की संस्था धर्मरक्षक आगामी 31 मई को भोपाल के गांधीनगर बस स्टैंड के समीप वृहद धर्मसभा का आयोजन करने जा रही है। इस सभा में हैदराबाद के विधायक हिंदूवादी नेता टी राजा को आना है। लेकिन आयोजन की अनुमति के लिए भोपाल के डिप्टी पुलिस कमिश्नर को दिया गया आवेदन अभी तक लंबित है। इसका निराकरण नहीं किया गया है। यह कहते हुए संस्था ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसकी सुनवाई 29 मई को होगी। धर्मरक्षक के भोपाल जिलाध्यक्ष माधव सेन के अधिवक्ता अतुल जैसवानी ने बताया कि गत 18 मई को उन्होंने डिप्टी पुलिस कमिश्नर को आयोजन की अनुमति के लिए आवेदन दिया था। इसका निराकरण नहीं होने पर 27 मई को फिर आवेदन दिया गया। लेकिन, इस आवेदन पर डिप्टी पुलिस कमिश्नर कार्यालय से टीप लिख दी गई कि संबंधित पुलिस थाने से अभिमत मांगा गया है। अभी तक नहीं मिला है। अधिवक्ता जैसवानी ने कहा कि आगामी 31 मई को कार्यक्रम होना है। आयोजन में महज 4 दिन ही शेष हैं। ऐसे में समय पर अनुमति न मिलने से इंतजाम में दिक्कत होगी।

**जेडीए अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की पहली बैठक**

# विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने आज कार्यालय में पदभार संभालने के बाद पहली अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। बैठक में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, सीईओ दीपक वैद्य समेत अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री और वित्त अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क निर्माण- एस.आर.-3 मार्ग का निर्माण समयावधि में पूरा करने और ओ.के.-64 एवं 65 का सर्वांगीण विकास करने के निर्देश। एस.आर.-2 मार्ग को भी शीघ्र पूरा कर पाटन बाईपास से लिंक किया जाएगा, जिससे दीनदयाल चौक पर यातायात का दबाव कम होगा।

आवासीय परियोजना- निर्माणाधीन आवासीय सह व्यावसायिक प्रोजेक्ट को रेरा अनुमति लेकर शीघ्र पूरा करने को कहा गया। पर्यावरण- वाटर लेवल बिगड़े बिना संतुलन बनाए रखने पर जोर। रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य करने के निर्देश - बिना इसके एन.ओ.सी. नहीं दी जाएगी।

जनसेवा- अधिकारियों को आगंतुकों से शिष्टाचार के साथ व्यवहार और कार्य समयसीमा में निपटाने के निर्देश। सिविक सेंटर क्षेत्र को और साफ-सुथरा बनाने को कहा। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास योजनाएं समय पर पूरी करना प्राधिकरण का दायित्व है, ताकि आमजन को लाभ मिले और भूमिस्वामी भी विकास के लिए सहयोग करें। उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने योजनाओं की ऐसी प्लानिंग बनाने को कहा जिससे काम निश्चित समयसीमा में मूर्त रूप ले सकें।

## विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव ने किया वृद्धाश्रम और कुष्ठ आश्रम का निरीक्षण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने बाजनामठ स्थित निराश्रित वृद्धाश्रम एवं कुष्ठ आश्रम का औचक भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने कुष्ठ रोगियों और वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा कर उनके रहन-सहन, स्वास्थ्य और विधिक आवश्यकताओं की जानकारी ली। सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव ने सभी को आश्वस्त किया कि प्राधिकरण पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता और परामर्श देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर को निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाने और कुष्ठ रोगियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनकी क्षमतानुसार लिफाफा निर्माण जैसे स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए। आश्रम में मौजूद हितग्राहियों को वरिष्ठ नागरिकों के विधिक अधिकारों, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण कानून और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान स्वरूप मौसमी फलों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी तथा वृद्धाश्रम की अधीक्षिका रेवंदु सिंह उपस्थित रहीं।

**एलईडी भेजने का झांसा देकर 3 लाख की धोखाधड़ी**

# नकली सोना देकर हड़पी लाखों की चेन

**जबलपुर।** कोतवाली व केंट थानांतर्गत धोखाधड़ी की अलग-अलग वारदातें सामने आई है। कोतवाली थानांतर्गत जहां एक जालसाज ने सराफा व्यापारी बनकर सुनरहाई के एक आभूषण विक्रेता को नकली सोना थमा कर 6 नग सोने की चेन हड़प ली। वहीं केंट थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने मिलकर एक इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाले दुकानदार को एलईडी टीवी भेजने का झांसा देकर दो लाख 90 हजार रुपये की चपत लगा दी।

### नकली सोना देकर हड़पी सोने की 6 नग चेन

कोतवाली थानांतर्गत गोहलपुर निवासी असलम खान की सराफा बाजार सुनरहाई में होटल ज्ञानदीप में एसके चेन के नाम से सोने के आभूषण बनाने व बेचने की दुकान है। गत 20 मई को असलम के मोबाइल पर एक व्यक्ति ने काल कर स्वयं को मंडला निवासी महेन्द्र सोनी बताया और कहा कि वह सोने का व्यापार करता है। उसने सोने की 6 चेन खरीदने कहा। महेन्द्र ने चेन के एवज में 105.620 ग्राम फाईन सोने देने के लिये कहा महेन्द्र सोनी ने उसे मोबाइल पर व्हाटसएप पर सोने की वीडियो बनाकर भेजा और बताया कि अगले दिन एक लडके को फाईन सोना लेकर भेजेगा, जिसे सोने की 6 चैन दे देना, 21 मई को दोपहर लगभग 2-3 बार महेन्द्र सोनी के फोन आते रहे जो बताया कि लडके को भेजा है जिसे सोने की 6 चैन देनी है लडके के मोबाइल नम्बर दिया, रात लगभग 8.30 बजे उसके फोन पर महेन्द्र सोनी के भेजे हुये लडके और महेन्द्र सोनी का फोन आया बताया कि लडका जबलपुर पहुंच गया, महेन्द्र सोनी के भेजे हुये लडके ने फोन कर बताया कि रानीताल गोलबजार आने वाली रास्ते पर खड़ा है टेफिक अधिक होने से सराफा नहीं आयेगा सोने की 6 नग चैन वहीं गोलबजार के पास भेज दो तो उसने सोने की 6 नग चैन वजनी 106.470 ग्राम की दुकान के लडके अनिकेत पाटिल के हाथ से रानीताल देने के लिये भेजा था और अनिकेत पाटिल रानीताल गोलबजार रोड पर जाकर उक्त लडके से बात करके करके सोने के फाईन गोल्ड के 4 टुकड़े लेकर जिसके बदले 6 नग सोने की चैन देकर दुकान पर वापस आय, उसने फाईन गोल्ड को तौला तो 105.620 ग्राम के स्थान पर 77.130 ग्राम निकला वहीं टंच करने पर नकली निकला।



### एलईडी टीवी भेजने का झांसा देकर तीन लाख हड़पे

केंट थानांतर्गत हरिणाया सोनीपत के दो लोगों ने शहर के एक टीवी विक्रेता को एलईडी टीवी भेजने का झांसा देकर तीन लाख हड़प लिए। केंट पुलिस ने बताया कि सौरभ मुक्ता की सदर गली नं. 6 में टीवी की दुकान है। एवर होम एप्लाईसेंस कंपनी के ऋषभ जौहर व कंपनी के रीजनल मैनेजर रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने उसे एलईडी टीवी भेजने के लिए आरटीजीएस से तीन लाख रुपये खाते में ट्रांसफर कराये थे। माल नहीं आने पर जब सौरभ ने ऋषभ जोहर व रूपेन्द्र से संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस तरह दोनों ने मिलकर एलईडी टीवी भेजने के नाम पर तीन लाख हड़प लिये। रिपोर्ट पर धारा 318(4), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत जैन मंदिर के सामने सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गजरथनगर गढ़ा निवासी 42 वर्षीय आशीष ठाकुर को गत सुबह लगभग 8.30 बजे छोटा जैन मंदिर के सामने गढ़ा में सड़क दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गत शाम लगभग 6.45 बजे आशीष ठाकुर की मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

**पीड़ित महिलाओं ने कलेक्टर और एसपी को की शिकायत**

# प्लॉट बेचने के नाम पर साढ़े 9 लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत बिनैकी क्षेत्र स्थित पीकॉक सिटी ले-आउट में प्लॉट विक्रय के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। श्रीमती किरण केशरवानी और रूपाली अग्रवाल ने बिल्डर शरद मोर एवं उसके परिवार के खिलाफ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि 17 मार्च 2025 को प्लॉट नंबर 68 के विक्रय का अनुबंध किया गया था, जिसके एवज में कुल 9 लाख 60 हजार रुपये विभिन्न माध्यमों से अदा किए गए, लेकिन अब तक जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई गई।

आवेदिकाओं के अनुसार भुगतान नगद, आरटीजीएस और बैंक चेक के जरिए किस्तों में किया गया था। इसमें पंजाब एंड सिंध बैंक से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन तथा भारतीय स्टेट बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चेक भी शामिल हैं। यह सौदा खसरा नंबर 180/1 की भूमि पर बने 800 वर्गफुट के प्लॉट के लिए किया गया था। आरोप है कि रकम लेने के बाद अब अनावेदक पक्ष न तो रजिस्ट्री कर रहा है और न ही राशि लौटाने को तैयार है।

### अन्य खरीदारों से भी लेन-देन विवाद के आरोप

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि रजिस्ट्री की मांग करने पर उन्हें धमकाया जाता है। साथ ही बिल्डर द्वारा खुद को नुकसान पहुंचाने की बात कहकर दबाव बनाने की कोशिश भी की गई। इस संबंध में 9 मई 2026 को विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दस्तावेजों की जांच में यह भी सामने आया है कि इसी प्लॉट को लेकर अन्य लोगों के साथ भी लाखों रुपये के सौदे और विवाद जुड़े हुए हैं। इनमें शारदा प्रसाद तिवारी, मनोज तिवारी और मनीष परसाई के नाम भी सामने आए हैं।

**मेडिकल सुपरस्पेशलिटी में युवक कांग्रेस का प्रदर्शन**

# स्ट्रेचर के लिए आधार कार्ड जमा कराने पर रोष

**जबलपुर।** मेडिकल सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ताक पर रखकर लागू किए गए एक अजीबोगरीब नियम के खिलाफ अब विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को स्ट्रेचर उपलब्ध कराने के एवज में आधार कार्ड जमा कराने की अनिवार्यता लागू की गई है, जिसके विरोध में जबलपुर शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सतेंद्र (सोनू) कुकरेले के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।



### ये है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले गंभीर और आपातकालीन मरीजों को वार्ड या उपचार कक्ष तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर तभी दिया जा रहा है, जब उनके परिजन अपना या मरीज का मूल आधार कार्ड काउंटर पर बंधक के रूप में जमा करते हैं। इस अव्यावहारिक व्यवस्था के कारण रोजाना अस्पताल पहुंचने वाले सैकड़ों तीमारदारों को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। कई बार गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीजों के परिजन हड़बड़ाहट में आधार कार्ड लाना भूल जाते हैं, ऐसी स्थिति में कार्ड न होने पर उन्हें स्ट्रेचर देने से मना कर दिया जाता है, जिससे इलाज में जानलेवा देरी हो रही है।

### एक ही परिसर में दो नियम क्यों?

सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता को सौंपे गए ज्ञापन में युवा कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र कुकरेले और विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह ने अस्पताल प्रशासन की दोहरी नीति पर भी तीखे सवाल उठाए। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सतेंद्र कुकरेले और विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की पुरानी मुख्य अस्पताल बिल्डिंग में स्ट्रेचर या व्हीलचेयर लेने के लिए ऐसी कोई भी शर्त या नियम लागू नहीं है। वहां आने वाले हर जरूरतमंद मरीज को तत्काल और बिना किसी रुकावट के यह सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है। ऐसे में एक ही चिकित्सा परिसर के भीतर दो अलग-अलग व्यवस्थाएं चलाना समझ से परे है और यह पूरी तरह से मरीज हितों के विपरीत है। स्ट्रेचर और व्हीलचेयर जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए आधार कार्ड जमा कराने की इस असुविधाजनक व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। अस्पताल आने वाले हर मरीज और उनके परिजनों को बिना किसी नियम या शर्त के निःशुल्क स्ट्रेचर व व्हीलचेयर मुहैया कराई जाए। इस अवसर पर अभ्युत बाजपेयी, शिशांत सिंह ठाकुर, विक्रम ठाकुर, अभिलाष उपाध्याय, आर्यन बेटियां, लकी केवट आदि उपस्थित रहे।

### त्वरित कार्रवाई का आश्वासन

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुपरस्पेशलिटी अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि इस पूरी व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए नियमों में तत्काल सुधार कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

## बिना फिटनेस बिना परमिट बसों पर की चलानी कार्यवाही

**जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में अलग-अलग स्थानों पर पुलिस द्वारा बिना फिटनेस व बिना बीमा परमिट के दौड़ रही यात्री बसों के खिलाफ लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में कल गढ़ा पुलिस ने बरगी तिलवारा मार्ग पर दौड़ रही यात्री बसों को मेडिकल कॉलेज गेट के सामने व तिलवारा रोड पर उनकी फिटनेस, परमिट व बीमा संबंधी दस्तावेजों एवं बस में सुरक्षा के लिहाज से जरूरी अग्नि समन यंत्रों की जांच की इस दौरान बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0355 को बीमा और परमिट पर चलाये जाने पर उसका चालान काटा गया पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। इसके अलावा जबलपुर से बरगी मार्ग के बीच संचालित हो रही अन्य बसों में भी पुलिस चैकिंग के दौरान अग्नि समन यंत्र नहीं होने व इमरजेंसी गेट से छेडछाड़ कर गेट के समीप अतिरिक्त सीट लगाने का जुगाड़ भी सामने आने पर बस के खिलाफ सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने पर चलानी कार्यवाही की गई। गढ़ा पुलिस की कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री पल्लवी शुक्ला, सीएसपी गढ़ा आशीष जैन व गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा मौजूद रहे।

# जीआरपी के हत्थे चढ़ा ईनामी जहरखुरानी का फरार आरोपी



**जबलपुर।** जीआरपी थाना जबलपुर पुलिस ने जहरखुरानी और चोरी के मामलों में फरार चल रहे ईनामी आरोपी शिवदेव सिंह उर्फ दीपक उर्फ केसारी को पुणे से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर द्वारा नगद ईनाम घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार सितंबर 2025 में दमोह जिले के राजपुर निवासी जितेंद्र साहू अपने परिवार के साथ नगर उटारी जा रहे थे। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर आरोपी ने उनसे मेलजोल बढ़ाकर मित्रता की और यात्रा के दौरान फरियादी तथा उसके जीजा रामप्रसाद को चने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। दोनों के बेहोश होने पर आरोपी उनके मोबाइल फोन और 9 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गया था। जांच के दौरान पहले से जेल मिर्जापुर में बंद आरोपी अजय कुमार गुप्ता और राजेश साहनी से पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने साथी एवं गिरोह के सरगना शिवदेव सिंह के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पुलिस को आरोपी के पुणे स्थित मधुवन कॉलोनी में छिपे होने की जानकारी मिलने पर टीम भेजकर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एआई प्लस कंपनी का मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 8 हजार रुपए बताई गई है, बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने शक्तिपुंज एक्सप्रेस में एक अन्य यात्री नेजाबुद्दीन अंसारी को भी नशीला पदार्थ खिलाकर मोबाइल चोरी करने तथा मोबाइल के जरिए 1.67 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करने की वारदात कबूल की है। पुलिस अन्य मामलों के खुलासे के लिए आरोपी का रिमांड लेकर पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, सतेंद्र सिंह, साइबर शाखा के सागर उपाध्याय, आरक्षक रविकांत रजक, परशुराम यादव, गोपाल सिंह एवं ओमप्रकाश बघेल की विशेष भूमिका रही। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर ने टीम को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## कार की टक्कर लगने से दंपत्ति घायल

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्र में गत सुबह तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चलाने के कारण एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। ग्राम मिरगा से भिड़की के बीच मार्वल फैक्ट्री के पास एक काले रंग की कार ने सामने से आकर डस्टर कार को कट मार दिया, जिससे डस्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में डस्टर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पत्नी को मेडिकल कॉलेज जबलपुर से रेफर कर जैन नर्सिंगहोम धनवंतरी नगर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़ा पुरवा निवासी किसान रामकिशोर दीक्षित और उसकी पत्नी भावना दीक्षित सुबह 9 बजे अपनी फोरव्हीलर डस्टर कार क्रमांक एमपी 20 सीई 5862 से ग्राम बिजौरी से जबलपुर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही उनकी डस्टर कार ग्राम मिरगा से भिड़की के बीच मार्वल फैक्ट्री के पास पहुंची, तभी सामने से एक काले रंग की कार तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आई। आरोपी चालक ने उनकी कार में कट मारा और मौके से फरार हो गया। कट लगने से शिकायतकर्ता की कार बहक गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में रामकिशोर दीक्षित को सिर के बाएं तरफ चोटे आ गई है और सीने में अंदरूनी चोट भी बताई गई है। उनकी पत्नी भावना दीक्षित को बाएं कंधे, हाथ, नाक, चेहरे, आंख के पास, कमर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं।

**आरोपी महिला पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज**

# प्रताडऩा से तंग आकर वृद्ध ने लगाई थी फांसी

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत कूडन मोहल्ला में निवासी एक वृद्ध द्वारा गत 6 मई को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरु की तो परिजनों के बयान में यह बात सामने आई कि रेखा सक्सेना नाम की महिला वृद्ध को फोन करके कहती थी, बहू बेटे को छोड़कर हमारे साथ रहो, नहीं तो मर जाओगे। उसने अप्रैल में लड़की की शादी के दौरान भी हंगामा कर बदनाम करने की धमकी दी थी। महिला की प्रताडऩा से तंग आकर वृद्ध ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी महिला रेखा सक्सेना के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूडऩ मोहल्ला कटंगी निवासी 58 वर्षीय शिवकुमार श्रीवास्तव पिछले तीन वर्ष से बीजाडांडी जिला मंडला निवासी रेखा सक्सेना से मोबाइल फोन पर बातचीत करते रहे। रेखा सक्सेना द्वारा शिवकुमार से बार बार बोला जा रहा था कि तुम अपने लड़के एवं बहू को छोड़कर अपना कटंगी वाला मकान बेचकर मेरे साथ अपने भेड़ाघाट वाले मकान में रहो, उनसे कोई रिश्ता न रखो। यहां तक कि 21 अप्रेल को शिवकुमार की बेटी की शादी थी, रेखा द्वारा धमकी दी गई थी कि यदि तुम यदि शादी में शामिल हुये तो तुम्हारे घर आकर हंगामा कर बदनाम करूंगी। रेखा द्वारा बार बार बोला गया कि तुम फांसी लगाकर मर क्यों नहीं जाते जिस पर शिवकुमार कहता था कि तुम मुझे बार बार मरने के लिये मजबूर कर रही हो तो मर ही जाउंगा। जिसके चलते 5 मई की रात 11 बजे के लगभग शिवकुमार श्रीवास्तव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मर्ग जांच के दौरान मृतक के बेटे शिवम ने दो मोबाइल फोन दिए, जिसमें मृतक एवं रेखा सक्सेना की कॉल पर बातचीत का आडियो कॉल रिकार्डिंग थीं। कॉल रिकार्डिंग रिकार्ड से रेखा सक्सेना द्वारा शिवकुमार को कॉल कर लगातार फासी लगाकर आत्महत्या करने के लिये उकसाना एवं गाली गलौज कर धमकी की रिकार्डिंग मिली है। पुलिस ने इन तथ्यों के आधार पर रेखा सक्सेना निवासी बीजाडाण्ड़ी जिला मंडला के विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240